YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-45 ❒ गुरुवार, 13 मार्च 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




देश और देशवासियों के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना सभी युवाओं का कर्तव्य है। सक्षम युवाओं को देश के पिछड़े और वंचित वर्गों के लोगों के लिए अवश्य कार्य करना चाहिए। मुझे विश्वास है कि आप देश और समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। **द्रौपदी मुर्मु**


मोदी ने 'ग्लोबल साउथ' के लिए भारत के नये दृष्टिकोण की घोषणा की 11

उत्तराखंड में प्रगति के नए द्वार खोल रही है सौर ऊर्जा 12


## बधाई



होली के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई।

**राकेश कुमार पाण्डेय**
**चेयरमैन, कैनविज टाइम्स**

## सूचना

होली के शुभ अवसर पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 13 और 14 मार्च को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 16 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।

**प्रधान संपादक**

## संक्षेप

### दक्षिण पूर्व एशिया से 266 और भारतीय छूटकर भारत पहुंचे

**नयी दिल्ली।** दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों में फंसे 266 और भारतीयों को मंगलवार को मुक्त कराकर भारत लाया गया। इससे पहले सोमवार को इसी तरह फंसे 283 भारतीय स्वदेश लाये गये थे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सरकार ने कल 266 और भारतीयों को वायु सेना के एक विमान से स्वदेश वापसी का प्रबंध किया, ये व्यक्ति झांसा देकर दक्षिण एशिया में साइबर अपराध में लगे अड्डों पर ले जाये गये थे। बयान में कहा गया कि इसी तरह सोमवार को 283 भारतीयों को स्वदेश लाया गया था। मंत्रालय ने कहा कि म्यांमार और थाईलैंड में भारतीय दूतावास ने वहां के अधिकारियों के साथ मिलकर साइबर अपराध केन्द्रों से मुक्त कराया था और उनके सहयोग से उन्हें भारत लाया गया है।

### रक्षा मंत्रालय ने अश्विनी रडार के लिए बीईएल के साथ 2906 करोड़ रूपये का करार किया

**नयी दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के प्रयासों के तहत रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के लिए 2,906 करोड़ रुपये की लागत से लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार, एलएलटीआर (अश्विनी) की खरीद के वास्ते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), गाजियाबाद के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रडार को इलेक्ट्रॉनिक्स और रडार विकास प्रतिष्ठान, डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। इस अनुबंध पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

# पूरी दुनिया एक दिन भगवा पहनेगी : योगी

## अब मथुरा-वृंदावन का विकास करेंगे, अवसर मिले तो चूकना नहीं चाहिए

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ माफिया मुक्त प्रयागराज से हुआ पौराणिक स्थलों का कायाकल्प मुख्यमंत्री
- ❒ महाकुंभ ने बदली यूपी की छवि, सनातन धर्म को दी वैश्विक पहचान
- ❒ विपक्ष की नकारात्मकता पर सीएम योगी ने कहा- इनसे सकारात्मकता की उम्मीद बेकार है
- ❒ औरंगजेब को आदर्श मानने वालों को सीएम योगी लगाई लताड़
- ❒ संभल एक सच्चाई है, इसका 5000 साल पुराना इतिहास है : सीएम



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों के शासन में लैंड माफिया ने प्रयागराज के पौराणिक स्थलों अक्षय वट, माता सरस्वती कूप, पातालपुरी, श्रृंगवेरपुर, द्वादश माधव और भगवान बेनी माधव पर अवैध कब्जे कर लिए थे, जिससे इनकी गरिमा को गहरी चोट पहुंची। इस बार मथुरा वृंदावन की बारी है। सरकार ने इसके लिए बजट भी दिया है अब वहीं विकास कार्य होंगे। एक बार जब अवसर मिले तो चूकना नहीं चाहिए। दुनिया मेरे बारे में कुछ भी सोचे एक दिन पूरी दुनिया भगवा पहनेगी।

योगी ने कहा कि महाकुंभ के दौरान इन स्थलों को माफिया मुक्त कर उनके कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिससे श्रद्धालु अब साल भर यां दर्शन कर सकते हैं। महाकुम्भ के आयोजन ने दुनिया को भारत के सामर्थ्य और सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को दिखाया, साथ ही उत्तर प्रदेश की नकारात्मक छवि को भी बदला। पूरी दुनिया एक दिन भगवा पहनेगी।

मुख्यमंत्री बुधवार को लखनऊ के एक होटल में संघ के एक कार्यक्रम 'मंथनः कुंभ एंड बियॉन्ड विचार संगम में सवालों के जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि भरद्वाज की नगरी प्रयागराज, जो दुनिया के पहले गुरुकुल की भूमि है, पिछली सरकारों के दौर में माफियाओं के हवाले थी। अक्षय वट को गुलामी के काल में कैद कर नष्ट करने की कोशिश की गई, जिससे 500 वर्षों तक श्रद्धालु दर्शन से वंचित रहे। माता सरस्वती कूप और पातालपुरी जैसे स्थल उपेक्षित रहे, जबकि श्रृंगवेरपुर- भगवान राम और निषादराज के मैत्री स्थल- पर लैंड जिहाद के जरिए कब्जा कर लिया गया। द्वादश माधव और नागवसुकी जैसे पवित्र स्थल भी अवैध कब्जों की चपेट में थे। महाकुंभ के दौरान वहाँ नए कॉरिडोर बनाकर इन स्थलों को मुक्त कराया गया, जो हमारी पौराणिक परंपरा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मकाकुम्भ के आयोजन ने न केवल दुनिया को भारत के सामर्थ्य और सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को दिखाया, बल्कि उत्तर प्रदेश को लेकर बनी नकारात्मक धारणा को भी बदल दिया। दावा किया कि महाकुंभ के माध्यम से दोनों लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किए गए हैं। महाकुंभ ने सनातन धर्म के सच्चे और व्यापक स्वरूप को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। ● शेष पेज 11 पर

## पहले घूस देकर मिलता था गैस कनेक्शन, अब फ्री

- ❒ होली से पहले सीएम योगी ने 1.86 करोड़ परिवारों को दिया बड़ा तोहफा
- ❒ कहा, इस बार होली और रमजान एक साथ, सभी को मिलेगा इसका लाभ, सब हर्षोल्लास से मनाएं पर्व-त्योहार
- ❒ गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है डबल इंजन की सरकार
- ❒ अप्रैल से गरीब बेटियों की शादी के लिए देंगे 1-1 लाख रुपये



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के ठीक पहले बुधवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, वहीं अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। इस बार होली और रमजान एक साथ है, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। उन्होंने सभी से होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में बुधार को बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देशभर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब दो करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 के चुनाव में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। तब से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें।

मुख्यमंत्री ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25-30 हजार रुपये की घूस देनी पड़ती थी और त्योहारों पर सिलेंडर भी नहीं मिल पाते थे। यह योजना गरीब माताओं को धुएं से बचाने के लिए शुरू की गई है और इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# बलूच लड़ाकों के कब्जे में अब भी 59 बंधक

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सेना और बलूच लड़ाकों के बीच पिछले 24 घंटे से लड़ाई जारी है। पाकिस्तान सुरक्षाबलों ने 27 लड़ाकों को मार गिराया है। बलूचों से 214 बंधकों में से 155 को छुड़ा लिया है। 59 अभी भी कब्जे में हैं।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एयरफोर्स और सेना के जवान बलूच लड़ाकों को घेरे हुए हैं। विद्रोही विस्फोटक से लदे आत्मघाती जैकेट पहने हुए हैं, इससे बाकी बंधकों को रिहा कराने में मुश्किल हो रही है। वे इन्हें मानव शील्ड की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

पाकिस्तानी सरकार ने बलूचिस्तान में 200 ताबूत भेजे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ताबूत भेजने का फैसला प्रोटोकॉल के तहत लिया गया है, ताकि इमरजेंसी हालात में इनका इस्तेमाल किया जा सके। बलूच लिबरेशन आर्मी ने कल यानी मंगलवार को दोपहर 1 बजे जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया था। 30 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा भी किया। जियो न्यूज ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि नौ बोगियों में 400 से अधिक यात्रियों को लेकर यह ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी उस पर हमला हुआ। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि शेष बंधकों को बचाने के लिए सुरक्षा बल अभियान चला हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी, जिनमें से कुछ आत्मघाती जैकेट पहने हुए हैं, यात्रियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। ● शेष पेज 11 पर



- ❒ पाकिस्तानी सरकार ने 200 ताबूत भेजे, विद्रोही बम लगे जैकेट पहने, इससे रेस्क्यू में मुश्किल

### यात्रियों ने सुनाई खौफनाक आपबीती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में जिस ट्रेन को आतंकवादियों ने मंगलवार को निशाना बनाया, उसके एक यात्री मुश्ताक मोहम्मद ने आपबीती सुनाते हुए कहा कि हमले के उस खौफनाक मंजर को वह कभी भुला नहीं पाएंगे। मुश्ताक उन यात्रियों में शामिल हैं जिन्हें यात्री ट्रेन पर ब्लूच आतंकवादियों के हमले के बाद बचाया गया। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को एक सुरंग में बलूच आतंकवादियों द्वारा एक यात्री ट्रेन पर हमला किए जाने के बाद सुरक्षा बलों ने कम से कम 27 आतंकवादियों को मार गिराया और 155 यात्रियों को बचा लिया गया। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान 37 यात्री घायल हो गए और उन्हें चिकित्सकीय उपचार मुहैया कराया गया है। अधिकारियों ने ● शेष पेज 11 पर

# हरियाणा में भाजपा ने 10 में से 9 निगम जीते

एजेंसी

- ❒ कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला, हुड्डा-सैलजा गढ़ नहीं बचा सके, मानेसर में निर्दलीय मेयर
- ❒ निकाय चुनाव के नतीजों ने साबित किया कि जनता विकास के साथ : सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को शहरी निकाय चुनाव में भी जीत हासिल हुई है और कंग्रेस को झटका लगा है।

बुधवार को जारी परिणामों के अनुसार मानेसर, जहां निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे हैं, को छोड़कर नौ निगमों में भाजपा का मेयर बना है। कंग्रेस का गढ़ माने जाने वाले रोहतक में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। नतीजों के अनुसार गुरुग्राम से राज रानी, फरीदाबाद से प्रवीण जोशी, हिसार से प्रवीण पोपली, रोहतक से राम अवतार वाल्मीकि, करनाल से रेनू बाला, अंबाला से शैलजा सतबाला, यमुनानगर से सुमन, सोनीपत से राजीव जैन और पानीपत से कोणाल सैनी विजयी रहे हैं। यह सभी भाजपा प्रत्याशी हैं। मानेसर से निर्दलीय इंद्रजीत यादव ने जीत हासिल की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को विधान सभा में स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज के नतीजों ने यह साबित कर दिया कि हरियाणा की जनता विकास, पारदर्शिता और सुशासन के साथ है। श्री सैनी ने कहा कि इन चुनावों में जनता ने बड़े बहुमत के साथ प्रदेश के नॉनस्टॉप विकास के लिए शहरों को बुधवार को 'तीसरा इंजन' दिया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने ● शेष पेज 11 पर






# संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई होगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- ❒ हाईकोर्ट ने कहा- सिर्फ बाहरी दीवारों पर रंग-रोगन करें, ढांचे को नुकसान न हो
- ❒ एएसआई ने माना वर्षों तक मस्जिद कमेटी कराती रही सफ़ेदी, लाइटिंग कीलों से दीवार हुई क्षतिग्रस्त

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को सम्भल जामा मस्जिद की क्षतिग्रस्त बाहरी दीवाल की एक हफ्ते में सफ़ेदी कराने का निर्देश दिया है। कहा है कि अब दीवाल में अतिरिक्त लाइटिंग नहीं की जायेगी। इससे निर्माण को क्षति पहुंच सकती है। हाईकोर्ट ने कहा एएसआई दीवाल पर बाहरी ओर से सजावट के लिए फोकस लाइट व एलईडी लाइट का इस्तेमाल कर सकती है। इसमें लगने वाला खर्च मस्जिद कमेटी देगी, जिसकी भरपाई एएसआई एक हफ्ते में करेगी।

कोर्ट ने कहा जरूरी जगहों पर सफ़ेदी का काम एक हफ्ते में पूरा किया जाय। इसी के साथ सफ़ेदी वलाइटिंग की मांग में दाखिल अर्जी कोर्ट ने निस्तारित कर दी है। याचिका की अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी। प्रबंध समिति जामा मस्जिद सम्भल के याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल कर रहे हैं। एएसआई व याची की तरफ से पूरक हलफनामे दाखिल किए गए। एएसआई ने स्वीकार किया कि मस्जिद कमेटी ने कई सालों तक विवादित मस्जिद की सफ़ेदी कराई है। जिसके कारण कई लेयर लग गई है। राष्ट्रीय धरोहर घोषित भवन का मूल स्वरूप कायम रखना जरूरी है। यह भी कहा कि लाइटिंग लगाने से दीवाल कीलों के कारण कई जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

कोर्ट ने एएसआई से मस्जिद कमेटी के हलफनामे पर जवाब मांगा था, किन्तु अधिकारियों ने उचित जवाब नहीं दिया। रमजान में सफ़ेदी की मांग का खंडन नहीं किया। इसलिए एएसआई एक हफ्ते में जरुरी जगहों पर सफ़ेदी कराये। कोर्ट ने कहा कि 1927 को सरकार व मस्जिद मुतवल्ली के बीच हुए करार के तहत विवादित मस्जिद के रखरखाव की जिम्मेदारी एएसआई की है। पिछले कई वर्षों से कमेटी सफ़ेदी करा रही है। अधिकारी अपना दायित्व नहीं निभा रहे थे। कोर्ट ने महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र से पूछा यदि कमेटी द्वारा करार का उल्लंघन किया गया तो सरकार व एएसआई ने करार निरस्त करने की कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। मामला अति संवेदनशील है। कोर्ट ने कहा कि राज्य ने करार किया था तो उल्लंघन पर कमेटी को नोटिस देकर वह कार्रवाई कर सकती थी। हालांकि एएसआई अधिवक्ता ने कहा 2018 मे ● शेष पेज 11 पर




# लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर हर जनपद में बनेगा इंप्लाईमेंट जोनः मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता/एजेंसी

❒ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1001 जोड़ों के विवाह में शामिल हुए सीएम योगी

❒ मुख्यमंत्री ने नवदंपती पर की पुष्पवर्षा, पांच नवदंपती को दिया प्रमाण पत्र व उपहार

जौनपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर हर जनपद में इंप्लाईमेंट जोन बनेगा। हर व्यक्ति को स्किल डवलपमेंट, रोजगार, सम्मानजनक कार्य मिल सके, यहां इसके लिए निरंतर प्रयास होंगे। 100 एकड़ के क्षेत्रफल में ट्रेनिंग के साथ प्लेसमेंट, करियर काउंसिलिंग के कार्यक्रम प्रारंभ होते दिखाई देंगे। जौनपुर इस कार्यक्रम के लिए अभी से तैयारी करे, जिससे स्थानीय युवाओं को बाहर जाने के लिए मजबूर न होना पड़े।

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को शाही किला में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के तहत 1001 जोड़ों के विवाह में शामिल हुए। सीएम ने नवदंपतियों पर पुष्पवर्षा भी की। उन्होंने जौनपुर महोत्सव के प्रतिभागी कलाकारों का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह का कार्यक्रम पीएम मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' के भाव को नई ऊंचाई प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विकास की कोई सीमा नहीं हो सकती। यह हर मनुष्य की आवश्यकता के अनुरूप और उनके जीवन में उत्साह व उमंग का भाव पैदा करने वाला होना चाहिए। डबल इंजन सरकार इसी भाव से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ गरीब, गांव, किसान, युवा, महिला समेत समाज के प्रत्येक तबके को उपलब्ध कराती है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि कार्यक्रम लोकमंगल के भाव के साथ समाज के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम है। 'जहां कोई नहीं, वहां सरकार आपके साथ' के भाव के साथ कार्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है।

सीएम योगी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सफलता की कहानी सुनाई। बताया कि जब इस योजना को प्रारंभ किया तो लोग हंसते थे कि यह गरीब का अपमान है। पहले 35 हजार की राशि रखी गई थी, एक वर्ष में एक लाख शादी हो गई। वहीं मार्च 2025 तक प्रदेश में चार लाख शादी संपन्न हो चुकी है। इससे प्रतीत होता है कि यह समाज की आवश्यकता थी। दहेज के अभाव में कोई बेटी अविवाहित न रह जाए। सरकार जिम्मेदारी लेगी कि बेटी का कन्यादान करेंगे और परिवार के साथ संबल बनकर खड़े रहेंगे। जब सरकार का यह भाव होता है तो परिवार आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर होता है। सीएम ने आठ वर्ष में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को भी गिनाया। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर लगी प्रदर्शनी की तारीफ की। बोले कि यहां की इमरती भी जीआई टैग हो गई। इसे भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में मान्यता मिलेगी और इसका एक्सपोर्ट होगा। यह देश के बाजार में यह छा जाएगी। प्रयास होना चाहिए कि किसी को उपहार स्वरूप यहां की इमरती ही दी जाए। उसकी मिठास जीवन में हमेशा घुली रहेगी। इत्र दीजिए,



उसकी सुगंध लोगों को जौनपुर के साथ जोड़ेगी और जनपद को नई पहचान दिलाएगी। सीएम योगी ने कहा कि जौनपुर को स्मार्ट सिटी बनाने जा रहे हैं। शहर के अंदर की सभी सड़कों, ड्रेनेज, बिजली के झूलते तारों की समस्या का एक झटके में समाधान होगा। सीएम ने गोमती तट पर बने घाटों व सड़कों की तारीफ की। बोले कि जौनपुर अब विकास में पीछे नहीं रहने वाला है। जाफराबाद- जौनपुर में फ्लाईओवर, जौनपुर से जफराबाद सुल्तानपुर लखनऊ रेल सेक्शन के जौनपुर सिटी के उत्तर में समपार फाटक पर फ्लाईओवर, जौनपुर-अकबरपुर मार्ग को नेशनल हाईवे के फोरलेन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसके लिए 216 करोड़ रुपये और दोनों उपरिगामी सेतु के लिए 169 करोड़ व 92 करोड़ रुपये की स्वीकृति पहले दी जा चुकी है। जौनपुर-मीरजापुर मार्ग (विंध्यवासिनी धाम) से जोड़ने का कार्य भी सरकार ले रही है। मुगरा-बादशाहपुर में बाईपास निर्माण को भी सरकार तेजी से बढ़ा रही है। सरकार ने जौनपुर में 17 पुल स्वीकृत किए हैं। सरकार जौनपुर की कनेक्टिविटी को बेहतर कर रही है। सेतु भी दो स्थानों को जोड़ रहा है तो सामूहिक विवाह की योजना दो परिवारों को अटूट संबंध में जोड़ने का कार्य कर रही है। सीएम ने जौनपुर के नागरिकों के प्रति आभार प्रकट किया। बोले-हर बड़े आयोजन में सबकी सामूहिक जिम्मेदारी होती है। मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुम्भ में जब भीड़ बढ़ रही थी तो जौनपुर जनपद में 40 हजार बसों समेत सबके भोजन की व्यवस्था की गई। जिला-पुलिस प्रशासन, बेसिक शिक्षा परिषद के रसोइए, नगर निकाय धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने अतिथि सत्कार का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया और महाकुम्भ की सफलता में संबल बने। सीएम ने कहा कि हम बोलते थे कि 40 करोड़ लोग आएंगे तो लोग हंसते थे, लेकिन आए 66.30 करोड़ श्रद्धालु। इन लोगों ने पहले दिन से नकारात्मकता फैलाने की मुहिम चलाई थी। इनकी दृष्टि से गंदगी से भरी रहती है। जो लोग सिर तक गंदगी से सने हुए हैं, उनसे अच्छाई की उम्मीद करना दुस्वप्न था। जब टीम के लोग कहते थे कि यह नकारात्मकता पैदा कर रहे हैं, तब मैं कहता था कि इनकी नकारात्मकता ही आयोजन की सफलता में सहायक बनेगी। 100 देशों के श्रद्धालु महाकुम्भ में शामिल हुए और यह मानवता के समागम का सबसे बड़ा समारोह बन गया। इस पर्व ने प्रयागराज व प्रदेश को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के भाव से जोड़ने का कार्य किया। आस्था का सम्मान हुआ तो आजीविका बढ़ती हुई दिखी। यूपी की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि जौनपुर में बाबू उमानाथ सिंह मेडिकल कॉलेज, टीडी कॉलेज, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय है। जौनपुर ने जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य, वैज्ञानिक प्रो. लाल जी सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. कीर्ति सिंह, यादवेंद्र दत्त द्विवेदी, वासुदेव चतुर्वेदी, मोहम्मद जौनपुरी और रवि किशन दिया है। उन्हें गोरखपुर से दूसरी बार सांसद बना दिया गया। कला का सम्मान होना चाहिए। कला समाज को रचनात्मक गति और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। जौनपुर महोत्सव में एक हजार से अधिक कलाकारों को मंच मिला। स्थानीय कलाकारों ने अपनी विधा के माध्यम से लोककला को आगे बढ़ाया।

# रालोद महासचिव ने पत्रकार राघवेंद्र के परिजनों से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बुधवार को महोली में दैनिक जागरण के दिवंगत पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के पिता महेंद्र कुमार बाजपेई और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव मदद करने का ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल पत्रकार राघवेंद्र के परिवार के साथ हैं और हम सरकार से मदद दिलाएंगे।

उनके परिजनों से मुलाकात के बाद सीतापुर में पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर हत्यारों को कड़ा दंड दिलाया जाएगा। श्री दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद संवेदनशील हैं और अपराधियों को लेकर उनका रुख कड़ा है। उन्होंने कहा कि इस मामले को रालोद



मुखिया चौधरी जयंत सिंह ने भी गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि रालोद प्रदेश महासचिव आर पी सिंह चौहान और जिला इकाई को पत्रकार राघवेंद्र के परिजनों से संपर्क में रहने के लिए निर्देशित किया गया है। श्री दुबे ने बताया कि राघवेंद्र बाजपेई के परिजनों की मांग है कि प्रकरण का सही खुलासा हो और किसी निर्दोष को फंसाया न जाय जो हत्यारे हैं उनको कठोर दंड मिले और राघवेंद्र की पत्नी को योग्यतानुसार कहीं समायोजित किया जाए। इस संबंध में हम उच्चाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। हम मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के परिजनों की आर्थिक मदद की जाय। इस दौरान रालोद प्रदेश सचिव अफसर अली, उमा शंकर बाजपेई, सत्य प्रकाश तिवारी, शाहरुख अंसारी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, लक्ष्मी मिश्रा, आदित्य जायसवाल, राज कुमार मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

# होली पर पूरे प्रदेश में होगी 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने समीक्षा बैठक के दौरान दिए आदेश बोले, गलत काम में शामिल बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ हो एफआईआर

लखनऊ। होली के अवसर पर पूरे प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को इसके आदेश दिए। त्योहार पर सभी को अनवरत बिजली मिले, इसके लिए बिजली कर्मचारी अभी से सजग और सचते रहें। कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मियों को लेकर भी अभी से तैयारी शुरू कर दी जाए। आदेश दिए हैं कि गलत कामों में शामिल बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तो हो ही, उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करवाई जाए।

मंत्री ने कहा कि अगर कहीं आपूर्ति प्रभावित हो तो उसे फौरन शुरू करने के लिए ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था उपलब्ध रहे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री ने सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव लें और उन पर अमल करें। मंत्री ने कहा कि गर्मियों में भी उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना न करना पड़े, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। बिजली आपूर्ति बाधित न हो। विद्युत तंत्र को लेकर जो भी कमियां हो उसे शीघ्र ही दुरुस्त कर लिया जाए। अभी से सभी ट्रांसफॉर्मरों में तेल की कमी और अर्थिंग की समस्या को दूर कर लें। जहां कहीं पर भी जर्जर पोल, केबल अभी हो, उसे शीघ्र बदला जाए।

बिजली व्यवस्था के सुधार के और सुदृढ़ीकरण के लिए 16 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के काम आरडीएसएस योजना के तहत करवाए गए हैं। बिजनेस प्लान से भी खर्च किया गया है। अगर इसके बाद भी बिजली आपूर्ति को लेकर शिकायतें आएं तो यह बिजली कर्मचारियों के काम में लापरवाही के अलावा कुछ और नहीं है।



मंत्री ने आदेश दिए हैं कि जिन क्षेत्रों में 70-80% लाइन लॉस है, वहां पर काम करने वाले कर्मचारियों की लगातार मॉनीटरिंग की जाए। अगर गर्मियों में 100 केवीए के ऊपर के ट्रांसफॉर्मर जलेंगे तो संबंधित कर्मचारियों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों को कनेक्शन देने में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं के बीच 1912 नंबर को प्रसारित किया जाए, जिसपर वे शिकायत दर्ज करा सकें।

पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि जिन फीडरों पर ज्यादा चोरी है, उनके नाम हर उपकेंद्र पर लगाए जाएंगे। उपभोक्ताओं को बताया जाए कि चोरी की परेशानी उन्हीं उपभोक्ताओं को झेलनी होगी जो बिजली चोरी में लिप्त नहीं हैं। ट्रांसफॉर्मर फुंकने पर अधीक्षण और मुख्य अभियंताओं पर कार्रवाई होगी। जिस फीडर पर 80% से ज्यादा लाइन हानियां हैं, वहां लाइनमैन को बर्खास्त किया जाए। उपभोक्त कनेक्शन का लोड बढ़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। शक्ति भवन में निदेशक स्तर का अधिकारी रोज दो घंटे उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करवाएंगे।

## संघ ने साकेत निलयम में मनाया होलिकोत्सव

**अयोध्या।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर की ओर से साकेत निलयम संघ कार्यालय में बुधवार की संध्या में होलिकोत्सव पर पुष्पों की होली का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने पुष्पों की होली खेली। विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा गायन व नृत्य का आयोजन आकर्षण के केन्द्र रहे। इस अवसर पर रामनगरी के प्रमुख, संत, महंत, धर्माचार्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा हम सभी सभी उत्सव संस्कारवान रुप से अपने गली, मोहल्ले, नगर में समिति बना कर होलिकोत्सव मानना चाहिए। भारत का प्राचीनतम त्योहार होली हिन्दू धर्म का मुख्य पर्व है। इस पर्व की गरिमा बनाये रखने का संदेश देने के उद्देश्य से कई वर्षों से रंगोत्सव को ऐसे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया रहा।इस अवसर पर अयोध्या विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र , महानगर प्रचारक सुदीप ,विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र सिंह पंकज, अवध प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह,बावन मंदिर महंत वैदेही शरण, महंत श्याम सुन्दर दास, महंत संजीव दास, महंत सन्त कुमार दास, नगर निगम महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, संघ महानगर कार्यवाह देवेंद्र, सह कार्यवाह राहुल, महंत जय राम दास उपस्थित रहे।

## काम पूरा नहीं और दे दिया पूरा होने का प्रमाणपत्र, हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी से किया जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पम्प की पुनः बोरिंग काम पूरा हुए बगैर ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा काम पूरा होने का झूठा प्रमाणपत्र जारी करने पर जिलाधिकारी शाहजहांपुर से जवाब मांगा है। पूछा है कि ग्राम पंचायत अधिकारी एक सरकारी सेवक है। जिसने झूठा प्रमाणपत्र जारी कर गम्भीर कदाचार किया है। उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। अनुशासनात्मक कार्रवाई कर दंडित क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने याची ठेकेदार के खिलाफ जारी नुकसान की वसूली कार्रवाई पर रोक लगा दी है और याचिका को सुनवाई हेतु 11 अप्रैल को पेश करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान ने दिलप्रीत सिंह की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याची अधिवक्ता का कहना है कि याची के खिलाफ पम्प की पुनः बोरिंग का काम पूरा न करने की रिपोर्ट के आधार पर नुकसान की वसूली कार्रवाई की जा रही है। जबकि ग्राम पंचायत अधिकारी ने काम पूरा होने का प्रमाणपत्र जारी किया है। जो अभी तक निरस्त नहीं किया गया है। जब तक काम पूरा होने का प्रमाणपत्र है उससे नुकसान की वसूली नहीं की जा सकती। जिस पर कोर्ट ने 26 अक्टूबर 24 की वसूली नोटिस पर रोक लगाते हुए जिलाधिकारी से जवाब मांगा है।

## प्रयागराज में दो पशु तस्कर गिरफ्तार, 12 भैंस बरामद

**प्रयागराज।** नवाबगंज थाने की पुलिस टीम ने बुधवार को पशुओं की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने तस्करों के कब्जे से 10भैंस एवं दो भैंसा बरामद किया है और एक ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित में कौशाम्बी जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के ननमई गांव निवासी अब्दुल सफी पुत्र अब्दुल गनी और बिहार के रोहतास जनपद के नासरीगंज गांव व थाना निवासी मोहम्मद फिरोज पुत्र अब्दुल गनी है। दोनों के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की गई।

## यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न, 19 से मूल्यांकन शुरू

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं आज सम्पन्न हो गयी। डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि जिले के हाईस्कूल और इंटर की लिखित परीक्षा 28 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चली। अब 19 मार्च से कापियों का मूल्यांकन शुरू होगा। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा के लिए कुल 335 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिस पर 335 केंद्र व्यवस्थापक और 335 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं 335 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई थी। परीक्षा की सघन निगरानी के लिए तहसील स्तर पर आठ, जोनल पर 8 एवं 35 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। डीआईओएस ने बताया कि इस वर्ष परिषदीय परीक्षा की हाईस्कूल में कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 92,941 और इंटर में 1,09,360 अर्थात कुल परीक्षार्थियों की संख्या 2,02,301 थी। जिसके सापेक्ष हाईस्कूल में 91.9 प्रतिशत और इंटर में लगभग 93.6 फीसदी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर पर परीक्षा के समय निगरानी के लिए 9 और मण्डल स्तर पर 4 दल का गठन किया गया था। निरंतर परीक्षा केन्द्रों की निगरानी की जा रही थी।

# तीर्थों से समाज को प्राण शक्ति मिलती है : चंपत राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ राम मंदिर से हिन्दुओं का सम्मान वापस आया

❒ टूरिज्म में एक डेस्क तीर्थाटन की होनी चाहिए

लखनऊ। विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कहा कि भारत तीर्थों का देश है। तीर्थों से समाज को प्राण शक्ति मिलती है। तीर्थ त्योहार भारत के अंतरमन को दर्शा?ते हैं। महाकुंभ जैसे आयोजन समाज को विखण्डित करने वाली शक्तियों को भी भारत का दर्शन कराते हैं। वे बुधवार को यहां एक होटल में पांचजन्य की ओर से आयोजित मंथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

चंपत राय ने कहा कि टूरिज्म विभाग में एक डेस्क तीर्थाटन की होनी चाहिए। पर्यटन व तीर्थाटन दोनों अलग-अलग चीजें हैं। वैष्णोदेवी, अमरनाथ यात्रा, शबरीमाला एवं हरिद्वार में लोग तीर्थाटन के लिए जाते हैं। पर्यटन के लिए नैनीताल एवं गोवा जाते हैं। पर्यटन एवं तीर्थाटन पर जाने से ह्रदय व मस्तिष्क पर अलग-अलग विचार आते हैं। तीर्थाटन सद्गुणों का विकास करता है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज कितना धैर्यवान है। यह महाकुंभ के दौरान देखने को मिला। कई किलोमीटर पैदल चलने के बावजूद गंगा में डुबकी लगाने के बाद सारे कष्ट भूल जाते थे। चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। हिन्दुस्थान के सम्मान व स्वाभिमान के मंदिर को लोगों ने आत्मा से जोड़ा। हिन्दुओं का जो सम्मान गया था वह वापस आया। महाकुंभ के दौरान प्रतिदिन 4 से 5 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या आ रहे थे। उन्होंने बताया कि 1989 के कुंभ से हमारा संबंध रहा है। प्रत्येक कुंभ में बसंत पंचमी के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से कमी आती थी। इस बार बसंत पंचमी के बाद बढ़ती संख्या देखकर आश्चर्य हुआ। सरकार की व्यवस्था व उसकी जानकारी का परिणाम हुआ जिसके कारण देश के सभी हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ में आए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री तीर्थों के विकास का परिणाम सरकार पर भी हुआ है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बिजली बिल एवं जीएसटी के रूप में करीब 400 करोड़ रुपये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से सरकार के खाते में गया है। भारत एवं उत्तर प्रदेश की सरकार ने इसके महत्व को समझा एवं योग्य लोगों को इस काम में लगाया। पहले एक मेले की गंदगी दूसरे मेले में साफ होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

# बदायूं में पुत्र ने की थी किसान की हत्या

एजेंसी

बदायूं। उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के बिल्सी क्षेत्र में चार दिन पूर्व पोल्ट्री फार्म में सो रहे किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र को गिरफ्तार किया है।

पुलिस का दावा है कि किसान की हत्या उसके बेटे ने ही की थी। वह तीन महीने तक पिता को मारने की साजिश रचता रहा और फिर एक दिन गोली मारकर खुद ही हत्या की एफआईआर लिखाने थाने चला गया। बेटे की इस साजिश में उसके बहनोई और एक दोस्त ने भी साथ दिया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आठ मार्च को बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव जरसैनी में मुर्गी फार्म पर सो रहे किसान रामपाल की हत्या गोली मारकर कर दी गई थी। रामपाल सम्भल जिले के धनारी थाना क्षेत्र के गांव खाजरा छपरा के मूल निवासी थे तथा कुछ साल पहले अपनी बहन की जसैरनी स्थित ससुराल में आकर रहने लगे थे। यहां उन्होंने मुर्गी फार्म खोल लिया था। उनकी हत्या की रिपोर्ट उनके बेटे महावीर उर्फ मुकेश ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब इस मामले की जांच की तो शक की सुई महावीर की तरफ ही घूम गई। इसके बाद पुलिस ने उसके मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली व उससे पूछताछ की। कड़ी पूछताछ के बाद महावीर ने अपने पिता की हत्या करना स्वीकार किया। महावीर ने पुलिस को बताया कि पिता की हत्या में उसका दोस्त लालू निवासी ग्राम कुवरगांव थाना उसहैत भी शामिल था। तमंचा, कारतूस और बाइक उसके बहनोई रामकिशोर निवासी ग्राम दुधाई नंगला थाना उसहैत ने उपलब्ध कराए थे। अपर पुलिस अधीक्षक देहात क्षेत्र ने आज मामले का खुलासा करते हुए हत्या की वजह बतायी। एसपी (ग्रामीण क्षेत्र) केके सरोज ने बताया कि सम्भल जिले के धनारी थाना क्षेत्र के गांव खाजरा छपरा निवासी रामपाल (50) की आठ मार्च की देर रात दो गोली मारकर किसी ने हत्या कर दी थी।

# छात्रों की डिजिटल अर्थव्यवस्था में उज्जवल भविष्य का काम करेगा सीएसजेएमयू व एडुटेक मध्य एमओयू : कुलपति

एजेंसी

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय एवं एल एंड टी एडुटेक के मध्य एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) सिग्नेचर किया गया है। विश्वविद्यालय के छात्रों को उत्तम अकादमी क्रेडिट अर्जित करने एवं उनके डिजिटल अर्थव्यवस्था में उज्जवल भविष्य का काम यह एमओयू करेगा। यह जानकारी बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने दी।

कुलपति ने बताया कि छात्रों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए, उनको तैयार करने के लिए सीएसजेएमयू विवि ने एल एंड टी एडुटेक द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण और सर्टिफिकेट कोर्सेज का मार्ग प्रशस्त करते हुए भारत की अग्रणी कंस्ट्रक्शन कंपनी एल एंड टी लिमिटेड के एजुटेक के साथ एमओयू साइन किया है ।



विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट के छात्रों को एमर्जिंग टेक्नोलॉजी पर कार्यकुशल एवं जॉब रेडी बनाने के लिए विश्वविद्यालय के छात्रों को उत्तम अकादमी क्रेडिट अर्जित करने एवं उनके डिजिटल अर्थव्यवस्था में उज्जवल भविष्य को देखते हुए, उनको तैयार करने के लिए सीएसजेएमयू विवि ने एल एंड टी एडुटेक द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण और सर्टिफिकेट कोर्सेज का मार्ग प्रशस्त किया है।

कुलपति ने घोषणा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उद्योग की जरूरतों को समझने और विद्यार्थियों को सिखाने के उद्देश्य से, काम के माहौल में परिवर्तन के मार्ग को सक्षम करने के लिए दुनिया में उद्योग के अग्रणी संगठनों के साथ मिलकर काम करता है। एल एंड टी एजुटेक की मदद से छात्रों को ऑनलाइन कोर्सेज की मदद से आने वाली नई टेक्नोलॉजी के बारे में सीखने का मौका मिलेगा तथा अकेडमी एवं कॉर्पोरेट के अंतर को सफलतापूर्वक खत्म किया जा सकेगा। प्रो. पाठक ने बताया कि इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट के छात्र एमर्जिंग टेक्नोलॉजी पर ऑनलाइन कोर्सेज करके सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। इस मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के दौरान, एल । टी एजुटेक की तरफ से संजीव शर्मा (हेड, डोमेस्टिक मार्केटिंग नेटवर्क), पराग जैन (ब्रांच मैनेजर, लखनऊ), उपेंद्र कैसर (एडमिन एंड एच आर, लखनऊ) एवं विश्वविद्यालय की तरफ से प्रो. बृष्टि मित्रा (अधिष्ठाता-अकादमिक एवं निदेशक-यूआईईटी), प्रो. सुधांशु पांडिया (अधिष्ठाता इंटरनेशनल रिलेशन्स), प्रो. रॉबिन्स पोरवाल (विभागाध्यक्ष-कंप्यूटर एप्लीकेशन) और डॉ. आलोक कुमार (विभागाध्यक्ष-कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) उपस्थित रहे। एल । टी के संजीव शर्मा एवं पराग जैन ने बताया कि यह ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्सेज, कानपुर विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों को अपना प्रौद्योगिकी करियर शुरू करने और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों से परिचय कराने में मदद कर सकती है क्योंकि यहां के छात्र अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करते हैं।

# भोजपुरीसमाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय को भोजपुरीसमाज के तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अखिल भारतीय भोजपुरीसमाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मॉरीशस की यात्रा पर पर खुशी जाहिर करते हुए नरेंद्र मोदी जी को मॉरीशस के प्रधान मंत्री नवीन रामगुलाम के द्वारा मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान नरेंद्र मोदी को देने पर मॉरीशस के प्रधान मंत्री को भोजपुरीसमाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय एवं भारत के समस्त भोजपुरीसमाज के तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किए गया नरेंद्र मोदी जी के मॉरीशस जा कर भोजपुरी मे सम्बोधन मॉरीशस के लोगो में आपार उत्साह हुआ है और भारत एवं मॉरीशस दोनो देशो के सम्बन्ध और मजबूत होगे तथा भारत महाशक्ति के रूप मे बने मोदी जी के प्रयास सफल होगा। लगभग 200 वर्ष पहले गिरमिटिया मजदूर बन कर गये भोजपुरी भाषी लोग मॉरीशस, सूरीनाम, ग्याना,फिजी आदि देशो में कठिन परिश्रम करके सांसद, विधायक मंत्री प्रधान मंत्री और राष्ट्रपति बने यह भोजपुरीसमाज के लिए गर्व की अनुभूति है। अखिल भारतीय भोजपुरीसमाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने वर्ष 2004 से 2012 के बीच मॉरीशस के प्रधान मंत्री सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को अखिल भारतीय भोजपुरीसमाज के कार्यक्रम के आमंत्रण पर लखनऊ आये।

उसके बाद राष्ट्रपति के रूप मे भी कईबार आये। मॉरीशस को लुभाने के रूप मे जाना जाता है। मॉरीशस मे लगभग 75%लोग भोजपुरीसमाज के है और अपनी संस्कृत और सभ्यता को अक्षुण रखे है।

# बीकेटी में ज्वैलरी लूटने के विरोध पर हुई थी वृद्धा की हत्या, हुआ खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत बीते दिनों गायब वृद्ध महिला रजाना गौतम(65) निवासी मामपुर बीकेटी का शव उसके गांव के समीप सागौन की बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था,जिसका खुलासा पुलिस ने बुधवार को थाना पर प्रेसवार्ता में दिया।सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी अनमोल मुकुट ने बताया कि आरोपी ने वृद्धा की ज्वैलरी लूटने के बाद हत्या कर उसके पर्स को वही पर फेंककर निकल गया था।वही शव मिलने के बाद वृद्धा की फ़ुफ़ेरी बहू लक्ष्मी ने दूर के भतीजे पर हत्या करने का आरोप लगाया था,जिसके बाद मृतक के भतीजे सहित अन्य कई संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया था,लेकिन कोई हल नही निकला था। जिसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और बीटीएस सिस्टम की मदद से पुलिस ने घटना के समय मौजूद एक मोबाइल नेटवर्क को ट्रैक किया। और मामपुर गांव निवासी तेजबहादुर उर्फ तेजा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया तो आरोपी ने हत्या कर ज्वैलरी लूटने का जुर्म कबूल किया।जिसके बाद हत्यारे के पास से वृद्धा की लूटी 162 ग्राम की चांदी की पायल बरामद कर बुधवार को पुलिस की क्राइम ब्रांच,क्राइम सर्विलांस टीम डीसीपी उत्तरी व थाना बीकेटी की संयुक्त टीम द्वारा रजाना हत्याकांड का सफ़ल अनावरण कर हत्यारे को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था।

# लखनऊ : स्कूल कालेज में नन्हे मुन्नों से लेकर नौजवानों ने खेली गुलाल होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ में स्कूल कालेज में नन्हे मुन्नों से लेकर नौजवान छात्र छात्राओं ने गुलाल अबीर लगाकर होली खेला और छुट्टी से पहले एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। स्कूलों के बच्चों ने परिसर के बाहर सड़क पर सुर्ख गुलाल से होली खेला तो वहीं पार्कों में बड़ी संख्या में स्कूल ड्रेस में बच्चें एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए मिले। नेशनल कालेज के बाहर छात्र छात्राओं ने जमकर अबीर गुलाल उड़ायें और हैप्पी होली चिल्लाते हुए एक दूसरे को पर्व की शुभकामना दीं। छात्राओं काजल एवं मनीषा ने कहा कि अब हम सभी दोस्त होली के बाद मिलेगें। इसके लिए आज ही होली खेल लिया गया है। होली में गुलाल का उपयोग कर उत्साह को बांटा गया है।

सीतापुर रोड स्थित एस.आर. ग्लोबल स्कूल में एमएलसी पवन सिंह चौहान ने छात्र छात्राओं के मध्य पहुंचकर होली उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता की। पवन सिंह चौहान ने कालेज के बच्चों संग हर्बल गुलाल से होली खेला और रंगोत्सव के महापर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाने की छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दिया।

रेडियंस किड्स इंटरनेशनल प्राइमरी स्कूल में आयोजित होली मिलन समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता सुधीर हलवासिया पहुंचे। सुधीर हलवासिया ने नन्हे मुन्नों की पेंटिंग देखी और उन्हें गुलाल लगाकर होली पर्व के बारे में बताया। बच्चों को उपहार भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं दी। सुधीर हलवासिया स्वयं भी बच्चों के साथ घुलमिल कर बच्चे हो गये।

शिया पीजी कालेज में एनसीसी से जुड़े छात्र छात्राओं ने होली खेली। होली खेलते हुए छात्र छात्राओं को एनसीसी इंचार्ज अजीत सिंह ने अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए होली के महत्व के बारे में बताया। छात्र छात्राओं ने अपने इंचार्ज को भी अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई अर्पित किया।

शहर में विभिन्न स्कूलों से अबीर गुलाल रंगे हुए निकले छात्राओं एवं छात्रों ने एक दूसरे के साथ सेल्फी भी खींची। नगर निगम के पार्कों में स्कूली छात्राओं ने अबीर से होली खेलते हुए वीडियो भी बनायी। एक दूसरे को गुझिया खिलाकर एक बार ?फिर से होली में मिलने का वायदा किया।

# ठाकुरगंज पुलिस ने दो शातिर नकबजन दबोचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ ठाकुरगंज। राजधानी में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में ठाकुरगंज पुलिस ने दो शातिर नकबजनों–मुन्ना बाबू उर्फ सोनू (19) और तालिब (20)–को गिरफ्तार कर लाखों के जेवरात, नकदी और चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के अनुसार, ये दोनों ठाकुरगंज क्षेत्र में हाल ही में हुई कई चोरी की घटनाओं में शामिल थे। लेकिन यह सवाल अब भी बना हुआ है कि क्या केवल कुछ चोरों को पकड़ने से अपराध पर लगाम लग सकेगी? असल चुनौती उन बाहरी राज्यों से आए अपराधियों और संगठित गिरोहों तक पहुंचने की है, जो लखनऊ में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं।

**गिरफ्तारी और बरामदगी:**

कानपुर बाईपास रोड भूहर पुल के नीचे, रेलवे लाइन के पास करीब रात 1:00 बजे गिरफ्तार किया गया चोरों के पास सोने चांदी के जेवरात कीमती सामान वह एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है साथ ही साथ ताला तोड़ने वाला सब्बल भी बरामद किया गया।

**क्या पुलिस सिर्फ छोटे अपराधियों पर शिकंजा कस रही है?**

हर बार चोरी की घटना के बाद पुलिस कुछ चोरों को गिरफ्तार कर अपनी पीठ थपथपा लेती है, लेकिन लखनऊ में संगठित गिरोहों की सक्रियता पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। असम, बिहार, बंगाल और अन्य राज्यों से आए संदिग्ध अपराधियों पर पुलिस कब कार्रवाई करेगी? कई बार देखा गया है कि बाहरी राज्यों के लोग चोरी की घटनाओं में लिप्त होते हैं और वारदात को अंजाम देने के बाद शहर छोड़ देते हैं।

अपराधियों के ठिकाने पर क्यों नहीं होती सख्त जांच?

लखनऊ में कई बाहरी लोग बिना किसी सत्यापन के किराए के मकानों और झुग्गियों में रह रहे हैं। स्थानीय लोग कई बार पुलिस को इन पर संदेह जताते हैं, लेकिन उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि ये अपराधी रातों-रात चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं, और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रह जाती है।

जनता का भरोसा टूटता जा रहा है

चोरी की बढ़ती घटनाओं और बाहरी अपराधियों की संलिप्तता के बावजूद पुलिस का ढुलमुल रवैया जनता में नाराजगी पैदा कर रहा है। आखिर कब तक पुलिस सिर्फ कुछ चोरों की गिरफ्तारी करके अपराध पर नियंत्रण पाने का दिखावा करती रहेगी? क्या पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी सिर्फ चोरी के बाद रिपोर्ट दर्ज करने तक ही सीमित रह गई है?

**जरूरत सख्त कार्रवाई की**

पुलिस बाहरी राज्यों से आए संदिग्ध लोगों का गहन सत्यापन करे और अपराधी नेटवर्क पर कड़ी कार्रवाई करे। अगर समय रहते इन पर शिकंजा नहीं कसा गया तो लखनऊ जल्द ही उन शहरों में शामिल हो जाएगा जहां अपराध पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं रह जाएगा।

**पुलिस को आईना दिखाने का समय**

ठाकुरगंज पुलिस ने दो चोरों को पकड़कर अपनी जिम्मेदारी निभाने का दावा किया है, लेकिन यह नाकाफी है। जरूरत इस बात की है कि बड़े अपराधी गिरोहों पर कार्रवाई की जाए और बाहरी राज्यों से आए संदिग्ध लोगों का उचित सत्यापन हो। वरना आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

# डीपीएस एकेडमी में हर्षौल्लास के साथ बच्चों ने मनाई होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । डीपीएस एकेडमी इटौंजा लखनऊ में प्रेम,सामाजिक समरसता,भाईचारे व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली त्यौहार बड़े हर्षौल्लास के साथ मनाया गया।विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शैल सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को होली का त्यौहार शांतिपूर्ण मानने के लिए प्रेरित किया।होली के शुभ अवसर पर विद्यालय में बच्चों को होली की शुभकामना संदेश देते हुए यह बताया गया की यह त्यौहार बुराइयों को समाप्त करने का और अच्छाइयों को प्राप्त करने का त्यौहार है,यह त्यौहार प्रहलाद जी के याद में मनाया जाता है।जिस तरह प्रहलाद जी अग्नि से भी शीतलता प्राप्त किए और ईश्वर के गुणगान करते हुए प्रचंड अग्नि से भी सुरक्षित रहे उसी तरह से हम सभी को भी समाज के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए बुराइयों का त्याग करना चाहिए और सभी जाति धर्म,गरीब अमीर,छोटा बड़ा,सबसे मिलकर रहना चाहिए होली के रंग अनेकों रंगों को दर्शाता हुआ अनेकों में एक की भावना प्रकट करता है कि हम सभी लोग ईश्वर की संतान है और हमें आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए । प्रत्येक त्यौहार अपने आप में समाज को एक नई सीख देता है यह त्यौहार भी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है हम सभी को अपने अंदर की बुराइयों को होलिका दहन के रूप में नाश कर देना चाहिए।इसी के साथ विद्यालय के चेयरमैन एल.एम.पी.सिंह व प्रधानाचार्य श्रीमती मीता चक्रवर्ती के द्वारा बच्चों को गुलाल रंग का टीका लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह के साथ समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

## बिजली चोरी रोकने पहुंचे कर्मचारी को पीटा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में विद्युत चोरी रोकने पहुँचे विद्युत कर्मी की पिटाई कर दिया । पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित आशुतोष राय 33/11ङ्मफ सीजी सिटी सब स्टेशन 03 पर ट्ट्टग पद पर कार्यरत है । उन्होंने पुलिस को बताया कि 05 मार्च की रात्रि में पोल लाइट से कटिया कनेक्शन द्वारा कंस्ट्रक्शन का कार्य किया जा रहा था प्रार्थी द्वारा मना करने पर प्रार्थी को मारने पीटने की धमकी देते हुए धक्का देकर भगा दिया। पीड़ित ने यह सूचना अपने जे.ई. कुछ लोग चार पहिए मारूति अल्टो कार से आए जिनके द्वारा फोन न उठाये जाने पर जिसमें रामकरण तिवारी व सरवन कुमार यादव व दो अन्य लोगो द्वारा पावर हाऊस के अंदर आकर प्रार्थी को कैबिन से निकालकर मारा गया व जानलेवा हमला किया गया। जिसमें पीड़ित को गंभीर रूप से चोटे आई। इस संबंध में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश जारी है।

## नेत्र कुंभ में 2.3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का हुआ नेत्र परीक्षण: डॉ. प्रवीण कुमार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रयागराज महाकुंभ–2025 केवल आध्यात्मिक आस्था का संगम नहीं था, बल्कि इस दौरान आयोजित नेत्र कुंभ नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व मिसाल बन गया। नेत्र कुंभ अब तक के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान किया गया सबसे व्यापक नेत्र चिकित्सा अभियान था। इस दौरान लाखों लोगों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण और नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं गयीं। यह बातें नेत्र कुंभ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार रेड्डी ने एक पत्रिका के कार्यक्रम में कही। डॉ. रेड्डी ने बताया नेत्र कुंभ के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए 2.3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से 1.6 लाख लोगों को मुफ्त दृष्टि सुधार चश्मे प्रदान किए गए और 17,000 से अधिक लोगों को आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए रेफर किया गया। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता थी इसकी तीव्र और सटीक सेवा 65% चश्मे वहीं के वहीं ऑर्डर पर बनाए गए और 97% चश्मे आठ घंटे के भीतर वितरित कर दिए गए। रिकॉर्ड समय में, सिर्फ 18 मिनट में चश्मा वितरण का अद्भुत उदाहरण भी देखने को मिला। इस अभियान की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि नेत्र कुंभ ने एक सुव्यवस्थित रेफरल प्रणाली स्थापित की, जिसके जरिए जिन श्रद्धालुओं को विशेष इलाज की आवश्यकता थी, उन्हें देशभर के 240 से अधिक अस्पतालों से जोड़ा गया। इस प्रक्रिया में अत्याधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और संचालन दक्षता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि नेत्र कुंभ की विरासत लंबे समय तक जीवित रहेगी। यह अभियान न केवल लाखों लोगों की दृष्टि बचाने में सफल रहा, बल्कि इसने यह प्रमाणित किया कि आस्था के बड़े मंचों को सेवा और स्वास्थ्य जागरुकता के शक्तिशाली केंद्रों में बदला जा सकता है। अब नेत्र कुंभ की सफलता एक बड़े सामाजिक आंदोलन का रूप ले रही है, जिसका उद्देश्य है– रोकथाम योग्य अंधत्व मुक्त भारत का निर्माण। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया गया।

## गोबर के गुलाल से होगी गौ भक्तों की होली

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधि गौ सेवा के गौ भक्तों की होली इस बार गोबर के गुलाल से होगी। गोबर के गुलाल का निर्माण अयोध्या के गौ सेवा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेन्द्र द्वारा किया गया है। इस गुलाल को लखनऊ सहित कई जनपदों में गौ भक्तों को भेजा गया है। गौ भक्तों की होली में रंग, अबीर के साथ गोबर की गुलाल जुड़ने से यह होली स्पेशल हो गयी है। राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गोबर के गुलाल का होली पर उपयोग कर तन, मन और जीवन को पावन बनाया जा सकेगा। गोबर का गुलाल बनाने में एक माह का वक्त लगा है। इसे गौ भक्तों को उनकी मांग पर भेजा गया है। लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी रविकांत ने बताया कि गोबर के गुलाल का उपयोग सूखी होली खेलने के लिए करेगें। यह गुलाल दूसरे गुलाल जैसे ही दिखता है और इससे गुलाल की महक भी आती है। पांच रंग के गुलाल उन्होंने खरीदे हैं। होली पर गले मिलने की रस्म के वक्त इसका पूरा परिवार भरपूर उपयोग करेगा। देश में गोबर की कमी नहीं होने के कारण इसका उपयोग करने की योजना राजेन्द्र ने बनायी। गोबर के गणेश लक्ष्मी, दीपक, मूर्तियों का निर्माण करने के बाद गोबर को धूप में सुखा कर इसके महीन चूर्ण को प्राकृतिक तरीके से गुलाल के रूप में बनाया।

# प्रो0 विवेक मिश्रा बने इंडो–अफ्रीका एजुकेशन काउंसिल के उत्तर प्रदेश चैप्टर का कार्यकारी अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस गोसाईंगंज के डीन प्रोफ़ेसर विवेक मिश्रा को ब्रिज बिजनेस चैंबर्स इंडस्ट्री फ़ेडरेशन इंडो-अफ्रीका एजुकेशन काउंसिल के उत्तर प्रदेश चैप्टर का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया है। उन्हेंने विभिन्न संस्थानों को मजबूत किया है और कई पुस्तकें लिखी हैं। उनके 200 से अधिक शोध लेख प्रकाशित किए गए हैं। प्रो0 मिश्रा एक दूरदर्शी नेता के रूप में, वे प्रभावशाली संगोष्ठियों और कॉर्पोरेट प्रशिक्षणों का नेतृत्व करते हैं। एन टी एन ज़िंदगी अवॉर्ड 2024 सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित श्री मिश्र नवाचार, दृढ़ संकल्प और भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। मालूम हो कि ब्रिज बिजनेस चैंबर्स फ़ेडरेशन एक पहल है जो चैंबर्स और उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करने के लिए प्रेरित और सशक्त करने की दूरदर्शी दृष्टि रखती है। यह पंजीकृत महासंघ वर्तमान में 14 अफ्रीकी देशों और भारत के 12 राज्यों में अपने चैप्टर के साथ सक्रिय है।

# लखनऊ कैसरबाग स्टेशन पर असलहों के साथ पकड़ी गई महिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। यूपी एसटीएफ और वजीरगंज पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए कैसरबाग बस अड्डे के पास अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध असलहों की तस्करी करने वाले गिरोह की महिला सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला मुस्कान जौनपुर की रहने वाली और असलहा तस्करी में पहले भी सुल्तानपुर से जेल जा चुकी है। एसटीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि जमानत पर जेल से रिहा होने के बाद मुस्कान ने असलहा तस्कर शुभम के सम्पर्क में आ गयी। इस काम में अधिक पैसा होने के चलते उसने दोबारा ये काम शुरू किया था। मंगलवार की रात को मेरठ के शोहराबगेट के पास से एक लड़के से चार पिस्टल लेकर वह लखनऊ आयी थी। यहां से उसे जौनपुर के शाहगंज जाना था। तलाशी के दौरान उसके पास से चार पिस्टल बरामद हुई हैं। प्रत्येक पिस्टल की कीमत डेढ़ लाख रुपये है। इस काम के लिए उसे पचास हजार रुपये मिले थे। वजीरगंज थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि शुभम के कहने पर अकेले तस्करी के लिए निकली थी। उसके कहने पर मुस्कान ने कई बार असलहा लाकर उसके बताये गये स्थान और लोगों को दिया है। महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया और शुभम की तलाश में टीमें लगाई गई हैं।

# पत्रकार के हत्यारों की गिरफ्तारी ,मुआवजे को लेकर अवध प्रेस क्लब के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन थानेदार को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा,लखनऊ। अवध प्रेस क्लब लखनऊ के सभी पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम जनपद सीतापुर में दिनदहाड़े गोलियों से छलनी करके अपराधियों द्वारा पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गई हत्या को लेकर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही तथा मृतक पत्रकार परिवार को मुआवजा और नौकरी दिए जाने को लेकर अवध प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया। इससे पूर्व संगठन के सभी पदाधिकारीयों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक पत्रकार को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में बीते दिनों पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई को अपराधियों ने इमलिया सुल्तानपुर हाईवे पर कई राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग करके निर्मम हत्या कर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को चुनौती दी है जिसको लेकर पत्रकारों सहित आम जनमानस में गहरा रोष व्याप्त हैं। जिससे प्रकार से अपराधियों ने शासन-प्रशासन चुनौती दी है प्रतिष्ठित एवं ईमानदार पत्रकारों के हौसलों पर भी असर पड़ा है, दिए गए ज्ञापन में मुख्यमंत्री से अवध प्रेस क्लब संगठन ने मांग है कि मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के परिवार को उचित मुआवजा राशि एवं योग्यता के अनुसार नौकरी तथा अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर से ध्वस्तीकरण जैसी कार्यवाही की जाए। संगठन के अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान ने कहा है कि अगर इसी प्रकार अपराधियों द्वारा निर्भिज्ञ निडर और ईमानदार पत्रकारों की हत्या दिन-दहाड़े सड़क पर अपराधियों द्वारा खुलेआम की जाती रही तो समाज को आईना दिखने वाले पत्रकारों के हौसले टूटेंगे, शासन प्रशासन को इन अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए भी ध्यान देने की जरूरत है, नहीं तो इसी प्रकार ईमानदार पत्रकारों की निर्मम हत्याएं होती रहेगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर, महामंत्री मोनू सिंह, मीडिया प्रभारी अभिलाष मिश्रा, मंत्री नितिन पटेल, मंत्री अश्विनी कुमार साहू, मंत्री दीपराज सिंह, सदस्य कृष्ण कुमार सिंह मौजूद रहे।

## समझौतों व सेवा शर्तों का उल्लंघन कर रहा है प्रबन्धन : शैलेन्द्र दुबे

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर लगातार 105वें दिन से समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन जारी है संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि सुधार और संघर्ष' के मंत्र का पालन करते हुए मार्च के माह में भी बिजली कर्मी सुधार के अपने अभियान को बनाए हुए अधिकतम राजस्व वसूली का कीर्तिमान बनाने हेतु प्रयत्नशील हैं। वहीं दूसरी ओर पॉवर कॉर्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा निजीकरण के पहले हो निजी क्षेत्र की सहूलियत की दृष्टि से 55 वर्ष और डाउन साइज़िंग के नाम पर अत्यधिक अल्प वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी किया जा रहा है और इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999 और ट्रांसफर स्कीम 2000 और पूर्व में हुए समझौतों व सेवा शर्तों का उल्लंघन करते हुए नियमित कर्मचारियों के विभागीय संयोजनों पर मीटर लगाने के नाम पर अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यन्त दुर्भाग्य का विषय है कि बिजली कर्मी विगत 105 दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं किन्तु प्रबन्धन ने संघर्ष समिति से इस दौरान एक बार भी वार्ता नहीं की।

# दिवसीय विशेष टीबी चलाया जा रहा अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जनपद में दिनाँक 07 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय विशेष टी0बी0 अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की प्रगति की जानकारी लेने के लिए सेन्ट्रल टी0बी0 डिवीजन, नई दिल्ली से नामित नोडल अधिकारी डा0 मो0 जुबेर द्वारा दिनाँक 12.03.2025 को जनपद का भ्रमण किया गया। अपने भ्रमण कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी डा0 मो0 जुबेर द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलगवाँ (ऐलिया) का भ्रमण किया गया, जहाँ पर उपस्थित सी0एच0ओ0 से 100 दिवसीय विशेष टी0बी0 अभियान की जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने सी0एच0ओ0 द्वारा अभी तक किये गये कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा अति संवेदनशील जनसंख्या के अन्तर्गत स्क्रीन किये गये व्यक्तियों की शीघ्र अति शीघ्र शत-प्रतिशत निक्षय आई0डी0 बनाने

### नोडल अधिकारी द्वारा जिला क्षय रोग केन्द्र, सीतापुर का भ्रमण किया गया

तथा उनकी जाँच/एक्स-रे का कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी द्वारा जिला क्षय रोग केन्द्र, सीतापुर का भ्रमण किया गया। यहाँ डा0 मनोज कुमार देशमणि, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा जनपद की प्रगति सूचनाएं प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया कि जनपद की कुल जनसंख्या 5304008 के सापेक्ष 804359 (15 प्रतिशत) अति संवेदनशील जनसंख्या के रूप में मैपिंग की गयी है जिसके सापेक्ष 886192 (110 प्रतिशत) की स्क्रीनिंग कर ली गयी है। स्क्रीनिंग किये गये समस्त व्यक्तियों की निक्षय आई0डी0 बनाने का कार्य प्रगति पर है तथा लक्षण युक्त व्यक्तियों की नॉट जाँच तथा शेष सभी का एक्स-रे कराये जाने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। नोडल अधिकारी द्वारा समस्त प्रगति सूचनाओं का गहनता से मूल्याँकन किया गया तथा अभी तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया।

इसके उपरान्त नोडल अधिकारी रेडक्रास सोसाइटी द्वारा आयोजित टी0बी0 मरीजों को गोद लेने संबंधी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया इस कार्यक्रम में रेडक्रास सोसाइटी ने 05 टी0बी0 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गयी इस कार्यक्रम में रेडक्रास से संजीव मेहरोत्रा अध्यक्ष, ललित श्रीवास्तव सचिव, ललित भट्ट एवं हसनैन साजिद सदस्य उपस्थित रहे। जिला क्षय रोग केन्द्र से इस कार्यक्रम में डा0 मनोज कुमार देशमणि जिला क्षय रोग अधिकारी एवं डा0 श्याम सुन्दर चेस्ट फिजीशियन/उप जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला क्षय रोग केन्द्र सीतापुर का भ्रमण करने के उपरान्त नोडल अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैराबाद का भ्रमण किया गया तथा सायं में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक कर भ्रमण की जानकारी दी गयी।

### जिलाधिकारी कार्यालय में इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी

आदेशों तक अबाध रूप से 24 घण्टे क्रियाशील रहेगा

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि होली त्योहार के दृष्टिगत सूचनाओं को आदान-प्रदान एवं तत्काल सहायता हेतु जनपद स्तर पर जिलाधिकारी कार्यालय में इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है जो अग्रिम आदेशों तक अबाध रूप से 24 घण्टे क्रियाशील रहेगा। इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर-05862-245753 एवं टोलफ्री नम्बर-1077 है। कन्ट्रोल रूम के सहायक के रूप में ( हीरालाल, जिला आपदा विशेषज्ञ मोबाइल नम्बर-9559738229) दायित्व सुनिश्चित करेंगे तथा वह कर्मचारियों की उपस्थिति व उन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करेंगे।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुयें से मिली आजादी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुयें से आजादी मिली है, स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, पर्यावरण सुधार में सार्थक मदद मिली है, जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 02 निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस वित्तीय वर्ष में प्रथम चरण (माह अक्टूबर 2024 से दिसम्बर, 2024) दीपावली पर प्रदेश में 88.6 लाख आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को एवं जनपद सीतापुर में 2,81,000 आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को तथा द्वितीय चरण (जनवरी 2025 से मार्च 2025) होली पर जनपद में 285000 आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर आधार प्रमाणित लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया है, जिनमें से 71000 लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी भेजी जा चुकी है तथा शेष लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी भेजे जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के वह लाभार्थी, जिनके बैंक खाते आधार लिंक हैं तथा जिनके आधार प्रमाणित हैं, वह उक्त योजना हेतु पात्र है तथा उन्हें 02 निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल उपलब्ध कराया गया है। लाभार्थियों के आधार प्रमाणित खातों में सिलेण्डर रिफिल पर मिलने वाली

### निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने कालिया गया निर्णय

सब्सिडी का अन्तरण किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत निर्गत होने वाले डी0बी0सी0 (लाभार्थी को दिए गए दूसरे सिलेण्डर कनेक्शन) पर उक्त योजना लागू नहीं है। योजना के अन्तर्गत मात्र 14.2 किग्रा0 के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डरों की सुविधा प्रदान की गई है। जिन लाभार्थियों के पास 05 किग्रा0 के सिलेण्डर हैं, उनके द्वारा 14.2 किग्रा0 के सिलेण्डर प्राप्त किए जा सकेंगे। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणन अभी तक नहीं हुआ है, उनके जैसे-जैसे आधार प्रमाणित होते जाएंगे, उन्हें उक्त सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से आच्छादित लाभार्थी गैस एजेंसी से सम्पर्क करके जानकारी कर सकते हैं कि उनका आधार प्रमाणीकरण हुआ है अथवा नहीं। यदि नहीं हुआ है, तो सम्बंधित गैए एजेंसी पर ई-के0वाई0सी0 के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण करा सकते हैं। जिन लाभार्थियों का आधार उनके बैंक खातों में लिंक नहीं हुआ है, वे बैंक से सम्पर्क कर अपना आधार बैंक खाते से लिंक (एन0पी0सी0आई0) कराकर निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल योजना का लाभ ले सकते हैं। मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 12.03.2025 को प्रातः 10:00 बजे लोकभवन सभागार, लखनऊ में प्रदेश के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। तत्क्रम में जिला प्रशासन की ओर से मा0 जनप्रतिनिधिगण को आमंत्रित करते हुए, उनकी उपस्थिति में जनपद स्तर पर भी कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण जनपद से इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलिमय कार्पोरेशन लि0 के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 150 लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सिलेण्डर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 लाभार्थियों को मा0 राज्यमंत्री, कारागार सुरेश राही, 10 लाभार्थियों को मा0 राज्यमंत्री शहरी विकास, उ0प्र0 राकेश राठौर 'गुरू', 10 मा0 विधायक मिश्रित रामकृष्ण भार्गव, 10 लाभार्थियों को प्रतिनिधि मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सीतापुर मुनीन्द्र अवस्थी के कर कमलों से वितरित कराये गए। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, सेल्स आफीसर, इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन/जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सीतापुर मनीष कुमार वर्मा व सेल्स आफीसर, एल0पी0जी0, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड सीतापुर सचिन जोशी आदि अधिकारीगण एवं जिला पूर्ति कार्यालय से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जया पाठक व शैलेन्द्र कुमार वर्मा, पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव, मंजूषा तिवारी, शान्तनु, आलोक कुमार सिंह, कविता वर्मा, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे, जिनके द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सिलेण्डर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी के शेष प्रतीकात्मक चेक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियो को वितरित किए गए। इस प्रकार जनपद में आज दिनांक 12.03.2025 कुल 150 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए, जिनके खाते में सब्सिडी की धनराशि भेजी जा चुकी है। इस अवसर पर सम्पूर्ण जनपद से विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रबंधक/प्रोपराइटर सर्वश्री प्रदीप दुबे, श्री राम इण्टरप्राइजेज, सीतापुर, मोनिस खान, फलह इण्डेन गैस सर्विस, सीतापुर, वसीम अहमद, नवाब गैस सर्विस, सीतापुर, अभिमन्यु सिंह, आशीर्वाद गैस सर्विस, सीतापुर, अवनेन्द्र सिंह, सीतापुर भारत गैस सर्विस, सीतापुर, सुनील कुमार, लक्ष्मी नरायन गैस सर्विस, हरगॉव, आलोक कुमार, इमलिया सुल्तानपुर गैस सर्विस, इमलिया सुल्तानपुर, जितेन्द्र त्रिवेदी, राजेन्द्र प्रसाद भारत गैस सर्विस, सादिकपुर आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय इंटर कॉलेज लखैय्या में बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन सकुशल संपन्न हुई परीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 24 फरवरी से शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा बुधवार 12 मार्च को सीसीटीवी की कड़ी निगरानी में सकुशल संपन्न हुई। तहसील नानपारा अंतर्गत लखैयां कलां (दुबज्जा) में संचालित राजकीय इंटर कॉलेज पर बनाए गए परीक्षा केंद्र पर यूपी बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन बुधवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल के उर्दू व इंटरमीडिएट के एम.एच.डब्लू.वी. एवं आर.सी.टी.वी. की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। जिसमें हाइस्कूल के उर्दू विषय में कुल 16 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। वहीं इंटर के एम.एच.डब्लू.वी. एवं आर.सी.टी.वी. दोनों विषयों की परीक्षा में एक भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। द्वितीय पाली में आयोजित इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के 183 परीक्षार्थियों में से



09 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कॉलेज की चल रही परीक्षा के सकुशल संपन्न होने तक बोर्ड की कड़ी निगरानी एवं व्यवस्था चाक चौबंद रही। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही। परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर रोक रही और हर परीक्षार्थी की सघन तलाश के बाद ही परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति दी गई। परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक डॉ आशुतोष त्रिपाठी एवं अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक मुक्तेश्वर पोद्दार परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सख्त नजर आए और हर पहलू पर

### परीक्षा के अंतिम दिन उत्साहित नजर आए परीक्षार्थी

### परीक्षा केंद्रों पर उचित प्रबंध के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट की रही तैनाती

अपनी नजर बनाए रहे। चल रही परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट राधेश्याम वर्मा भी अपनी भूमिका में नजर आए और परीक्षा कक्षों का जायजा लेते रहे। इस मौके पर परीक्षा को सम्पन्न कराने में परीक्षा प्रभारी/सहायक डॉ सोनेलाल, अरुण कुमार, डॉ आनंद जी राव एवं कक्ष निरीक्षक राजित राम सिंह, फूलचंद, शुभम चतुर्वेदी, राज कुमारी, सुमन देवी, रीता सोनकर आदि का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा आलोक कुमार तिवारी, मनोज कुमार वर्मा, रियासत अली, अंजनी कुमार पांडे ने भी अपना योगदान दिया।

# होली व नवरात्रि के त्योहार के कारण माह-मार्च में आम जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जिलाधिकारी ने समस्त उप निबन्धक सीतापुर को सूचित किया है कि कार्यालय महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र दिनाँक 06.03.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 के वित्तीय समापन एवं होली व नवरात्रि के त्योहार के कारण माह-मार्च में आम जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित है। त्योहारों के सार्वजनिक अवकाश के कारण माह मार्च 2025 में उपलब्ध कार्य दिवस अपर्याप्त होने के दृष्टिगत आम जनमानस को विलेख पंजीकरण का अधिकाधिक अवसर व सुविधा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। जिसके क्रम में निर्देशित किया जाता है, कि माह मार्च-2025 के सभी कार्य दिवस में प्रदेश के समस्त उप निबन्धक कार्यालय में निबन्धन कार्य सायं 06 बजे तक सम्पादित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में विभागीय वेबसाइट के पब्लिक पोर्टल पर पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन के स्लॉट बुक कराने का जो समय सायं 04.00 बजे तक था वह 01 घण्टा बढ़कर सायं 05 तक रहेगा, जिससे आम जनमानस द्वारा अपने विलेखों का अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण कराया जा सकें। इसके अतिरिक्त प्रदेश के समस्त उप निबन्धक कार्यालय माह मार्च 2025 दिनाँक 23.03.2025 व 30.03.2025 रविवार को सामान्य कार्य दिवस की भाँति खुले रहेगें तथा अपरिहार्य परस्थितियों से इधर कोई अवकाश का स्टेशन लीव अनुमन्य एवं स्वीकृत नही किया जायेगा।

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध शस्त्र व कारतूस बरामद

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 12.03.25 को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 52/2025 धारा 109(1)/61(2) बीएनएस व धारा 25(1-3) आर्म्स एक्ट में वांछित/प्रकाश में आये 03 अभियुक्तों 1. सिमरन सिंह पुत्र हरजिन्दर सिंह 2. जोगराज उर्फ जग्गा पुत्र गुरमेज सिंह निवासीगण ग्राम तेजासिंह का पुरवा थाना रामकोट जिला सीतापुर 3. राहुल यादव पुत्र रामनरायन नि0 ग्राम जैतीखेड़ा थाना रामकोट जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तगण के कब्जे से दो अदद तमंचा व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व एक अदद तमंचा व एक जिंदा अदद कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को 207 एम.वी. एक्ट में सीज किया गया। दिनांक 10.032025 को पूर्व प्रधान गोपी यादव निवासी ग्राम बरगदिया जैतीखेड़ा थाना रामकोट जनपद सीतापुर के ऊपर अभियुक्तगणों द्वारा फायर किया गया था, जिसके संबंध मे तत्समय थाना रामकोट पर पंजीकृत मुकदमें में अभियुक्तगण वांछित चल रहे थे। अभियुक्तों का चालान मा. न्यायालय किया गया है।

### सहारा इंडिया पर निवेशकों का करोड़ों बकाया, सरकार और विपक्ष खामोश, आजाद अधिकार सेना ने की कार्रवाई की मांग

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कभी भारत माता की जयकारों और राष्ट्रगान के जरिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली सहारा इंडिया आज अपने ही जमाकर्ताओं को उनका हक देने में नाकाम साबित हो रही है। होली और रमजान जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान भी निवेशकों को भुगतान नहीं किया गया, जिससे हजारों परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। आजाद अधिकार सेना के सीतापुर जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने आरोप लगाया कि हिंदू-मुस्लिम राजनीति करने वाले नेता भी इस मुद्दे पर चुप हैं और सरकार भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय का पोर्टल भी सहारा इंडिया के निवेशकों को भुगतान दिलाने में विफल साबित हुआ है। मिश्रा ने बताया कि सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोडक्ट रेन्ज लिमिटेड, जो कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के तहत रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज में पंजीकृत थी, उसका कोई पोर्टल तक नहीं बनाया गया है। सहारा इंडिया के काउंटरों से भी भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे जमाकर्ताओं में भारी आक्रोश है। इतना ही नहीं, जिला उपभोक्ता फोरम के आदेशों को भी सहारा इंडिया ठेंगा दिखा रहा है, जिससे यह साफ होता है कि कंपनी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। मिश्रा ने कहा कि गांव और गरीबों का पैसा फंसा होने के कारण सरकार और विपक्ष कोई रुचि नहीं ले रहे हैं, जबकि आम आदमी अपना खून-पसीना एक कर सहारा इंडिया में जमा करता था। उन्होंने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की, अन्यथा सहारा इंडिया के डायरेक्टर और अध्यक्ष पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। पीड़ित जमाकर्ताओं ने भी प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही भुगतान नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच जारी

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहायक आयुक्त (खाद्य)-क्रक्रखाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अमित कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर के निर्देशानुसार आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थोंयथा-खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां, अन्य मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु दिनांक 12-03-2025 को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया तथा नगर क्षेत्र सीतापुर से से 01 मूंग पापड़, 01 घी, 01 सूजी तथा मानपुर बिसवां से 01 बेसन, 01 रंगीन कचरी, 01 सूजी का नमूना संकलित किया गया। होली अभियान को दृष्टिगत रखते हुए प्रवर्तन कार्यवाही जारी रहेगी।

### पारदी गैंग का फरार 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

गाजियाबाद। साइबर क्राइम पुलिस ने बुधवार को अन्तरज्यीय पारदी गैंग (मध्यप्रदेश) के फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बुधवार को बताया कि 10 जनवरी को इलाके के ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी में उत्तरांचल कॉलोनी निवासी सोनू वर्मा उर्फ चरण सिंह भी शामिल था। वह पारदी गैंग का सक्रिय सदस्य है। जांच में पुलिस को इस चोरी में पारदी गैंग के सक्रिय होने की पुष्टि उस वक्त हुई जब गिरोह के दस आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिए गये। उनके कब्जे से चोरी का काफी माल बरामद हुआ था। आरोपित सोनू फरार था, जिस पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित था। पकड़े जाने के बाद पूछताछ में चरण सिंह पारदी ने बताया कि वह आदिवासी पारदी जनजाति मध्यप्रदेश का रहने वाला है। वे और उसके अन्य साथी गैंग बनाकर भारत के विभिन्न राज्यों में घूम-घूम कर चोरी, लूट, डकैती जैसी घटनाएं करते हैं।

# होली पर महमूदाबाद में सख्ती : शराब पीकर व वाहन पर तीन सवारी चलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महमूदाबाद (सीतापुर)। होली के त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि होली के अवसर पर शराब पीकर मोटरसाइकिल चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों और तीन सवारी बैठाने वालों पर न केवल मौके पर चालान किया जाएगा, बल्कि



आवश्यकतानुसार मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने चेतावनी दी कि बिना हेलमेट, तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने वालों पर भी सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि से बचें। प्रशासन की इस सख्ती का मकसद त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# फिरोजाबाद: प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 2 लाख 33 हजार 322 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

फिरोजाबाद। जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कुल 2 लाख 33 हजार 322 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। महापौर कामिनी राठौर ने बुधवार को इस योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर कामिनी राठौर ने कहा कि शासन प्रशासन का उद्देश्य है कि समाज के सभी तबकों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करते हुए उनके जीवन में उत्पन्न समस्याओं को दूर किया जाए। इसी विचार के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवार को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाभार्थियों की उपस्थिति में देखा गया। जनपद में इस योजना के कुल लाभार्थियों की संख्या 2 लाख 33 हजार 322 है।इस मौके पर महापौर ने लाभार्थी नन्नी देवी, रूबी बेगम, नीरज, पिंकी देवी, बबली, बबीता, सुरजमुखी, मार्गश्री, सुनीता देवी, मीरेश देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, पिंकी, सोनी, कमला देवी, फिजा, नूरजा बेगम, इमराना हुस्नबानो, इमराना, सबाना आयशा, इशरत नगीना आदि को चेक वितरण किया।कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा एवं उज्ज्वला के नोडल अधिकारी मोहम्मद वसीम, जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह सहित योजना की महिला लाभार्थी उपस्थित रहीं।

# बागपत में मुठभेड़ के बाद नौ टावर चोर गिरफ्तार

**एजेंसी**

बागपत। बागपत जनपद की खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद टावर चोर गिरोह के 9 बदमाश पकड़े हैं। पुलिस का कहना है कि ये सभी गाजियाबाद जनपद के रहने वाले हैं। इनके पास से काफी मात्रा में चोरी किया टावर का सामान ओर देशी तमंचे बरामद किये गए हैं। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दी है कि खेकड़ा पुलिस और स्वाट टीम ने मिलकर टावर के सामान चोरी करने वाले गिरोह पर सफलता पाई है। गिरोह के नौ सदस्यों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दो चोर पुलिस की गोली से घायल हुए है। उनके कब्जे से 14 आरआरयू, 5 आरआरयू कवर, 08 बेसबैण्ड प्लेट, 36 बेसबैण्ड फैन (कीमत लगभग एक करोड़ रुपये), 01 शिकंजा धातु लोहा, 02 ब्लेड, 02 चाबी व 01 पाना धातु लोहा व 02 अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर, घटना में प्रयुक्त एक मारुति अर्टिका (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई है। पकड़े गए चोरों के नाम फैसल उर्फ शानू पुत्र इरशाद व अमन पुत्र शाहबुद्दीन निवासी अशोक विहार थाना लोनी जनपद गाजियाबाद, सूरज पुत्र रामजीवन सिंह व शिवम पुत्र सन्तोष निवासी शालीमार गार्डन थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद, साकिर पुत्र दिलशाद वफरमान पुत्र जाकिर अली निवासी अशोक विहार थाना लोनी जनपद गाजियाबाद, शाहरुख पुत्र नूरहसन निवासी ग्राम पाली थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत,इकरामुद्दीन उर्फ रामू पुत्र क निवासी पतला जारण थाना निवाड़ी जनपद गाजियाबाद, फरमान पुत्र जाकिर अली निवासी अशोक विहार थाना लोनी जनपद गाजियाबाद और साजिद पुत्र इकबाल निवासी अशोक विहार थाना लोनी जनपद गाजियाबाद हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना खेकड़ा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रंगभरी एकादशी पर मंदिर प्रशासन के दबाव में ढक कर गयी रजत पालकी

**एजेंसी**

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ के गौना उत्सव (रंगभरी एकादशी) के मौके पर मंदिर के पूर्व महंत परिवार और मंदिर प्रशासन के बीच विवाद गहरा गया है। मंदिर के पूर्व महंत स्व.डॉ कुलपति तिवारी के पुत्र पंडित वाचस्पति तिवारी ने बुधवार को टेढ़ीनीम स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में पूरी घटना का सिलसिलेवार विवरण दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने अचानक 168 बी की नोटिस जारी कर महंत आवास पर परंपरागत पालकी यात्रा और उत्सव को रोकने का प्रयास किया। इस नोटिस में मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति के निधन के बाद परंपरा को न मानने का आदेश दिया गया, जिससे भक्तों में आक्रोश व्याप्त हो गया। महंत तिवारी के अनुसार, इस विशिष्ट आयोजन में हर साल बाबा के भक्त सक्रिय रूप से बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं, लेकिन नोटिस के बाद मंदिर प्रशासन पर दबाव बढ़ा और फिर एक साजिश के तहत बाबा की पालकी को जमीन पर रखवा दिया गया। इसके बाद काशी के जनप्रतिनिधियों, मंदिर प्रशासन, वाराणसी मण्डल और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई, लेकिन इस परंपरागत पालकी यात्रा पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं हो पाया। महंत ने बताया कि रविवार रात महादेव के ससुराल आगमन के लोकाचार के दौरान महंत आवास पर बाबा के भक्तों की मौजूदगी के बाद देर रात मंदिर प्रशासन ने महंत परिवार पर अनैतिक दबाव बनाया। मंदिर प्रशासन ने कहा कि अगर महंत परिवार इस परंपरा को जारी रखता है, तो मंदिर प्रशासन बाबा की प्रतिमा को सीज कर देगा और महंत परिवार को उनके घर से निकलने नहीं दिया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने यह भी धमकी दी कि संकरी गलियों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र होंगे, और अगर कोई दुर्घटना होती है, तो उसका जिम्मेदार महंत परिवार और श्रद्धालु ही होंगे। महंत तिवारी ने आरोप लगाया कि मंदिर प्रशासन ने काशी की प्राचीन परंपरा को दरकिनार करते हुए बाबा की पालकी को गर्भगृह में स्थापित करने के बजाय कहा कि परिसर में जगह उपलब्ध कराया जाएगा। जहां से आप श्रद्धालुओं सहित अपने समय पर सभी लोकाचार को पूरा करेंगे। प्रशासन को बताया गया कि महंत आवास में गौना के लोकाचार के बाद पालकी को सिर्फ गर्भगृह में ही परंपरागत पालकी पर विराजमान कराकर आरती की जाती है। इस पर मंदिर प्रशासन ने दबाव बनाया कि प्रतिमा आप मंदिर लाकर लोकाचार पूरा करें। श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन करायें। वहीं से पालकी गर्भगृह में स्थापित करने पर सहमति बनी। मंहत वाचस्प?ति के अनुसार विदाई लोकाचार के बाद प्रतिमा को गर्भगृह के अलावा और कही नहीं रखा जा सकता। इसलिए बाबा की प्रतिमा ढक कर ले जाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में प्रशासन ने परंपरागत प्रतिमा तक श्रद्धालुओं को आने नहीं दिया।

# धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

राजापाकड/कुशीनगर। एस.पी. पब्लिक स्कूल, गुरवलिया बाजार, कुशीनगर में बुधवार को होली मिलन समारोह व फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, अबीर-गुलाल और खूबसूरत पोस्टरों से सजाया गया, जिससे माहौल पूर्णतः होलीमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को तिलक लगाने के साथ हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर व पुष्पवर्षा कर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. शक्ति प्रकाश पाठक ने कहा, ''होली सामाजिक समरसता, भाईचारा और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। हमें इस पर्व के माध्यम से आपसी रिश्तों को और मजबूत बनाना चाहिए। समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर आदित्य विशाल, ट्रस्टी नवेंदु शेखर, प्रधानाचार्य विनीत मणि त्रिपाठी सहित शिक्षकगण इमरान अंसारी, अभय राज सिंह, अमर गिरी, रीता सिंह आदि मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। नर्सरी से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। अर्चना, कृति, अनुष्का, गीतांजलि, साक्षी, सलोनी आदि छात्राओं ने नृत्य और नाटकों के माध्यम से होली की महत्ता को उजागर किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और खुशियों के रंग में सराबोर हो उठे।

# डीएम और सचिव परीक्षा बोर्ड पर भारी पड़ा डीआईओएस का मनमानापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## संकलन केन्द्र पर जमा बण्डल खुलवाकर हिन्दी व हिन्दी सामान्य विषय का उत्तरपुस्तिका अलग कराने का मामला

## डीआईओएस श्रवण कुमार का एक और कारनामा आया सामने

कुशीनगर। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के भागीरथ प्रयास व सख्त निर्देश और माध्यमिक शिक्षा परिषद के गाइडलाइन के बावजूद कुशीनगर में संचालित बोर्ड परीक्षा की सुचिता व पारदर्शिता यहा के शिक्षा विभाग के हुक्मरान के मनमानेपन की भेट चढ गयी। बात चाहे अशोक विद्यापीठ में रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का मामला हो या फिर जनता इंटरमीडिएट कालेज का उत्तर पुस्तिका गायब होने की घटना। विभागीय गलियारों में इस बात की खूब चर्चा है कि बोर्ड परीक्षा ने डीआईओएस के कार्य क्षमता को फ्लोर साबित कर दिया है। डीआईओएस द्वारा बोर्ड परीक्षा के पहले दिन संकलन केन्द्र पर एक ही बण्डल मे जमा दो पेपर के उत्तर पुस्तिका का बण्डल खुलवाने का एक और सनसनीखेज एक मामला सामने आया है। हालाकि डीआईओएस ने बडी ही निर्लज्जता इस बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि कुछ अराजक तत्व बदनाम करने का प्रयास कर रहे है जबकि सूत्रो का दावा है कि संकलन केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरा मे डीआईओएस का करतूत कैद है।

बतादे कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड का शुभारंभ पूरे प्रदेश मे 24 फरवरी को हुआ था। सूत्र बताते है कि बोर्ड परीक्षा के पहले दिन यानी कि 24 फरवरी को कुशीनगर जनपद के खड्डा स्थित किलानी देवी इंटरमीडिएट कालेज केन्द्र पर संपन्न हुए इंटर के हिन्दी ( कोड संख्या 301) व सामान्य हिन्दी (कोड संख्या 302) विषय की परीक्षा का उत्तर पुस्तिका केन्द्र व्यवस्थापक के लापरवाही के कारण एक ही बण्डल में बाधकर पडरौना स्थित उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज मे बने संकलन केन्द्र पर जमा कर दिया गया। सूत्र बताते है कि जब परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक को अपनी लापरवाही का एहसास हुआ तो संकलन केन्द्र प्रभारी के जरिए जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त को मामले की जानकारी दी गयी। सूत्रो का कहना है कि परीक्षा के पहले दिन जब डीआईओएस को इतनी बडी लापरवाही की जानकारी हुई तो वह अपने कार्यालय के दो लिपिक व एक सिपाहसलार को साथ लेकर संकलन केन्द्र बने उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज पहुचें और संकलन केन्द्र प्रभारी के साथ मिलकर एक ही बण्डल में रखे गये हिन्दी 301 व हिन्दी सामान्य 302 का उत्तर पुस्तिका अलग-अलग बण्डलो मे कराकर जमा कराया जो नियम विरुद्ध है। डीआईओएस का यह कारगुजारी वहा लगे तीसरी आंख मे कैद है



जैसा कि सूत्रो का दावा है। इस दावे मे कितनी सच्चाई है यह दिनांक 24 फरवरी-2025 के सांयकाल छह बजे से रात्रि आठ बजे के बीच सीसीटीवी टीवी कैमरा मे कैद दृश्य को खलागने के बाद ही स्पष्ट जायेगा।

जानकारो की माने तो ऐसी स्थिति मे डीआईओएस को सर्वप्रथम जिलाधिकारी व सचिव बोर्ड गोरखपुर को पूरे मामले से अवगत करायेगे। इसके जिलाधिकारी द्वारा मजिस्ट्रेट के नेतृत्व मे टीम गठित कर संकलन केन्द्र पर जमा किये गये बण्डल को खोलकर उसमे रखे गये कोड संख्या 301 व कोड संख्या - 302 का उत्तर पुस्तिका अलग-अलग बण्डल मे रखकर पुनः संकलन केन्द्र पर जमा किये जाने का नियम है। महत्वपूर्ण बात यह है कि बोर्ड के नियम को ताक पर रखकर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त न तो जिलाधिकारी को मामले से अवगत कराया और न ही संकलन केन्द्र पर जमा किये गये बण्डल को खुलवाने के लिए डीएम से अनुमति लिया, जो न सिर्फ डीआईओएस के कार्य प्रणाली पर बडा सवाल बना हुआ है बल्कि इनके मनमानेपन का जीता-जागता प्रमाण है।

इस संबंध मे जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त से उनके सरकारी मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर पूरे मामले से अवगत कराते हुए उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होने बडी ही निर्लज्जता व बेरुख़ी से जबाब देते हुए कहा कि कुछ अराजक तत्व बदनाम करने की कोशिश कर रहे है आपने बता दिया, दिखता हू। अब सवाल यह उठता कि डीआईओएस क्या दिखवायेगे जबकि खुद वो ही इस खेल के खिलाडी है। इसी कडी में संकलन केन्द्र प्रभारी /उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह से बात किया गया तो उन्होने कहा कि बण्डल खुलवाया नही गया है। एक ही बण्डल में दोनो उत्तर पुस्तिका जमा कर लिया गया है। यह पूछे जाने पर कि अलग नही कराया गया तो फिर कापी जांच के दौरान दिक्कत नही होगी तो उन्होने बताया कि 301 कोड संख्या पर ही बण्डल जमा कर लिया गया 302 कोड पर शून्य दिखा दिया जायेगा जहां कापियां जायेगी वहा दोनो उत्तर पुस्तिकाओं की जांच हो जायेगी।

# बेहतर दुनिया बनाने के लिए हो विश्वास: हिमांशु

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## सिद्ध गांधी वादी विचारक हिमांशू कुमार का हुआ स्वागत

## कबीर, रैदास, बुद्ध, गांधी के प्रेम, करुणा, मैत्री को बढ़ाएं आगे: हिमांशु कुमार




कुशीनगर। प्रसिद्ध गांधी वादी विचारक हिमांशू कुमार सद्भावना सायकिल यात्रा करते हुए राजघाट दिल्ली से कुशीनगर 41 वें दिन नगरपालिका परिषद कुशीनगर स्थित सिसवा - महंथ चौराहे पर लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

बुधवार को अपने संबोधन में हिमांशु कुमार ने कहा कि

दुनिया बेहतर बन सकती है। यह विश्वास हो और कोशिश जारी रखनी चाहिए। सफलता में ही मुझे विश्वास है। कबीर, रैदास, बुद्ध, गांधी के प्रेम, करुणा, मैत्री की परम्परा को आगे बढ़ाएं। नफरत से दूर देश को बांटने वाली ताकतों से सावधान रहें। सरकार की गलत नीतियों के चलते भारत का गन्ना किसान बदहाल है। पूर्वांचल को जानबूझकर बेरोजगार किया गया है। लेबर क्रिएट करने के लिए। पूंजीवाद को बढ़ावा देने के लिए हिंदू - मुस्लिम का खेल खेला जा रहा है। लोग अपनी बात न उठा पाएं। राजनैतिक हक की आवाज न उठे। इसके लिए रोजगार और खेती को खत्म कर रहे हैं। मैं नौजवानों को बताने के लिए सायकिल लेकर निकला हूं। पूर्वांचल के लोग भूखे हैं और ये जानबूझ कर भूख पैदा की गई है। सत्ता हमसे प्राकृतिक कृषि संसाधनों को छीनने के साथ साथ हमारे रोजगार, बचत छीन रही है। नौकरियां खत्म हो रही है। उद्योगों में भी स्थाई रोजगार के बजाय ठेके पर काम दिया जा रहा है। गांधी सच के लिए साहस के साथ खड़े होने का नाम है। प्रगति वादी ताकतों को इसके विरोधी में आगे आना होगा। अपनी यात्राओं के जरिए देश के असली सवालों पर लोगों से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान

भारतीय खेत मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीराम चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता शिवाजी राय, बीपीजी के पूर्व महामंत्री छात्र संघ अशोक कुमार सिंह, संजय सिंह, सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह, त्रिलोकीनाथ सिंह, लल्लन कुमार गोंड, जयराम सिंह, रामप्रीत सिंह, एडवोकेट राहुल सिंह शाह, प्रदीप सिंह, बलराम वर्मा, दसई गोंड, राम नगीना कुशवाहा, मनमोहन कुमार गोंड, केदार नाथ सिंह, आनंद प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# केकरे हाथे कनक पिचकारी केकरे हाथे अबीरा..

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर। फाजिलनगर के भेलया में उत्तर प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट संस्थान के संस्थापक, सेवानिवृत्त आरटीओ अजय त्रिपाठी के आवास पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ।

फगुहरा दल ने ढोलक और झाल की थाप पर पारंपरिक फाग गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें '' केकरे हाथे कनक पिचकारी, केकरे हाथे अबीरा.., फाग पर लोग जमकर झूमे। सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अजय त्रिपाठी ने कहा कि होली भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। जिसमें सभी लोग गिले - शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं और मंगलकामना करते हैं। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में होली ऐसा अवसर है जो सभी को एकजुट होकर प्रफुल्लित होने का मौका देता है।

समारोह में समाजसेवी आनंद मणि त्रिपाठी, टी.एन.राय, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रफुल्ल राय, पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह, राजवंशी तिवारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष मणि, सतीश मणि, मुन्ना मिश्रा, पंकज तिवारी, धीरज तिवारी, नीरज मणि, जेपी रावत, एमडीआई खान, सत्येंद्र सिंह, चंदन दूबे, जावेद खान, आजाद अंसारी,सत्यम त्रिपाठी, विनोद राय,रामनरेश, बीरबल प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में होली के रंगों के साथ मेल-मिलाप और भाईचारे की अनूठी झलक देखने को मिली।

# अनियंत्रित आटो से ठोकर लगने पर मां बेटी घायल

कुशीनगर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत हाटा पिपराइच मार्ग पर स्थित खोठा चौराहे पर बुधवार की दोपहर 2 :00 बजे के लगभग एक अनियंत्रित आटो ने चौराहे के पुल पर फल खरीद रही महिला को ठोकर मार दिया जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी और वह बुरी तरह घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सितुहिया गांव के निवासिनी इंदू देवी उम्र 45 वर्ष ने अपने पुत्री संध्या उम्र 23 वर्ष को लेकर कुछ सामान की खरीदारी करने खोठा चौराहे पर गई थीं। सामान खरीदकर पुल पर स्थित एक फल की दुकान से फल खरीद रही थी तभी पिपराइच की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही ऑटो ने महिला को ठोकर मार दिया। जिससे मां और बेटी दोनों घायल हो गई। तभी किसी ने इसकी जानकारी परिजन को दी परिजन मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अपनी निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पिपराइच ले गए।

# 'टीबी मुक्त ग्राम बनाने में स्वयंसेवक निभाएं भागीदारी'

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर। राष्ट्रीय सेवा योजना बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर द्वारा आयोजित विशेष शिविर जो नगर पालिका परिषद के रामजानकी मठ में लगा है के छठवें दिन बुधवार को बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि जिला क्षयरोग अधिकारी कुशीनगर डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि पहले लोग टीबी रोगियों को उपेक्षा की दृष्टि से देखते थे। लेकिन शिक्षा और जागरूकता के प्रभाव से अब परिस्थितियां बदली है।टीबी एक संक्रामक बीमारी है किंतु लाइलाज नहीं है।इसका इलाज नियमित रूप से निर्धारित दवाएं और पोषक तत्व लेने से संभव है। सरकार के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग अभियान चलाकर टीबी रोगियों की निःशुल्क जांच और दवा वितरण का कार्य कर रही है।समाज के सक्षम और प्रबुद्ध नागरिकों से टीबी रोगियों को गोंद लेकर उनके लिए पोषक आहार की व्यवस्था की जा रही है।मेरा आप सभी से आग्रह है कि प्रत्येक स्वयंसेवक आज यह संकल्प ले कि अपनी बस्ती और गांव को टीवी मुक्त बनाने में अपनी भागीदारी निभायेगा।इस तरह से सभी के संकल्प और सहयोग से देश टीबी मुक्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिरला धर्मशाला के प्रबंधक और वीरेंद्र तिवारी ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि जब जब देश पर संकट आता है तब उसके निराकरण हेतु एन एस एस स्वयंसेवक राष्ट्र के साथ खड़े होते हैं।राष्ट्र की सेवा हेतु ही राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे संगठन का निर्माण हुआ। यह स्वयंसेवक ही देश को टीबी मुक्त बनाने का माध्यम बनेंगे।उन्होंने कहा कि इस देश में सेवा का उदाहरण प्राचीन काल से ही भरा पड़ा है। यहां सर्वस्व दान कर देने की परंपरा रही है जैसे दधीचि, दानवीर कर्ण,राजा हरिश्चंद,हर्षवर्धन आदि के नाम प्रमुख हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ क्षयरोग चिकित्सक डॉ आशुतोष मिश्र ने बताया कि 24 मार्च 1882 को टीबी के जीवाणु की खोज की गयी थी।इसलिये इस दिन को विश्व क्षयरोय दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि आप लोग टीबी रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने में मदद करे। टीबी को अगर हराना है तो स्वयंसेवक को आगे आना होगा।आपके सहयोग से ही 2025 तक टीवी मुक्त भारत का सपना साकार होगा। इससे पूर्व अतिथियों का परिचय और स्वागत डॉ निगम मौर्य ने किया जबकि आभार ज्ञापन डॉ पारस नाथ ने किया।इस अवसर स्वयंसेवक अंकित कुशवाहा ने अपने हाथ से बनाया हुआ स्मृति चिन्ह अतिथियों को भेंट किया।इस अवसर पर फूलचंद,संजय,वासुगोंड, गार्गी भट्टाचार्य समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## अनुप्रिया गुप्ता ने बिहार में माध्यमिक अध्यापिका बन रोशन किया इलाके का नाम

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तमकुहीराज इलाके की पंचायत परसौनी बुजुर्ग के सियरहा टोला के निवासी दुर्गा प्रसाद गुप्ता की पुत्री अनुप्रिया गुप्ता बिहार प्रान्त में सरकारी सेकेंडरी स्कूल यानी माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक के पद पर नियुक्ति पाने में सफल हुई हैं । इससे उनके परिवार एवं गांव में खुशी का माहौल है । लोगों ने उन्हें इस कामयाबी पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं । गांव के लोगों का मानना है कि अनुप्रिया की इस सफलता से इलाके का नाम रोशन हुआ है। अनुप्रिया ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी माता विद्यावती देवी – जो गृहिणी है ,पिता दुर्गा प्रसाद गुप्ता ( गन्ना निरीक्षक हाटा चीनी मिल ) ,बड़े भाई अजय गुप्त को दिया है । उनका कहना है कि इन सभी की प्रेरणा से ही वे यह सफलता को हासिल कर सकीय जैन । उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा इण्टर मीडिएट कालेज गाजीपुर की संस्थागत छात्रा के रूप में 89 प्रतिशत अंक पाकर उत्तीर्ण की थी , तो इसी विद्यालय से इंटरमीडिएट की परीक्षा 86 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्तीर्ण की थी । स्नातक (बीएससी ) की पढ़ाई विद्यावती देवी महाविद्यालय तमकुहीराज से की और 62 प्रतिशत अंक हासिल हुए थे । जबकि बीएड की परीक्षा परमेश्वर महाविद्यालय नौतन हथियागढ़ (देवरिया ) की संस्थागत छात्रा के रूप में उत्तीर्ण की है ।

## सेवरही पुलिस ने 06पेटी अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत थाना सेवरही पुलिस ने चेकिंग के दौरान वार्ड नं0 10 महावीरनगर निवासी अजीत जायसवाल को 06 पेटी बन्टी बबली टेट्रा पैक देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय, उ0नि0 अनिल शर्मा, मिथिलेश प्रजापति, हे0का0 बच्चेलाल यादव, का0 आदित्य सिंह शामिल रहे।

## सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए मनाएं त्योहार: दीपक

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विद्युत उपकेंद्र बरौली के जेई दीपक श्रीवास्तव ने होली त्योहार को देखते हुए विद्युत विभाग के तरफ से सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होली के त्योहार पर होने वाली होलिका दहन ट्रांसफॉर्मर के पास या बिजली की लाइनों के नीचे न करें। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र,बरौली के अवर अभियंता दीपक श्रीवास्तव ने विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी ट्रांसफॉर्मर के नजदीक या बिजली के तारों के नीचे होलिका स्थापित की गई है।तो उसे तुरंत सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करें।विभाग का मानना है कि इस सावधानी से न केवल जानमाल की रक्षा होगी।साथ ही होली के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा सकेगी।उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत विभाग से संपर्क करें।प्रशासन और विद्युत विभाग ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है।उनका कहना है कि सुरक्षा नियमों का पालन करके ही आनंदमय होली का त्योहार मनाया जा सकता है।साथ ही लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। बाकी विभाग द्वारा इसकी पेट्रोलिंग कराईं जा रही है।जहां दिक्कत आ रही है। वहां सुधार कराया जा रहा है। क्षेत्रीय लाइनमैनो की इमरजेंसी डिप्टी लगाई गई है। ताकि आपातकालीन स्थिति में होने वाले कठिनाइयों से निपटा जा सके।

# दिहुली हत्याकांड के दोषियों को 18 मार्च को मिलेगी सजा

**एजेंसी**

मैनपुरी। मैनपुरी जिले में 1981 के बहुचर्चित दिहुली हत्याकांड के अभियुक्तों को स्थानीय अदालत में 18 मार्च को सजा सुनायी जायेगी। देश की राजनीति में भूचाल लाने वाला हत्याकांड उस समय के मैनपुरी जिले के जसराना थाना क्षेत्र के दिहुली गाँव में घटित हुआ था। अब दिहुली फिरोजाबाद जिले का हिस्सा है। 18 नवंबर 1981 की शाम राधे-संतोषा के गिरोह ने दिहुली गाँव में मौत का तांडव किया था जिसमें 24 लोग मारे गए थे और छह लोग घायल हुए थे। इस कंाड से केंद्र की तत्कालीन इन्दिरा सरकार और उत्तर प्रदेश की वीपी सिंह सरकार हिल गयी थी और वीपी सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

दिहुली गांव में 22 नवम्बर 1981 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दिहुली आई थीं और उन्होंने पीड़ितों से बात की थी। उच्च न्यायालय के निर्देश पर इस केस की सुनवाई मैंनपुरी में हुई। सुनवाई के दौरान 17 आरोपियों में से 13 की मौत हो चुकी है जबकि एक आज भी भगोड़ा घोषित है। कोर्ट ने तीन आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया। अब 18 मार्च को इनको सजा सुनाई जायेगी। मंगलवार को एडीजे विशेष डकैती इंद्रा सिंह की अदालत में जमानत पर रिहा चल रहे कप्तान सिंह हाजिर हुआ, वहीं मैनपुरी जेल में बंद रामसेवक को पुलिस ने पेश किया, जबकि तीसरे आरोपी रामपाल की ओर से हाजिरी माफी मांगी गई। अदालत ने साक्ष्यों और गवाही के आधार पर तीनों को दोषी करार दिया। रामपाल की हाजिरी माफी को निरस्त करते हुए उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर 12 मार्च को उसे अदालत में पेश करने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस अभिरक्षा में कप्तान सिंह और रामसेवक को जेल भेज दिया गया। दिहुली हत्याकांड में 18 मार्च को कप्तान सिंह,रामपाल और रामसेवक को अदालत सजा सुनायेगी पर दिहुली गाँव के पीड़ित कहते हैं कि 44 साल में तो उनके आँसू भी सूख गए हैं।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये लगेंगे डिस्प्ले कियोस्क

**एजेंसी**

अयोध्या। उत्तर प्रदेश में राम नगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालु राम मंदिर और हनुमानगढ़ी समेत अन्य मठ-मन्दिरों के खुलने की टाइमिंग से लेकर उनकी दूरी तक आसानी से जान सकेंगे।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इस पहल के तहत, चार महत्वपूर्ण जगहों पर डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे, जिनमें रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट शामिल हैं। ये कियोस्क वास्तविक समय के अपडेट और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हुए ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने इस परियोजना को लागू करने के लिए काम शुरू कर दिया है। सफलता मिलने पर अन्य स्थानों पर भी डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे। यह परियोजना अयोध्या के श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी।

श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया ल्ल हमारा उद्देश्य अयोध्या के श्रद्धालुओं को एक सुविधाजनक और सूचनात्मक अनुभव प्रदान करना है। डिस्प्ले कियोस्क लगाने से श्रद्धालु आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपने यात्रा को अधिक सुविधाजनक बना सकेंगे। यह परियोजना अयोध्या के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी। डिस्प्ले कियोस्क पर्यटकों को अयोध्या के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे और उन्हें शहर के विभिन्न आकर्षणों के बारे में बताएंगे। योगी सरकार की यह नई पहल अयोध्या के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी। यह परियोजना शहर के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी। एक कियोस्क की ढाई लाख के करीब है। कियोस्क पर एक टच स्क्रीन इंटरफ़ेस होगा, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कियोस्क पर वॉइस कमांड की सुविधा भी हो सकती है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा कियोस्क पर एक क्यूआर कोड स्कैनर भी हो सकता है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा होगी, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक ऑनलाइन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कियोस्क पर एक पॉवर बैकअप सिस्टम होगा, जिससे बिजली कटौती की स्थिति में भी कियोस्क संचालित रहेगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | MPS-2025-2 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Multi-Purpose Stall at Lucknow and Varanasi stations of Lucknow Division for a period of five (05) years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.03.2025 at 14:00:00 |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.03.2025 till 14:40:00 |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

778/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वजीरगंज का गलीबाज थानेदार : भाग जाओ.. नहीं तो इतना जूता मारूंगा....भाग यहां से...दिखाई मत देना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। नाबालिग लड़की की बरामदगी की फरियाद लेकर थाने पहुंचे पिता-पुत्र को थानाध्यक्ष ने न सिर्फ मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां दी, बल्कि गालियां देते हुए थाने से भगा दिया। बेलगाम थानेदार द्वारा पीड़ित को गालियां देने का ऑडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हालांकि,मानवता को शर्मसार कर देने वाले वायरल ऑडियो की पुष्टि 'कैनविज टाइम्स' नहीं करता है।जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक नाबालिग लड़की दो माह पहले रात्रि में अचानक घर से गायब हो गयी।इस मामले में पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।एफआईआर दर्ज होने के बाद पीड़ित को जानकारी मिली कि उसकी पुत्री को उसके सगे भाई की बहू, पुत्री व उसके साले अजय निवासी ग्राम सोनबरसा,सीतापुर द्वारा साठगांठ करके सीतापुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर गायब कर दिया है।पीड़ित पिता ने वजीरगंज पुलिस को तहरीर दी और आशंका जताई कि उसकी पुत्री का शारीरिक शोषण करके उसकी हत्या कर शव को गायब कर दिया गया है, जिसके फलस्वरूप उसकी बेटी का पता नहीं चल पा रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा की गयी शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने सीतापुर के रहने वाले आरोपी को हिरासत में लिया, लेकिन उसकी उक्त आपराधिक मुकदमे में न तो गिरफ्तारी दिखाई और न ही जेल भेजा गया, बल्कि अनुचित लाभ लेकर धारा 151 के तहत चालान कर तहसील तरबगंज भेज दिया गया। वजीरगंज पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने से निराश होकर पीड़ित पुलिस अधीक्षक के दरबार में पेश हुआ और आरोपियों के विरूद्ध जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई। पीड़ित ने बताया कि उसने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे में नामजद आरोपियों को मुल्जिम बनाए जाने तथा धाराओं में बढ़ोतरी किए जाने की मांग की। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके घर से जेवरात व मोबाइल फोन आदि आरोपियों द्वारा गायब किया गया है। उसने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को बताया कि आरोपियों द्वारा उस पर दबाव बनाया जा रहा है और पैरवी बंद कर देने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने यह भी बताया कि इस मामले में साक्ष्य के तौर पर आरोपियों की वाइस रिकॉर्डिंग उसके पास है। इस मामले में सबसे गंभीर बात यह है कि दो महीने बाद भी पुलिस न तो लड़की को बरामद कर सकी है और न ही आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है। पीड़ित पिता-पुत्र जब आरोपियों को गिरफ्तार करने और अपनी नाबालिग बेटी की बरामदगी की फरियाद लेकर वजीरगंज थाने पर पहुंचे तो थानाध्यक्ष अभय सिंह आग बबूला हो गये और फरियादी को मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए थाने से भगा दिया। थानाध्यक्ष ने यहां तक कह दिया कि भाग जाओ.. नहीं तो इतना जूता मारूंगा....भाग यहां से....दिखाई मत पड़ना...। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक तरबगंज, उमेश्वर प्रभात सिंह ने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**एक नहीं,यहां से गायब हैं सात लड़कियां**

वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने पीड़ित से कहा कि पुलिस के पास इतना समय नहीं है कि सिर्फ तुम्हारी ही लड़की को ढूंढती रहे। तुम्हारी बहन है, तुमको नहीं पता है। हम लोग गये रहे। इस क्षेत्र से सात लड़कियां गायब हैं। मालूम है कि नहीं? सबको हम लोग ढूंढ रहे हैं।

**क्या कहते हैं वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह**

इस संबंध में वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह का कहना है कि उन्होंने किसी भी पीड़ित को कोई गाली नहीं दी है। उन्होंने कहा कि हमारे संज्ञान में ऐसी कोई घटना नहीं है। यह बताने पर कि इस मामले में एफआईआर भी दर्ज है, थानाध्यक्ष ने कहा कि अरे एफआईआर दर्ज है भैया, मैंने उसमें बरामदगी के लिए तमाम प्रयास किए हैं। दौड़ रहे हैं रोज।उन्होंने कहा कि एक लड़की बरामद हुई है। कई मुकदमे लिखे गए हैं लड़कियों के। प्रयास जारी है। उसमें भी बरामदगी हो जाएगी।उन्होंने कहा कि जब तक लड़की बरामद नहीं होगी। उसका बयान नहीं होगा, तब तक हम क्या कर लेंगे...?

## महराजगंज घटना के 05 अभियुक्तों के विरुद्ध लगाया गया एन.एस.ए.

बहराइच । जनपद की तहसील महसी अन्तर्गत 13/14 अक्टूबर 2024 को कस्बा महराजगंज थाना क्षेत्र हरदी में मॉ दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान अराजक तत्वों द्वारा मूर्ति विसर्जन जुलूस के ऊपर पथराव कर लोक व्यवस्था भंग करते हुए जुलूस के साथ चल रहे एक व्यक्ति राम गोपाल मिश्रा की हत्या कर दी गयी थी, जिसमें मृतक के भाई हरी मिलन पुत्र कैलाशनाथ निवासी रेहुआ मंसूर थाना रामगॉव जनपद बहराइच के लिखित तहरीर पर थाना हरदी में 6 नामजद व अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध मु.अ.सं.-369/24 धारा-191 (2), 191(3), 190, 103 (2) 249, 61 (2) भारतीय न्याय संहिता व धारा-30 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में कुल 13 अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप प्रमाणित होने पर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। सभी अभियुक्त न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार में निरूद्ध हैं।

# डीएम व सीडीओ ने उज्ज्वला लाभार्थियों को वितरित किया सब्सिडी का चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिला पंचायत सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जनपद के महिला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के चेक वितरित किए गए।कार्य क्रम में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जा रही है।इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 519 की सब्सि डी दी जा रही है।इस अवसर पर लाभार्थी महिलाओं ने सर कार की इस पहल के प्रति आभार जताया और कहा कि इससे उनके घरेलू बजट में राहत मिलेगी।कार्यक्रम के दौरा न जनपद के 150 लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल स ब्सिडी चेक वितरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन,लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योज ना से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महि लाओं को धुएं से मुक्ति मिल रही है और अब सरकार स ब्सिडी देकर उन्हें और राहत प्रदान कर रही है।उन्होंने अ धिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ हर जरू रतमंद तक पहुंचे और इसमें किसी भी प्रकार की लापर वाही न हो।भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने क हा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई उज्ज्वला योजना ने महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य महिलाओं को आत्म निर्भर बनाना और उनकी सेहत की सुरक्षा करना है।

**कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने की खुशी जाहिर**

कार्यक्रम के अंत में जिला पूर्ति अधिकारी डीपी सिंह ने बताया कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत सब्सिडी वितरण का कार्य सुचारू रूप से जारी रहेगा,ताकि सभी पात्र ला भार्थियों को इसका लाभ मिल सके।कार्यक्रम के इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, उपायुक्त खाद्य विजय प्रभा,जिला पूर्ति अधिकारी कुँवर दिनेश प्रताप सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, सेल्स अफसर चेतन शर्मा,मंगलम गैस के प्रबंधक डीपी सिंह,शिवम मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# योगी के आदेश पर भारी पड़े गुरु नानक चौकी प्रभारी और ट्रैफिक प्रभारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में डग्गामार वाहनों का राज सिर्फ सड़कों पर ही नहीं है,चौराहों और गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने चौकी प्रभारी और ट्रैफिक के प्रभारी के सामने चल रहा है, और ड़गा मार बसों और टैक्सियों का सड़क पर कब्जा है। भले ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए सख्त हों लेकिन गोण्डा जिले में इसका असर नहीं दिखता।अवैध टैक्सी स्टैंड से अव्यवस्था एं फैल रही हैं और आए दिन विवाद होते हैं,लेकिन जिम्मे दार बेखबर बने हुए हैं।नगर कोतवाली से दो सौ मीटर की दूरी पर रोडवेज बस स्टैंड के निकट बनी गुरु नानक पुलि स चौकी के सामने डग्गामार वाहन बीच सड़क पर खड़ी करके बेधड़क सवारियां भरते हैं।ट्रैफिक और नगर पुलिस इनको नहीं रोकती यही हाल झंझरी ब्लॉक के सामने का है।यहां पर भी बड़ी संख्या में मैजिक और टाटा खड़ी की जाती हैं,जो रगड़गंज, उमरी,तरबगंज के लिए सवारियां ले जाती हैं।जीआईसी गेट,



**आरटीओ परिवर्तन दल सख्त,चौकी प्रभारी व ट्रैफिक प्रभारी की लचर व्यवस्था से सड़क पर अवैध टैक्सी स्टैंड**

गुरु नानक चौराहे से थोड़ा आगे, रोडवेज बस अड्डा के पास आदि लगभग शहर के कई चौराहों और अन्य हिस्सों में अवैध टैक्सी स्टैंड बने हैं।धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जा रही है,लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं,जो एक बड़ी लापर वाही है।परिवहन विभाग के अफ सर तो अंजान हैं पुलिस और नगर पालिका के अफसर भी आंख बंद किए बैठै हैं।वही कई ऐसी कई लग्जरी गाड़ियां हैं जिस पर पुलिस लि खा हुआ है वह पुलिस की दबंगई के दिखाकर बीच सड़क पर गाड़ी को खड़ी कर देते हैं और सवारियों को बैठे रहते हैं जिससे कि सुबह स्कूल जाने वाले बस से बच्चों को जा म के झाम से जूझना पड़ता है।सुबह होते ही रोडवेज बस स्टॉप के निकट गुरु नानक चौराहे से लेकर एलबीएस चौरा हे तक प्राइवेट टैक्सी वालों का जमवाड़ा लग जाता है जो की पैदल चलने वालों के लिए भी मुसीबत खड़ी हो जाती है।वही डीआईजी के आदेश पर एक दिन सिर्फ खानापूर्ति के लिए अवैध टैक्सी स्टैंड और ठेले वालों के खिलाफ सि र्फ खानापूर्ति के लिए कार्रवाई की गई थी उसके दूसरे दिन फिर टैक्सी स्टैंड इसी तरह आबाद हो गए है।सूत्र बता रहे हैं कि डीआईजी साहब के आदेश पर गुरु नानक चौकी प्र भारी और ट्रैफिक प्रभारी भारी पड़ रहे हैं।

**परिवर्तन दल सड़क पर खड़े वाहनों का कर रहा चालान, चौकी इंचार्ज और ट्रैफिक प्रभारी सड़क पर खड़े हो रहें वाहन को देखकर बन रहे अनजान...**

सूत्र बता रहे हैं कि यातायात प्रभारी का चार्ज संभाल रहे हैं और वह अपनी सेटिंग गेटिंग के अनुसार काम क़र रहे है मरता क्या नहीं करता मोटर मालिकों के अंदर डर समा ग या मोटर मालिक ने साहब से सेटिंग गेटिंग करके अब अप नी गाड़ियों को गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने रोड वेज बस स्टैंड के निकट मुख्य चौराहे पर खड़ी करके सवारी बैठाते हैं चाहे रोड क्यों ना जाम हो जाए क्योंकि यहाँ तो साहब सिर्फ महीने में सुविधा शुल्क चाहिए।क्योंकि सूबे के सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवीपाटन मण्डल औ र आईआईजी साहब ने आदेश दिया था कि डग्गामार वाह न को सड़क से हटाया जाए जिससे कि लोगो को जाम से लोगों को मुक्ति मिल जाए लेकिन चौकी प्रभारी और ट्रैफि क प्रभारी ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदे श पर भारी पड़ रहे हैं और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ के आदेश को हवा में उड़ा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सम्पन्न हुआ 139 कन्याओं का विवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व परिजनों ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद**

**बाबुल का ऑगन बना गेंद घर परिसर**

बहराइच । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गेंद घर परिसर बहराइच में जिले के समस्त विकास खण्डों एवं नगर निकायों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की हिन्दू समुदाय की 122 व मुस्लिम समुदाय की 17 सहित कुल 139 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर ज़रूरतमन्द तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु केन्द्र व राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। श्री जायसवाल ने सामूहिक विवाह जैसी योजना संचालित करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश में प्रतिवर्ष 01 लाख से अधिक गरीब कन्याओं के विवाह हेतु बजट का प्राविधान किया गया है।

विधायक प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने प्रथम वेदी पर बैठकर विधिवत पूजा पाठ सम्पन्न करने के उपरांत हिन्दू सप्तपदी विवाह विधि से कन्याओं का कन्यादान करते हुए, समस्त जोड़ों का अपना आशीर्वाद प्रदान कर नव दम्पत्तियों को वैवाहिक सामग्री और मिष्ठान का वितरण भी किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी, फखरपुर अजय प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बडी संख्या में वर वधू पक्ष के सगे सम्बन्धी मौजूद रहे।

# रेलयात्री सावधान:बेस किचन में गंदगी के बीच रेलवे स्टेश न का तैयार हो रहा है खाद्य सामग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। रेलवे स्टेशन पर बेची जाने वाली खाद्य सामग्री गंद गी के बीच तैयार की जा रही है जिसे कोरोना अलर्ट के बाद कुछ हद तक सुधार कर लिया गया था लेकिन गोंडा रेलवे स्टेशन के बाहर सहकारी गैस एजेंसी गोदाम के साम ने बने बेस किचन में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।गंदगी के बीच रेल यात्रियों का खाना तैयार किया जा रहा है।गो ण्डा रेलवे स्टेशन पर बिकने वाले पूरी सब्जी,छोले भटूरे और समोसे के कारखाने में गंदगी अम्बार लगा हुआ है।बता दें कि रेलवे स्टेशन के पास एक पुराने से घर में छोले भटूरे,पूरी सब्जी और समोसे बनाने का कारखाना चलाया जा रहा है जहां गंदी सी कढ़ाई में समोसे के अंदर भरे जाने वाले आलू की सब्जी बनाई जा रही है ऐसी ही गंदगी में समोसा को बनाया जा रहा है।खुले में छोले भटूरे रखे जाते हैं।मक्खिया भिन्न-भिन्नाती रहती हैं।वहीं जिस तेल में समो सा,पूरी,भटूरा बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है वह पुराना और काला दिख रहा था जिसमें लगातार समोसे ब नाए जा रहे थे सफाई एवं खाद्य सामानों की गुणवत्ता से खिलवाड़ क़र रहें है।किचन में सफाई का बिल्कुल भी ध्या न नहीं रखा जा रहा है।यही कारण है कि उसके खाने से बीमार होने का खतरा रहता है।रेलवे स्टेशन पर अक्सर अ धिकारी निरीक्षण के दौरान इसी बात को लेकर फटकार लगाते हैं कि जिस जगह पर खाने-पीने का सामान तैयार किया जा रहा हो वहां पर सफाई का विशेष ध्यान रखा जा ए।बेस किचन में खुलेआम गंदगी के बीच खाद्य सामग्री तैयार की जाती है और यात्री भूख मिटाने के लिए वही दू षित खाना खाने को यात्री मजबूर होकर खाते हैं जिससे न केवल वह फूड पाइजनिंग का शिकार हो सकते हैं,बल्कि उन्हें अन्य बीमारियां भी हो सकती है।

**नहीं ढंका जाता है सामान**

स्टेशन पर बिकने वाली अधिकांश सामग्री ढंक कर नहीं बेची जाती है।क्योंकि वेंडर उसे लोगों को दिखाकर बेचते हैं जिसमें दाल-चावल,सहित अन्य खुली सामग्री बेची जा रही है जो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के विरुद्ध है।इसमें हमे शा ही मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं जो कई बीमारियों का कारण बनती हैं।



## यूनाइटेड जर्नलिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने पत्रकार की हत्या पर की कड़ी निंदा

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । सीतापुर जिले में दैनिक जागरण संवाददाता राघवेन्द्र बाजपेई की दिन दहाडे गोली मारकर निर्मम हत्या किये जाने के विरोध में यूनाइटेड जर्नलिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन आफॅ उत्तर प्रदेश, बहराइच द्वारा राज्यपाल को संबोधित एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया और त्वरित कार्यवाही करने की मांग की। यूनाइटेड जर्नलिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन आफॅ उत्तर प्रदेश, बहराइच की टीम ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए मांग की दोषियों को गिरफ्तारी कर एवं उच्च स्तरीय जाँच कर कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाए। स्व0 राघवेन्द्र बाजपेई की पत्नी को 1 करोड़ रू0 का मुआवजा की राशि सरकार द्वारा दी जाय एवं उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए।सभी पत्रकारों के लिये सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत नये कानून बनाकर पत्रकारों को सुरक्षा दी जाय। सभी पत्रकारों का 50 लाख रूपये का बीमा कराया जाय। सभी पत्रकारों को सुरक्षा जिला स्तरीय प्रशासन द्वारा प्रदान की जाय। ज्ञापन देने वालों में सुहेल युसुफ जिलाध्यक्ष, मोहम्मद आरिफ जिला महासचिव, तौहीद अहमद जिला महासचिव/मिडिया प्रभारी), बी0एस0 श्रीवास्तव जिला महासचिव, प्रशासनिक कार्य आदि शामिल रहे।

## पेयजल परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता कार्य की डीएम ने की समीक्षा

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमृत 2.0 कार्यक्रम अन्तर्गत पेयजल योजनाओं हेतु जरवल व सदर में हेतु भूमि का चिन्हांकित किये जाने, भूमि के अविवादित होने एवं प्रभारी अधिकारी द्वारा सम्बन्धित प्रकरणों की स्वयं समीक्षा किये जाने के सम्बन्ध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने पेयजल योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि जरवल के मोहल्ला सराय तकिया कटरा दाक्षिणी में चिन्हित भूमि विवादित है। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी कैसरगंज को निर्देश दिया गया कि विवाद सुलझा कर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराएं। इसी प्रकार तहसील नानपारा में पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में एसडीएम नानपारा को निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही भूमि चिन्हित कराकर अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को अवगत करा दें। डीएम मोनिका रानी ने प्रभारी अधिकारी नगर निकाय/एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि नगर निकायों में भूमि उपलब्धता की स्वयं समीक्षा कर ले। शिरोपरि जलाशय के निर्माण हेतु तहसील सदर में 02 व मिहींपुरवा में 03 स्थानों पर भूमि की उपलब्धता के सम्बन्ध में तहसीलदार सदर ने बताया कि ग्राम जगतापुर व मोहम्मदनगर में चिन्हित की गई भूमि के सम्बन्ध में अधि.अभि. जल निगम द्वारा भूमि को आबादी से दूर होने पर अनुपयुक्त बताया गया है। डीएम ने एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया कि दसरे उपयुक्त स्थान पर शीघ्र ही भूमि चिन्हित करें। तहसीलदार मिहींपुरवा ने बताया कि शिरोपरि जलाशयों हेतु ग्राम मिहींपुरवा एवं मोतीपुर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। जबकि 01 स्थान के लिए भूमि चिन्हांकन की कार्यवाही की जा रही है। एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया कि अवशेष भूमि का शीघ्र चिन्हांकन कर विभाग को अवगत करा दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह 22 मार्च को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल एम.सी. ध्यानी ने बताया कि 22 मार्च 2025 को जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बहराइच में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन प्रस्तावित है। श्री ध्यानी ने बताया कि समारोह में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मैडिकल कैम्प, ईसीएचएस योजना एवं स्पर्श से सम्बन्धित जानकारी, सीएसडी कैंटीन की सुविधा, स्वत: रोजगार एवं विभागीय कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ आर्थिक सहायता वितरण भी किया जायेगा। श्री ध्यानी ने भूतपूर्व सैनिक/दिवंगत सैनिक के आश्रितों को अधिक से अधिक संख्या में आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।



## नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों ने शिक्षकों संग खेली होली

नानपारा, बहराइच। बुधवार को नगर के राम नारायण मदेशिया सरस्वती शिशु मंदिर में नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक दूसरे संग खूब जमकर होली खेली और उत्साहपूर्वक होली का पर्व मनाया साथ ही बच्चों ने अबीर गुलाल लगाकर अपने शिक्षकों को होली की बधाई दी। शिक्षको ने भी बच्चों को होली से जुड़ी तमाम रोचक बातों को बताने के साथ ही कहा कि होली खुशहाली और आपसी भाईचारे का पर्व है, इसे हमेशा मिलजुलकर आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। बच्चों ने भी बड़ी उत्सुकता के साथ होली के रंगों के बारे में सवाल किया और काफी उत्साहित नजर आए। छुट्टी होने के बाद बच्चे लंबे समय तक होली का आनंद लेते रहे और एक दूसरे को रंग लगाते रहे। इस मौके पर विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# ब्लॉक पड़रीकृपाल नरौरा अर्जुन गाँव में मनरेगा में खेल, सैकड़ों की हाजिरी सिर्फ 10-12 श्रमिकों की ही फोटों

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**ग्राम पंचायत नरौरा अर्जुन में फर्जी हाजिरी दिखा बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े का अंदेशा जिम्मेदार अधिकारी क़र रहें है लीपापोती**

**पड़री कृपाल ब्लॉक में मनरेगा में फर्जीवाड़े अगर जांच हो जाए तो डीसी मनरेगा,एपीओ आएंगे जांच के दायरे में**

**पड़री कृपाल ब्लाक में फर्जीबाड़े के मास्टर माइंड बताये जाते एपीओ : सूत्र**

गोण्डा । विकासखंड पड़री कृपाल की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़का लगाने में विख्यात हो चुके एपीओ के बारे में ग्राम पंचायतों के मनरे गा मजदूरों में आम चर्चा रहती है कि वह जिस गांव में तैना ती होती है वहीं पर मनरेगा मजदूरों के हितों को रौंदकर उ नकी फर्जी हाजिरी लगाकर बगैर काम किये ही उनकी फो टो अपलोड करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं।ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत नरौरा अर्जुन का प्रकाश में आया है जहां ऑनलाइन हाजिरी में फर्जी फोटो अपलोड करने से नहीं चूके।मिली जानकारी के अनुसार विकास खण्ड पड़री कृपाल की ग्राम पंचायतों में मनरेगा की हाजिरी बड़ा फर्जी वाड़ा हो रहा है।बानगी के तौर पर ग्राम पंचायत नरौरा अ र्जुन में 115 श्रमिकों की हाजिरी के लिए दस से बारह लो गो खड़ा करके एक ही फोटो दर्शाकर काम का मस्टर रोल अपलोड कर दिया गया है।ऐसा मामला ऑनलाइन पकड़ में आया है।वही हालत यह है कि काम कोई और करें और फोटो किसी और की अपलोड हो रही है।सूत्र बता रहें है कि महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फोटो दर्शाई जा रही है।यह हाजिरी ऑनलाइन में रोजगार सेवक या महिला मेट करते है।वही लोगों ने बताया कि हाजिरी में जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है।एक ही फोटो कई मस्टर रोल में अपलोड कर दी जा रही हैं।इस समय पड़री ब्लॉक क्षेत्र के नरौरा अर्जुन गांव में जोर शोर से तालाब का सौंदर्य कर ण खुदाई, समतलीकरण सहित अन्य काम चल रहा है। इसमें फर्जीवाड़ा भी चल रहा है।नरौरा अर्जुन ग्राम पंचायत में 11 मार्च को दो प्रोजेक्ट पर 115 महिला व पुरुषों की हाजिरी पोर्टल पर अपलोड की गई।लेकिन पोर्टल पर बार- बार फोटो एक ही अपलोड कर कई मस्टर रोल में काम दिखा दिया गया है।जो फोटो पोर्टल पर अपलोड की गई है वो गर्मी के मौसम की है,ताज्जुब कि बात यह है कि 6 मा र्च से 11 मार्च तक अपलोड की गई फोटो एक ही है। अ धिकारियों ने निगरानी नहीं की।इससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदारों की मिलीभगत बड़े स्तर पर है।वही सीडीओ अंकिता जैन ने कहा कि इस तरह मामला है तो कड़ी कार्य वाही होगी,दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।शासन द्वारा संचालित योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

**पारदर्शी व्यवस्था में सेंधमारी लगाने से चूक नहीं रहे**

ग्राम पंचायत नरौरा अर्जुन में श्रमिकों की जो फोटो अप लोड की गई है,उनके पास न तो फावड़ा है न डलिया है औ र न ही अन्य उपकरण,फिर भी जिम्मेदारों ने नेशनल मोबा इल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) पर फर्जी पोटो अ पलोड कर काम करते दर्शा दिया।मनरेगा के वेब पोर्टल और मॉनिटरिंग सिस्टम पर जो फोटो अपलोड की गई है। सूत्रों के मुताबिक पोटो किसी तलाब में खड़ा करके की है,और पुरानी है।वर्तमान में कोई कार्य महीनों से नहीं हुआ है।सूत्र बता रहें है कि अपलोड की गई पोटो प्रारंभिक जां च में पोटो से फोटो खींचकर अपलोड किए जाने की पुष्टि हुई।क्लस्टर प्रभारी,एपीओ,बीडीओ कितने संजीदगी से निगरानी कर रहे है।यह स्पष्ट नजर आ रहा है।

# डीएम ने ग्राम पंचायत करौंदी में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । तहसील अमेठी के संग्रामपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत करौंदी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिलाधिकारी निशा अनंत ग्रामीणों के मध्य पहुंचकर उनसे सीधा संवाद स्थापित किया एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों से लाभ मिलने की जानकारी ली तथा उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं एवं उनके सुझावों को सुना एवं प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया। चौपाल में जिलाधिकारी ने एक-एक करके ग्राम वासियों से शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली, सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम वासियों से राशनकार्ड एवं राशन मिलने की जानकारी ली जिस पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कोटेदार द्वारा प्रति यूनिट के हिसाब से पूरा राशन दिया जाता है ग्रामीणों द्वारा कोटेदार की सराहना की गई जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की। इसके साथ ही उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति हो तो उसका भी राशन कार्ड बनाया जाय। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान सीमा यादव से पंचायत भवन बने होने की जानकारी ली तथा उसमें पंचायत सचिव, लेखपाल, पंचायत सहायक के बैठने की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने लेखपाल को निर्धारित तिथियों में पंचायत भवन में बैठकर ग्राम वासियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिया तथा तहसीलदार अमेठी को लेखपालों के आवंटित ग्राम पंचायतों में पंचायतवार रोस्टर जारी करने को कहा।जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम वासियों से पेंशन योजना का लाभ मिलने की जानकारी ली, पंचायत सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत में चौहत्तर,वृद्धावस्था पेंशन, सैंतीस निराश्रित पेंशन के लाभार्थी हैं जिनको पेंशन दी जाती है जिलाधिकारी ने पेंशन के लंबित आवेदनों का परीक्षण करते हुए उन्हें निस्तारित करने के निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम वासियों से गांव में शौचायलयों के निर्माण एवं गांव में साफ सफाई के बारे में जानकारी ली एवं समुचित साफ सफाई कराए जाने के निर्देश ग्राम प्रधान को दिया। वही चौपाल में कुछ ग्राम ग्रामीणों द्वारा आवास ना मिलने की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में नवीन आवास का सर्वे चल रहा है उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की आवास की पात्रता का सर्वे पूरी ईमानदारी से करें जो लोग पात्र हैं उनका ही नाम आवास सूची में सम्मिलित किया जाए तथा पात्रता सूची को पंचायत भवन में चस्पा भी किया जाए। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल ना लगाए जाने की शिकायत किया जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से मामले की जानकारी ली, अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि ग्राम पंचायत में वर्तमान में जल जीवन मिशन का कार्य प्रगति पर है कुछ घरों को छोड़कर प्रत्येक घर में टोंटी लगाई जा चुकी है शेष का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही ग्राम वासियों द्वारा गांव की छोटी-मोटी समस्याओं से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया गया जिसके निस्तारण हेतु डीएम ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। चौपाल में डीएम ने कहा कि सभी लोग मिलकर गांव के विकास के हित में कार्य करें। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता की। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि समूह से जो पैसे लेती हैं उससे पशुपालन, पढ़ाई, घर बनाने एवं अन्य रोजगार व उद्यम का कार्य करती है लिए गए पैसे का समय से भुगतान भी करती हैं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत करौंदी का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक बांटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र उपस्थित रहे। वितरण से पूर्व माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी टीवी के माध्यम से किया गया जिसका उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व लाभार्थियों द्वारा अनुश्रवण किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के समाप्ति के उपरांत जनपद के उज्ज्वला लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने जन सामान्य के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं जिनका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विशेष कर महिलाओं, बालिकाओं के लिये विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं जिसमें एक उज्ज्वला योजना भी है जिसके तहत आज महिलाओं को निशुल्क गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुये उपस्थित लोगों को होली पर्व की बधाई दी। जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में जनपद के उज्ज्वला योजना अंतर्गत डेढ़ सौ लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया था जिन्हें जनप्रतिनिधियों के द्वारा निःशुल्क सिलेंडर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष के प्रथम चरण में माह अक्टूबर 2024 से दिसंबर 2024 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक निशुल्क सिलेंडर प्रदान किया जा रहा है जनपद अमेठी में प्रथम चरण में 88086 तथा द्वितीय चरण में 53723 लाभार्थियों को निशुल्क एलपीजी सिलेंडर की रिफिल प्राप्त कराई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना मे सामाजिक आर्थिक जातीय जनगणना में शामिल महिला लाभार्थियों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है जिसमें एक नया घरेलू कुकिंग गैस सिलेंडर, एक रेगुलेटर, एक पाइप, डबल बर्नर का एक चूल्हा व पुस्तिका तथा इंस्टॉलेशन निशुल्क प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 1.0 के अंतर्गत जनपद अमेठी में कुल 132430 गैस कनेक्शन निर्गत हुए हैं जिसके अंतर्गत 170101 लाभार्थियों को निशुल्क गैस कनेक्शन निर्गत किया गया है। इस प्रकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रथम तथा द्वितीय के अंतर्गत जनपद अमेठी में कुल 302531 लाभार्थियों को निशुल्क गैस कनेक्शन निर्गत करते हुए लाभार्थियों को इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त उज्ज्वला योजना के नोडल अधिकारी अमरेश सहित अन्य अधिकारी तथा लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अधिवक्ता परिषद अवध इकाई सुल्तानपुर की तरफ से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन अधिवक्ता सभागार कालेक्ट्रेट परिसर सुल्तानपुर मे किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ प्रीति प्रकाश संयोजकएवं प्रवक्ता राणा प्रताप डिग्री कॉलेज सुल्तानपुर, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे रेनू सिंह, रचना सिंह, संगीता शुक्ला, रही। वक्ता के रूप मे द्वारिका प्रसाद द्विवेदी एडवोकेट, अरुण उपाध्याय एडवोकेट, रणजीत सिंह एडवोकेट रहें। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सरदार रणजीत सिंह एडवोकेट, संतोष पाठक एडवोकेट, समरबहादुर सिंह एडवोकेट, विपिन मिश्रा एडवोकेट जयंत सिंह एडवोकेट, संतोष मिश्रा एडवोकेट पुष्पलता मौर्य एडवोकेट, प्रतिमा सिंह एडवोकेट, वर्षा उपाध्याय एडवोकेट, आशाकिरन जायसवाल एडवोकेट आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश मिश्रा ने किया, अंत मे अध्यक्ष महोदय ने आये हुवे अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये उपस्थित सभी अधिवक्ता वंन्धुवो का आभार प्रकट करते हुये कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# पत्रकार की नृशंस हत्या के संबंध में राज्यपाल को भेजा नौ सूत्रीय ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। विगत दिवस सीतापुर जिले के महोली कस्बे में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की निर्मम हत्या से प्रदेशभर के पत्रकारों में आक्रोश है। तहसील बल्दीराय के पत्रकारों ने बुधवार को इस वीभत्स घटना के खिलाफ पत्रकार भोला मिश्र व पवन दूबे के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन भेजा है। पत्रकारों ने इस कायराना हत्या की कड़ी निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन में मांग की गई कि इस जघन्य हत्याकांड की सीबीआई जांच कराई जाए ताकि साजिशकर्ताओं का पर्दाफाश हो सके साथ ही, दोषियों को कड़ी सजा दिलाने,पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता,परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा सुरक्षा के मद्देनजर परिवार को शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग की गई है।

तहसील के समस्त पत्रकारो ने प्रदेशभर के पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कानून बनाने और सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी करने की अपील की है। इसके अलावा पत्रकारों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने हेतु सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की भी मांग रखी गई।

जिस पर उप जिलाधिकारी गामिनी सिंगला ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह, इम्तियाज अहमद खान, तकी मेहंदी, सरवर अहमद, बब्बन वर्मा, प्रेम प्रकाश वर्मा, युधिष्ठिर सिंह, रामकृष्ण पांडे, सुनील सिंह, ज्ञानेन्द्र तिवारी, रूपेश द्विवेदी, राकेश यादव, विपिन विश्वकमा,र् सुधा सिंह, राजाराम त्यागी, द्वारिका पांडे, प्रदीप मिश्रा, कर्मराज शर्मा, पी पी सिंह, रंजीत सिंह, राम सुभावन यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# समाज कल्याण अधिकारी पर लगे वसूली के आरोप में समाज कल्याण मंत्री ने दिया जांच का निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अमेठी के समाज कल्याण अधिकारी पर जबरन अपनी पत्नी के खाते में चालीस हजार रुपया डलवाने का मामला**

**अयोध्या मण्डल के उपनिदेशक करेंगे जांच और बीस मार्च को मंत्री ने मंगवाई जांच रिपोर्ट**

अमेठी । जनपद अमेठी में तैनात जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल पर विभाग के बाबू गोकुल प्रसाद ने रिश्वत लेने का गम्भीर आरोप लगाया है। बाबू ने जिलाधिकारी अमेठी को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि समाज कल्याण अधिकारी द्वारा डरा धमका कर मोबाइल से चालीस हज़ार रुपया बलपूर्वक अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने अयोध्या मण्डल के उपनिदेशक को मौके पर भेजकर जांच करवाने का निर्देश विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत को दिया है।बाबू गोकुल प्रसाद का आरोप है कि छब्बीस दिसम्बर को समाज कल्याण अधिकारी ने अपने चैंबर में बुलाया और बल पूर्वक मोबाइल लेकर फोन-पे का पासवर्ड प्राप्त कर अपनी पत्नी डॉ. अंजू शुक्ला के खाते में चालीस हज़ार रुपया ट्रांसफर कर लिया। बाबू ने अपनी शिकायत में रुपये के लेनदेन का एक साक्ष्य भी दिया है।शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बीस मार्च को इस मामले की जांच रिपोर्ट से अवगत कराने का निर्देश दिया है। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार ज़ीरो टोलरेंस के तहत भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार प्रहार कर रही है। विभाग में किसी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो।

# व्यापार पत्रिका भेंट कर, व्यापारियों नें दी होली की शुभकामनायें

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के निर्देशन में जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया व जिला अध्यक्ष विजय प्रधान के नेतृत्व में संगठन ने अपनी व्यापार पत्रिका की प्रति जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी , अपर पुलिस अधीक्षक को भेंट कर रंगों के पर्व होली की शुभकामनायें प्रेषित की।

प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय ने संगठन के द्वारा किए गए पूरे वर्ष के कार्यों को सूक्ष्म रुप से बताते हुए उत्तर प्रदेश में संगठन की महत्ता को परिभाषित किया। वरिष्ठ जिला महामंत्री अंबरीश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को होली के पर्व पर चौक घंटा घर के साथ साथ जनपद के सभी बाजारों में उचित सुरक्षा व्यवस्था किए जाने का अनुरोध किया। इस मौके पर क्षेत्रिय प्रभारी अमर बहादुर सिंह, जिला संगठन महामंत्री, नगर युवा अध्यक्ष आशुतोष झा, जिला युवा महामंत्री अंकित अग्रहरि, जिला युवा अध्यक्ष आकाश जायसवाल,नगर अध्यक्ष पारितोष गुप्ता, नगर महामंत्री दीपक जायसवाल, विनोद चौरसिया, आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## आशासंगिनी कर्मचारी संगठन ने सौपा सात सूत्रीय मांग पत्र

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की आशा-आशासंगिनी कर्मचारी संगठन सम्बंद्ध भारतीय मजदूर संघ ने अपने कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को दूर करने के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौपा सात सूत्रीय मांग पत्र। इसमें अवगत कराया अभी तक का लंम्बित भुगतान कराया जाय ब्लाक स्तरीय सुविधा प्रदान कराये जनपद के सभी ब्लाको में आशा-आशासंगिनीयों के कार्यकुशलता का विवरण प्रत्येक माह अवगत कराये। आशा शिकायत निवारण समिति जो निष्क्रिय हो गई है उसे सक्रिय किया जाय। आभा एवं आयुष्मान कार्ड के भुगतान प्रतिमाह कराना सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर किरन शुक्ला जिला अध्यक्ष, गुंजा सिंह जिला मंत्री, एंव रंजना शर्मा जिला उपाध्यक्ष मौजूद रही।

## उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में थाने में मीटिंग हुई आयोजित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत नगर इकाई के नगर अध्यक्ष अरविंद अवस्थी की अध्यक्षता मे थाना परिसर में त्योहारों के संदर्भ में व्यापारियों के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया है।जिसमें थाना प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा ने सभी पदाधिकारी के साथ बैठक की साथ ही बैठक में संगठन के संरक्षक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता भी उपस्थित रहे हैं द्य।उन्होंने व्यापारी हितों में एवं नगर में आ रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की है।जिसमें नगर में सीसीटीवी कैमरा एवं अतिक्रमण को लेकर भी चर्चा की थाना प्रभारी ने सभी पदाधिकारी से त्योहार को ध्यान में रखते हुए प्रशासन का सहयोग करने के लिए कहा है।उन्होंने आश्वासन दिया की व्यापारी हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।बैठक में संगठन के चेयरमैन विक्रम नरेश जायसवाल,संगठन के महामंत्री विकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष एडवोकेट सुधीर सक्सेना, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ,कोषाध्यक्ष धीरज जायसवाल, मीडिया प्रभारी संदीप राठौर,सुमित गुप्ता, अरविंद शुक्ला, उमाशंकर वर्मा,सतीश अवस्थी, मुनीष त्रिवेदी, कल्लू गोस्वामी, रजत सागर सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे थे।

## संजय मिश्रा के खिलाफ सिख समुदाय में दिख रहा आक्रोश एएसपी से मिलकर की शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा के खिलाफ पूरनपुर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से सिख समाज संतुष्ट नहीं है।पूरनपुर पुलिस पर आरोप लगाते हुए। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा पूरनपुर के बैनर तले दर्जनों लोगों ने प्रभारी पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में संजय मिश्रा के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट में भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 शामिल करने की मांग की गई है। चार दिन पूर्व भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष के द्वारा रेस्टोरेंट संचालक को मोबाइल पर गाली गलौज जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसका ऑडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।यही नहीं केश को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। जिससे सिख समाज ने नाराजगी जताते आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने संजय मिश्रा का मात्र शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। इस पर सिख समाज के लोगों ने तहसील में पहुचकर विरोध करते हुए पूरनपुर पुलिस पर संरक्षण देने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता गुरनाम सिंह ने बताया कि मामले में एएसपी से शिकायत की है।

## सरकारी जमीन पर बन रहा गोदाम अवैध खनन से भरी रेत की पकड़ी ट्रॉली

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम रमनगना में कलीनगर निवासी एक व्यक्ति सरकारी जमीन पर अवैध रूप से गोदाम कई दिनों से बना रहा है। जिसमें अवैध मिट्टी खनन और रेत का जमकर प्रयोग किया जा रहा है। मामले की जानकारी पुलिस को हुई तो हड़कंप मच गया चौकी इंचार्ज ने एक ट्राली रेत पड़कर चौकी पर खड़ी करवा दी है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी कलीनगर देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले को दिखाया जा रहा है। इसकी पैमाइश कराकर प्रभारी कार्रवाई कराई जाएगी।

## अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी के साथ खेली होली

पूरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया बार एसोसिएशन के महासचिव पूर्णेंद्र शर्मा के नेतृत्व में अबीर गुलाल लगाकर होली को त्यौहार बड़ो ही हर्षोल्लास साथ मनाया है। बार एसोसिएशन के महासचिव पूर्णेंद्र शर्मा के उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह ने रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी हैं।

# परिषदीय विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया होली का त्यौहार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में होलिकोत्सव बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने बच्चों को होली से जुड़ी धार्मिक,आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक मान्यताओं से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि होली परस्पर प्रेम एवं सौहार्द का त्यौहार है और हमें इसे सभी भेदभाव भुलाकर मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को केवल प्राकृतिक रंगों से होली खेलने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों हेतु रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजयी रहने पर मीनाक्षी वर्मा, राजन, झलक वर्मा, खुशबू, दीपमाला, अंजलि, कृष्णा, पल्लव, ऋषभ, प्रांशी, पल्लवी, आस्था शर्मा, गुंजन, रेनू कुमारी, नितेश कुमार, शिवा, दीक्षा, साधना, हेमलता, काजल, प्रकाश और विपिन आदि विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दोपहर में बच्चों ने परस्पर और शिक्षकों के साथ जमकर होली खेली। बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल से सराबोर कर दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक की ओर से बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए हर्बल गुलाल, उपहार एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। विद्यालय की भोजन माताओं को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ममता देवी और प्राज्ञी अग्रवाल उपस्थित रहीं।

# महिला शिक्षक संघ ने होली के अवसर पर किया धमाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। महिला शिक्षक संघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूनम सहगल की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में महिला शिक्षक संघ की टीम ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम में एक दूसरे को गुजिया भी खिलाई हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वर्षा,दीपशिखा, परिणीता सिन्हा ,अर्चना, तानिया सरोज, शिवाली, मंजू ,गीता,अवंती, कामिनी, प्रीति,अनीता ,आकांक्षा,रंजन सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे हैं।

# सतरंगी जीत

होली से पहले ही हमारी क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर उल्लास-उमंग का ऐसा रंग दिया कि हर भारतीय निखर उठा। होली से पहले देश में दिवाली का भी जश्न मना। देश के कोने-कोने ही नहीं, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खूब तिरंगे लहराये। वहां तन-मन पर तिरंगे अहसास मुखरित हुए। निरंतर जीत की लय में नजर आ रही टीम ने देश की धड़कनों को उस समय ऊंचाई दी जब फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। एक ऐसी जीत जिस पर हर भारतीय गर्व कर सके। यह भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी की भी बड़ी जीत थी, जिसने बताया कि क्रिकेट जगत में भारत के दखल का कोई विकल्प नहीं है। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजक पाकिस्तान था, जिसने स्टेडियम तैयार करने और अपनी धरती पर यह वैश्विक स्पर्धा आयोजित करने को जी-जान लगायी और पैसा खर्च किया। लेकिन बावजूद इसके आईसीसी में भारतीय वर्चस्व के चलते हमारी टीम ने कोई भी मैच पाकिस्तान में नहीं खेला। भारत ने सारे मैच तीसरे देश दुबई में खेले। फिर चैंपियंस ट्रॉफी भी जीत ली। पाकिस्तान के हुकमरान व क्रिकेट के कर्ता-धर्ता मन मसोस कर रह गये। बहरहाल, भारतीय टीम का दस महीनों में यह दूसरा विश्व खिताब है। भारत ने जून, 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। कप्तान रोहित शर्मा को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उनकी कप्तानी में देश ने दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट जीता। सही मायनों में फाइनल में उन्होंने कप्तान की पारी खेली और शानदार-धुआंधार 76 रन बनाये। निश्चित रूप से फाइनल मैच में स्पिनरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कसे शिकंजे का ही नतीजा था कि न्यूजीलैंड को 251 पर बांध दिया गया। फिर रोहित की पारी के अलावा श्रेयस अय्यर व केएल राहुल की शानदार पारियों ने टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया। ओपनर्स रोहित शर्मा और शुभमन गिल की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी ने टीम में जीत का जज्बा पैदा किया। दोनों धुरंधरों ने पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। बहरहाल, बारह साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में जीता खिताब भारतीयों को उल्लास से भर गया। वहीं टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पच्चीस साल पहले न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार का भी बदला ले लिया। सुखद यह भी है कि हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि भारतीय टीम तीन बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गयी। यह भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिये निश्चय ही गर्व की बात है। इस टूर्नामेंट की एक खास उपलब्धि रही मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की खोज। वे शुरुआत में प्रस्तावित टीम का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उन्होंने खुद को साबित किया और विरोधियों को उन्हें समझने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की उपलब्धि यह भी है कि उसने आईसीसी इवेंट्स में पिछले 14 मैच लगातार जीते हैं। गर्व का पल यह भी है कि भारत के पास एक ही समय में टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब है। दुनिया की ऐसी अनुभवी टीम जिसमें रोहित शर्मा व विराट कोहली के पास नौ आईसीसी फाइनल खेलने का रिकॉर्ड है। बहरहाल, इस मैच में भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इस बात को लेकर निराशा जरूर हुई होगी कि पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहे विराट कोहली फाइनल मुकाबले में सिर्फ दो गेंदों का ही सामना कर पाए। लेकिन श्रेयस अय्यर व केएल राहुल ने इस कमी को पूरा किया। बहरहाल, टॉस के मामले में अनलकी रहने वाले रोहित शर्मा ने होली से पहले क्रिकेट की जीत के रंग में भारतीयों को सराबोर कर दिया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने अपनी जमीन पर वर्ष 2023 के वर्ल्ड कप में मिली पराजय के बाद जीत का जबरदस्त जज्बा पैदा किया। तब लगातार दस मैच जीतने के बावजूद टीम फाइनल में हार गई थी। लेकिन टीम ने वैसी गलती फिर नहीं दोहरायी। पहले 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप जीता और अब चैंपियंस ट्रॉफी। यह जीत की लय बनी रहे।

# होली पर सच्चाई के रंग भरे और सब एक हो जायें

**होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसके लिये मन ही नहीं, माहौल भी तत्पर रहता है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक सचेतन माहौल बनाएं, जहां हम सब एक हो और मन की गन्दी परतों को उतार फेंके ताकि अविभक्त मन के आईने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए। एक तरह से देखा जाए तो यह उत्सव प्रसन्नता को मिल-बांटने का एक अपूर्व अवसर होता है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसको मनाते हुए हम समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। इस त्योहार को मनाने के पीछे की भावना है मानवीय गरिमा को समृद्धि प्रदान करना, जीवनमूल्यों की पहचान को नया आयाम प्रदत्त करना। हम कितने भोले हैं कि अपनी संस्कृति एवं आदर्श परम्पराओं को हमीं मिटा रहे हैं। स्वयं अपना घर जला कर स्वयं तमाशा बन रहे हैं। आखिर हमीं तो वे लोग हैं जिन्होंने देश की पवित्र जमीं के नीचे हिंसा, अन्याय, शोषण, आतंक, असुरक्षा, अपहरण, भ्रष्टाचार, अराजकता, अत्याचार जैसे घिनौने तत्वों की गहरी और लम्बी सुरंगें बिछाकर उन पर अपने स्वार्थों का बारूद फैला दिया बिना कोई परिणाम सोचे, बिना भविष्य की संभावनाओं को देखे।**

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली प्रेम, आपसी सद्भाव और मस्ती के रंगों में सराबोर हो जाने का अनूठा त्यौहार है। यद्यपि आज के समय की गहमागहमी, मेरै-तेरे की भावना, भागदौड़ से होली की परम्परा धुंधली हो रही है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तक प्रकृति हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसके लिये मन ही नहीं, माहौल भी तत्पर रहता है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक सचेतन माहौल बनाएं, जहां हम सब एक हो और मन की गन्दी परतों को उतार फेंके ताकि अविभक्त मन के आईने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए। एक तरह से देखा जाए तो यह उत्सव प्रसन्नता को मिल-बांटने का एक अपूर्व अवसर होता है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसको मनाते हुए हम समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। इस त्योहार को मनाने के पीछे की भावना है मानवीय गरिमा को समृद्धि प्रदान करना, जीवनमूल्यों की पहचान को नया आयाम प्रदत्त करना। हम कितने भोले हैं कि अपनी संस्कृति एवं आदर्श परम्पराओं को हमीं मिटा रहे हैं। स्वयं अपना घर जला कर स्वयं तमाशा बन रहे हैं। आखिर हमीं तो वे लोग हैं जिन्होंने देश की पवित्र जमीं के नीचे हिंसा, अन्याय, शोषण, आतंक, असुरक्षा, अपहरण, भ्रष्टाचार, अराजकता, अत्याचार जैसे घिनौने तत्वों की गहरी और लम्बी सुरंगें बिछाकर उन पर अपने स्वार्थों का बारूद फैला दिया बिना कोई परिणाम सोचे, बिना भविष्य की संभावनाओं को देखे। इन अंधेरों एवं जटिल हालातों के बीच होली जैसे त्योहार हमारी रोशनी की इंजतार एवं उजालों की कामना को पूरा करने के लिये हमें तत्पर करते हैं। होली के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके। होली का त्योहार 'असत्य पर सत्य की विजय' और 'दुराचार पर सदाचार की विजय' का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास और होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ, दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण जीवन जीये और सभी के लिय बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरै-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्म उन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं, दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए। होली रंगों का निराला एवं अनूठा पर्व है और हमारा जीवन ढेर सारे रंगों का एक पिटारा है। यहां हर रंग जुदा है तो दूसरों से मिला हुआ भी। एक रंग, दूसरे से मिलकर तेजी से नया ही रंग-रूप धर लेता है। किसी एक पर अटके रहकर काम चल ही नहीं सकता। यही जीवन लीला है। पर क्या दूसरों के रंगों को अपने में समा लेना आसान होता है? रंगों को कोई तो कैनवस चाहिए ही ना! संकल्प हो तो कितने रंग खिल सकते हैं? सच यह है कि ना ही दूसरों को अपना बनाना आसान है और ना ही दूसरों का होकर रह पाना। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा का। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, धुरव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से जीवन में सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फ़ेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, 'काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है, राग-रंग से परे होकर स्वयं को रंगना एवं दूसरों को रंग लगाना ही होली है, होली न सिर्फ बाहर से बल्कि भीतर से रंग जाने, आध्यात्मिक एवं पवित्र हो जाने की सीख है, होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करने का अनुष्ठान है। **–ललित गर्ग**



# एकता का स्वांग, बंटवारे की भाषा!

**राजेंद्र शर्मा**

भाषा के प्रश्न पर और खासतौर पर क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर, दक्षिण भारत एक बार फिर गर्म हो रहा है। इसका उबाल तमिलनाडु में खासतौर पर ज्यादा है, जहां पहले भी 1960-70 के दशकों में, भाषायी प्रश्न पर उग्र विरोध सामने आया था। बहरहाल, कम से कम इस बार भाषा विवाद का जोर पकड़ना इस अर्थ में अनावश्यक था कि यह विवाद केवल केंद्र सरकार के इकतरफा कदमों और इकतरफा फैसलों पर प्रतिक्रिया के रूप में भड़का है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि साठ-सत्तर के दशकों को पीछे छोड़कर देश अगर बाद के दशकों में भाषायी अशांति से बहुत दूर निकल आया था, तो इसमें भाषायी विवाद में सामने आयी संवेदनाओं के प्रति, बाद में आयी केंद्र सरकारों के संवेदनशीलता प्रदर्शित करने का भी हाथ था। लेकिन, मोदी राज में इस तरह की संवेदनशीलता की जगह, मराठी की संज्ञा का उपयोग करें तो केंद्र और सत्ताधारी ताकतों की ठोकशाही ने ले ली है। इसका नतीजा साठ-सत्तर के भाषायी विवाद के साए फिर से सिर पर मंडरा रहे होने के रूप में सामने है। जैसाकि सभी जानते हैं, विवाद के वर्तमान चक्र की शुरूआत केंद्र सरकार द्वारा इकतरफा तरीके से तमिलनाडु के शिक्षा से संबंधित फंड रोके जाने के साथ हुई थी। इस सिलसिले को चलते करीब दो साल हो जाने और राज्य का इस तरह रोका गया फंड दो हजार रुपए से ऊपर निकल जाने के बाद, अब तक शिष्टड्ढता से इस मुद्दे को उठाती रही तमिलनाडु सरकार को, विरोध का अपना स्वर ऊंचा करना पड़ा। लेकिन, मोदी सरकार को इस तरह के किसी विरोध की सुनवाई करना तो दूर रहा, विरोध की ऐसी आवाज को बर्दाश्त करना भी मंजूर नहीं होता है। राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, कहने की रस्म-अदायगी के फौरन बाद, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने फंड रोके जाने के लिए तमिलनाडु को ही यह कहकर दोषी ठहराना शुरू कर दिया कि समस्या उसके ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू न करने में है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो, फंड खुद ब खुद आ जाएंगे! कहने की जरूरत नहीं है कि यह केंद्र के हाथों से निकलने वाले, केंद्रीय कार्यक्रमों के फंड को, राज्यों पर नीतिगत मामलों में बड़ी नंगई से केंद्र सरकार की मनमर्जी थोपे जाने का औजार बनाए जाने का ही मामला है। यह देश की संघीय व्यवस्था के खिलाफ है, जिसकी इजाजत देश का संविधान नहीं देता है। कोई भी स्वाभिमानी राज्य, केंद्र के इस तरह मनमर्जी थोपने का विरोध करेगा। और शिक्षा जैसे मामलों में, जो संविधान की समवर्ती सूची में आने के बावजूद, मुख्यतरू राज्य के अधिकार का विषय बना हुआ है, केंद्र की ऐसी मनमानी तो हर्गिज स्वीकार नहीं की जा सकती है। लेकिन, मोदी राज में तो केंद्र के इस तरह की मनमर्जी चलाने को ही सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है। कथित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शुरू से आखिर तक, ऐसी मनमानी का ही उदाहरण है। संघ-भाजपा के विशेष एजेंडे और हिंदुत्व-कारपोरेट गठजोड़ को आगे बढ़ाने के स्पष्टड्ढ उद्देश्य के साथ, इस शिक्षा नीति को सूत्रबद्ध करने की कई साल लंबी कसरत से, राज्यों को बाहर ही रखा गया था, जो अन्य चीजों के अलावा इस कसरत का इस देश की समृद्ध विविधता से विमुख बने रहना ही सुनिश्चित करता था। दूसरी ओर, संबंधित कमेटी में शुरू से ही कारपोरेट नजरिए का बोलबाला सुनिश्चित किया गया था। इस तरह सरासर गैर-प्रतिनिधि तरीके से, संघ-कारपोरेट गठजोड़ के आग्रहों को आगे ले जाने का पूरा बंदोबस्त करने और छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों आदि, शिक्षा में सबसे ज्यादा हित-रखने वाले सभी तबकों की आवाजों को बाहर रखने के बाद, एक दक्षिणपंथी विचारधारात्मक आग्रहों से लदा मसौदा तैयार करने के बाद, रस्मअदायगी के तौर पर लोगों की राय लेने के लिए रखा जरूर गया, लेकिन जैसाकि पहले से अनुमान लगाया जा सकता था, विभिन्न हितधारकों की रायों को और तमाम आलोचनात्मक रायों को, सिरे से अनसुना कर दिया गया। इसके ऊपर से, 1968 तथा 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के विपरीत, इस शिक्षा नीति को सीधे केंद्र द्वारा इकतरफा तरीके से देश पर थोप दिया गया। इस नीति पर न सिर्फ राज्यों की कोई राय नहीं ली गयी, राज्यों को साथ लेकर चलना तो उसकी दृष्टि में भी नहीं था। उल्टे केंद्र ने पूरे देश की ओर से नीति बनाने का अधिकार खुद ब खुद अपने को दे दिया था। इसके ऊपर से, संसद को भी इस प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं दी गयी और इस तरह वृहत्तर राजनीतिक राय को इस समूची प्रक्रिया से दूर ही रखा गया।

## सेहत मंत्र

# सुबह खाली पेट दो लौंग चबाने से मिलते हैं जबर्दस्त फायदे

आयुर्वेद में अनेक दवाएं हैं जो कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर कर सकती हैं। लौंग उनमें से एक है। अगर आप लौंग के फायदे जानेंगे तो हैरान रह जाएंगे। यह आयुर्वेदिक जड़ी बूटी कई बीमारियों को खत्म करके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। बदलते मौसम से होने वाली बीमारियों से खुद को बचाने के लिए लौंग किसी रामबाण से कम नहीं है। पेट की समस्याओं के लिए लौंग बहुत फायदेमंद माना जाता है। अगर आपको सुबह पेट साफ न होने की समस्या है, तो सुबह की शुरुआत लौंग चबाकर करें, जिससे आपकी समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। कई लोग लौंग का इस्तेमाल सांसों की बदबू को दूर करने के लिए भी करते हैं। लौंग में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, सोडियम और हाइड्रोक्लोरिक एसिड पाया जाता है। साथ ही साथ इसमें विटामिन सी, फाइबर, मैंगनीज, एंटी-ऑक्सिडेंट और विटामिन-के की भरपूर मात्रा होती है। लौंग में विटामिन सी और कुछ एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर में सफ़ेद रक्त कोशिकाओं को बढ़ाने के लिए अच्छे जाने जाते हैं। यह आपके शरीर को किसी भी संक्रमण या बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। सुबह लौंग का सेवन आपको पाचन संबंधी या किसी भी समस्या को ठीक करने में मदद कर सकता है। लौंग पाचन एंज़ाइमों के स्राव को बढ़ाती है, जो कब्ज और अपच जैसे पाचन संबंधी अनेक विकारों को रोकता है। लौंग में फाइबर भरा होता है जो आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। आपका जिगर शरीर को डिटॉक्स करता है और आपके द्वारा उपभोग की जाने वाली दवाओं को मेटाबोलाइज़ करता है। अपने जिगर के कामकाज में सुधार करने के लिए आपको रोजाना लौंग खाना चाहिए। लौंग में यूजेनॉल होता है, जो लिवर फंक्शन को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है।

## धर्म मंत्र

# आस्था, आरोग्य के साथ ही तुलसी की कृपा से 'लक्ष्मी' हो सकती हैं मेहरबान

तुलसी प्राचीन काल से हमारे आंगन की शोभा रही है। इसका धार्मिक और औषधीय महत्व तो है ही, यह आमदनी का बेहतर जरिया भी बन सकती है। तुलसी की खेती कर सहजता से कम अवधि में ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। लखनऊ स्थित केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने रविवार को 'हिन्दुस्थान समाचार' से बातचीत में कहा कि तुलसी की खेती किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हो सकती है। औषधीय खेती में भारत ने दुनिया में अलग पहचान बनाई है। यहां के औषधियों की मांग चीन, अमेरिका सहित अरब देशों में है। वैसे तो तुलसी की कई प्रजातियां हैं, लेकिन बाजार में बबुई और श्यामा तुलसी की मांग अधिक रहती है। डॉ. संजय के मुताबिक बबुई तुलसी का अधिकतर उपयोग तेल बनाने के लिए किया जाता है। इसका तेल बाजार में 800 से 1000 रुपये प्रति लीटर तक बिकता है। एक एकड़ में अगर बबुई तुलसी लगाई जाए तो इससे लगभग 40 लीटर तेल प्राप्त किया जा सकता है। किसान अगर एक एकड़ में श्यामा तुलसी लगाता है तो उसको चार से पांच महीने में सात से आठ क्विंटल सूखी पत्तियां मिल जाती हैं। एक किलो सूखी पत्ती का बाजार में 70 से 90 रुपया प्रति किलो तक मिल जाता है। इन पत्तियों को दिल्ली का खारी बावली बाजार और मथुरा में अच्छे रेट मिल जाते हैं। उन्होंने बताया कि सीमैप किसानों को तुलसी की खेती करने के लिए प्रेरित करता है।

## पर्यटन



# अगर आपने कसौली में गोरखा किला नहीं घूमा तो क्या घूमा?

कसौली एक उत्तम पर्वतीय स्थल है जो हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित है। यह ब्रिटिश राज के दौरान एक औपनिवेशिक हिल स्टेशन के रूप में स्थापित एक छावनी और कस्बा है और इसका उपयोग अंग्रेजों द्वारा समर्स रिटीट के रूप में किया जाता था। कसौली हिमालय पर्वतमाला के निचले किनारों पर स्थित है और देवदार और देवदार के पेड़ों और कई जड़ी बूटियों के घने जंगलों से घिरा हुआ है। कसौली में घूमने के लिए कई अद्भुत स्थान हैं। यहां पर आप अंग्रेजों के शासन के दौरान की कई विक्टोरियन?युग की इमारतें भी देख सकते हैं, जिनका उपयोग अंग्रेज करते थे। कसौली में जाने के लिए सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक है मंकी प्वाइंट। किंवदंती है कि भगवान हनुमान ने रामायण में भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण के लिए औषधीय जड़ी बूटी की खोज करते हुए यहां अपना पैर रखा था। अपने नाम के अर्थ को पूरा करते हुए आप यहां पर काफी बंदर देख सकते हैं। इसके अलावा, आप यहां स्थित वायु सेना स्टेशन भी देख सकते हैं। मंकी पॉइंट आपको कसौली के परिदृश्य के अद्भुत दृश्य भी प्रदान करता है। हर दूसरे हिल स्टेशन की तरह, कसौली में भी एक मॉल रोड है जहाँ आप कपड़े, चंकी ज्वैलरी की खरीदारी कर सकते हैं, कुछ मनोरम स्ट्रीट फूड का आनंद ले सकते हैं या बस जगह के खूबसूरत दृश्य का आनंद ले सकते हैं। मॉल रोड कसौली के सबसे बिजी प्लेसेस में से एक है। जब कसौली के पर्यटन स्थलों की बात आती है, तो गोरखा किला एक बेहद दिलचस्प स्थल है जिसे हर किसी को अपनी ट्रेवल लिस्ट में जरूर रखना चाहिए। सुबाथु पहाड़ी में कसौली से 16 किमी दूर स्थित, गोरखा किले की स्थापना गोरखा सेना प्रमुख अमर सिंह थापा ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए की थी। किले में 180 साल पुरानी तोपें हैं और यह आज के इतिहास के शौकीनों और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण है।

# अनुसूचित जाति आयोग सदस्य अंजू ने किया भूमि पजन

## महादेवा में बनेगा बागेश्वर बालाजी मंदिर, शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। महादेवा में बुधवार को बागेश्वर बालाजी मंदिर के निर्माण हेतु भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया।इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन ललिता किन्नर द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ.अंजूबाला उपस्थित रहीं।साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी समारोह में शामिल हुए।डॉ.अंजूबाला ने नारियल फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि लोधेश्वर महादेव की पावन भूमि पर बाघेश्वर बालाजी मंदिर का निर्माण एक अत्यंत सराहनीय धार्मिक कार्य है।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रदेश सरकार सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को निरंतर बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने मंदिर निर्माण में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और घोषणा की कि मंदिर में लगने वाली सभी ईंटें वे स्वयं प्रदान करेंगे।कार्यक्रम का संचालन डॉ.संजय तिवारी ने किया।इस भव्य समारोह में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिनमें जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी रामसजीवन त्रिवेदी कुंवर मोनू भास्कर कमलेश कुमार मंडल अध्यक्ष महादेवा अमित सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक शुक्ला सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं भक्तगण शामिल हुए।मंदिर निर्माण के इस शुभ अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने हर्षोल्लास के साथ भगवान बागेश्वर बालाजी की महिमा का गुणगान किया और इस धार्मिक स्थल को क्षेत्र के लिए आस्था का केंद्र बनाने का संकल्प लिया।

# शिकायतों का निस्तारण मेरी पहली प्राथमिकता : आनंद तिवारी

## नवागत एसडीएम सदर का अधिवक्ता परिषद ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। तहसील सदर नवाबगंज के नवागत उप जिलाधिकारी आनन्द कुमार तिवारी का अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई द्बुवारा बुकें भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी एडवोकेट,वरिष्ट अधिवक्ता राकेश शर्मा,वरिष्ट अधिवक्ता पवन कुमार मिश्रा,वा बृज बल्लभ शर्मा,नरेंद्र कुमार सचिन गुप्ता,युवा अधिवक्ता सचिन प्रताप सिंह,रवि रंजन श्रीवास्तव,अरुण कुमार त्रिपाठी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आनन्द कुमार तिवारी ने भी अधिवक्तगणों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। बताते चलें कि नवाबगंज तहसील के उप जिलाधिकारी रहे आर जगत साईं का स्थानांतरण मुख्य विकास अधिकारी के पद पर प्रमोशन हो गया है। नवागंतुक उप जिलाधिकारी आनन्द कुमार तिवारी पूर्व में सिरौली गौसपुर तहसील में भी तैनात रह चुके है,उन्हे कुछ दिन तहसील हैदरगढ़ के उप जिलाधिकारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई बाद में जिलाधिकारी ने उन्हें जिला मुख्यालय की सदर नवाबगंज तहसील के उप जिलाधिकारी पद पर तैनाती दी है।

### फ्लैग मार्च कराया सुरक्षा का एहसास

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर में बुधवार को रामसनेहीघाट क्षेत्राधिकारी समीर कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर में फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया।इस मौके हैदरगढ़ उपजिलाधिकारी मो.शम्स तवरेज खान, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सिद्धौर आशुतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ लिपिक श्रीष मिश्रा, असन्द्रा थाना अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, सिद्धौर चौकी प्रभारी रामप्रकाश मिश्रा,दीवान अंजनी तिवारी, अरुण जायसवाल,सहित भारी संख्या में पुलिस मौजूद रही।

### राम भक्तों ने खेली फूलों की होली

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा जैदपुर में मंगलवार को श्री राम जानकी बालाजी महाराज संगत मंदिर में श्री राम भक्तों द्वारा प्रभु श्री राम जानकी बालाजी महाराज एवं राधा कृष्ण के साथ पुष्प वर्षा कर डीजे म्यूजिक के भक्ति संगीत होली गीतों पर खूब जमकर ठुमके लगाए और नृत्य किया। इस मौके पर भारी संख्या में मंदिर प्रांगण में भक्तगणों की संख्या मौजूद देखी गई । कीर्तन भजन एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया गया । इस मौके पर नित्य डांस में शामिल प्रमुख लोगों में नन्हेंलाल गौड़ शिवम नाग चौरसिया आदित्य गुप्ता संजय सोनी पत्रकार कृष्ण गोपाल सोनी कपिल गुप्ता मनीष कुमार सोनी , रज्जू सोनी , शिवेंद्र सोनी , अतुल सोनी , कैलाश सोनी , श्यामू सोनी एवं आशुतोष सोनी सहित बड़ी संख्या में नन्हें मुन्ने बच्चे एवं अन्य भक्तगण भी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में नवविवाहित युवक की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

बिजनौर। बीती देर रात मुरादाबाद मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे ने एक नवविवाहित जोड़े की खुशियों को मातम में बदल दिया। इस दुर्घटना में 25 वर्षीय शाहनवाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी जीनत गंभीर रूप से घायल है और जिंदगी व मौत के बीच जूझ रही है। जानकारी के मुताबिक, स्योहारा थाना क्षेत्र गांव मधुपुरा निवासी शाहनवाज, पुत्र दिलशाद, अपनी पत्नी जीनत के साथ बाइक से ससुराल सहसपुर देहात जा रहा था। जैसे ही वे सहसपुर के पास पहुंचे, उनकी बाइक लापरवाही से खड़े रोड रोलर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शाहनवाज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि जीनत को गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रोड रोलर को कब्जे में ले लिया। हालांकि, अब तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। शाहनवाज के अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही है। पूरे परिवार में गम का माहौल है। कुछ महीने पहले ही शाहनवाज और जीनत की शादी हुई थी, लेकिन इस भीषण हादसे ने परिवार की खुशियों को गहरे सदमे में डाल दिया।

### जन समस्याओं का जल्द निस्तारण कर आय वृद्धि के लिए उठाए ठोस कदम

जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मानचित्र समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसामान्य को त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि मानचित्र स्वीकृति में किसी भी नागरिक को कठिनाई न हो और मामलों का शीघ्र निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन कार्रवाई में तेजी लाई जाए और विकास प्राधिकरण की आय में वृद्धि के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि चालान जारी होने के बाद भी नोटिस की तामील नहीं हुआ, तो संबंधित सहायक अभियंता और जूनियर इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एई और जेई अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करें और सभी प्रक्रियाओं को तेजी से निपटाने के लिए सक्रिय रहें।

### अस्पतालों में होगी आशा वर्करों के ठहरने की सुविधा

मुरादाबाद। शासन के निर्देश पर सभी सरकारी अस्पतालों में आशाओं के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र जारी किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बुधवार को बताया कि प्रमुख सचिव के पत्र के अनुसार आशाएं विभागीय कार्य से कई बार दूर दराज गांवों से सीएचसी व महिला अस्पताल तक आती हैं। ऐसे में उनके ठहरने के लिए वहां अलग कक्ष की व्यवस्था की जाए, जिससे महिला कर्मियों को कोई परेशानी न हो। सीएमओ कहा कि पत्र के मुताबिक जिले के सभी अस्पतालों में व्यवस्था की जा रही है।

### प्रतापगढ़ : जमीन विवाद में पूर्व प्रधान की पीट-पीटकर हत्या

प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र में बुधवार को पूर्व ग्राम प्रधान की लाठी डंडे से पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बलापुर गांव में रहने वाले पूर्व प्रधान छेदी पटेल की पड़ोसियों से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। बुधवार को वह अपने खेत की ओर जा रहे थे। तभी पड़ोसियों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद से आरोपित फरार हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। घरवालों ने पुलिस को बताया कि पूर्व प्रधान का पड़ोसियों से जमीन का पुराना विवाद था। मामले को लेकर कई बार पुलिस में शिकायत की गई लेकिन राजस्व विभाग की लापरवाही की वजह से समाधान नहीं हो सका। विवाद लगातार बढ़ता ही चला गया। अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने बताया कि मामले में जमीन का विवाद प्रकाश में आया है और आरोपित फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है।

# निशुल्क सिलेंडर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश शासन और प्रदेश के मुख्यमन्त्री के उद्घोषणा के अनुरूप होली के अवसर पर निः शुल्क गैस रिफिल प्रदान किये जाने हेतु आहूत कार्यक्रम शृंखला के क्रम में जनपद के? कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया? गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्यमन्त्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया? गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अथिति द्वारा दस उज्ज्वला लाभार्थियो को? प्रतीकात्मक चेक प्रदान किये गयें । जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि? जनपद में 65 गैस एजेन्सियों से सम्बद्ध 324937 उज्जवला के लाभार्थी है जिसमें से लगभग 240,000 उपभोक्ताओ की ई- केवाईसी कराई जा चुकी है।जिलाधिकारी शशांक ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समस्त? योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के? संकल्प एवं प्रयास किया जायेगा ।

# फोरलेन बनाने के लिए एनएचएआई ने पीडब्ल्यूडी को दिए 55 करोड़

एजेंसी

**मुरादाबाद–ठाकुरद्वारा के 48 किमी लंबे मार्ग को फोरलेन करने और उसकी मरम्मत करने की जिम्मेदारी एनएचएआई ने ली थी**

मुरादाबाद। पीडब्ल्यूडी ने मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले में स्थानीय अधिकारियों ने लखनऊ मुख्यालय को पत्र भेजा है।

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मार्ग 48 किलोमीटर है। इनमें 28 किमी सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी और 20 किमी बाईपास का निर्माण एनएचएआई करा रही है। पीडब्ल्यूडी को केंद्र सरकार से कुल 55 करोड़ रुपये मिले हैं। मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा के 48 किलोमीटर लंबे मार्ग को फोरलेन करने और उसकी मरम्मत करने की जिम्मेदारी एनएचएआई ने ली थी। इस मार्ग का निर्माण कराने के लिए एनएचएआई की कार्यदायी संस्था ने हजारों पेड़ कटवाए, लेकिन निर्माण कार्यों में तेजी नहीं आ सकी। ऐसे में केंद्र और प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने फोरलेन के 28 किलोमीटर हिस्से को पीडब्ल्यूडी से कराने का निर्णय लिया। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने शर्त रखी कि एनएचएआई गड्ढों की पैचिंग करेगी तो विभाग सड़क का निर्माण कराएगा। एनएचएआई ने पौने चार करोड़ खर्च कर पैचिंग का काम कराया।

इसके बाद सड़क पीडब्ल्यूडी को सुपुर्द कर दिया। एनएचएआई ने पहले मुरादाबाद-बिजना तक छह किलोमीटर सड़क निर्माण कराने के लिए पीडब्ल्यूडी को 11 करोड़ रुपये दिए थे। इसके बाद पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता एके सिंह ने 22 किलोमीटर रोड को फोरलेन कराने के लिए पिछले माह 44.12 करोड़ का प्रस्ताव एनएचएआई के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार को भेजा था। पीडी अरविंद कुमार ने पीडब्ल्यूडी को रोड की स्वीकृति के बाद धन भी मुहैया कराया है। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड-एक ने फोरलेन रोड निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले में लखनऊ मुख्यालय को पत्र भी भेजे गए हैं। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रोड का काम शुरू कर दिया जाएगा। अधिशासी अभियंता अमित कुमार ने बताया कि का कहना है कि लखनऊ हाईवे से काशीपुर तिराहा मार्ग का काम चल रहा है।

# महिला कल्याण निदेशक पहुंची जालौन, महिलाओं संग खेली होली

एजेंसी



जालौन। महिला कल्याण निदेशक संदीप कौर बुधवार को जालौन पहुंची यहां पर उन्होंने एक कार्यक्रम में शिरकत की इस दौरान उन्होंने मंच से कहा कि युवतियों को महत्वाकांक्षी होना चाहिए और कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें वे पुरुषों से आगे निकलने की क्षमता न रखती हों। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि जब उनके घर में विवाह की चर्चा होती थी, तो वे कहती थीं कि अगर मेरे लिए आईएएस जीवन साथी की व्यवस्था आप कर सकें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को सशक्त करने और आगे बढ़ाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका माता की रहती है जो उन्हें निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्त्री जननी है और कोई पुरुष कितने भी ऊंचे स्थान पर ही क्यों न हो, अगर जननी नहीं होती तो उसका दुनिया में अस्तित्व ही संभव नहीं था। इस अवसर पर, सदभावना एकता मंच द्वारा आयोजित कर्मयोगिनी नारी सम्मान कार्यक्रम में 51 महिला संस्थाओं की 565 महिलाओं को कर्मयोगिनी नारी सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम के बाद, महिला कल्याण निदेशक संदीप कौर और अन्य अतिथियों ने उपस्थित महिलाओं के साथ होली खेली।

# सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार हर्बल गुलाल से महकेगी गलियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने हर्बल गुलाल तैयार किया है।इस बार होली के त्योहार पर हर्बल गुलाल की सुगंध से निंदूरा की गलियां महकेगी। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाया गया गुलाल सरकारी अधिकारी व कर्मचारी प्रयोग करेंगे। बाजारों में भी इसकी बिक्री होगी। यह गुलाल स्वास्थ्य के लिए किसी प्रकार हानिकारक नहीं होगा।

**लखनऊ से मगाया गया कच्चा माल –**

कृष्णा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर गुलाल तैयार किया है। इसके लिए कच्चा माल लखनऊ और कुछ माल स्थानीय बाजार से भी खरीदा गया है।

**ऐसे बन रहा गुलाल–**

इस बार समूह की महिलाएं होली को हर्बल गुलाल से सतरंगी करेंगी। गुलाल बनाने के लिए आरारोट, मिट्टी, डोलामाइट और फूल का इस्तेमाल हो रहा है। केवड़े का जल, गुलाब जल और खाने वाला सोडा भी प्रयोग हो रहा है।

महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हर्बल गुलाल की बिक्री खुले बाजार में होगी तो सरकारी कर्मचारियों को भी इसे बेचा जाएगा। ब्लॉक प्रांगण में शुक्रवार और शनिवार को गुलाल की बिक्री हेतु दुकान लगाई गई जिसमें 40 रु प्रति पैकेट के हिसाब से कर्मचारी और अधिकारियों के साथ स्थानीय लोग भी हर्बल गुलाल खरीदने पहुंचे। समूह द्वारा बनाया जा रहा गुलाल आठ रंग में बिक्री को उपलब्ध हैं। यह हल्के नीले रंग के अलावा लाल, केसरिया, पीला, गुलाबी, हल्का हरा, आसमानी और नारंगी रंग में तैयार हो रहा है। ब्लॉक मिशन प्रबंधक ने बताया कि शासन का पूरा जोर है कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए।

नित नए आजीविका के साधन मुहैया करा कर समूह की महिलाओं का सशक्त बनाने की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है।

सीएससी अधीक्षक डॉ आरपी वर्मा ने कहा कि हर्बल गुलाल के कई लाभ होते हैं। इनमें रसायन पदार्थो का प्रयोग नहीं होता है। इससे न तो एलर्जी होती है और न आंखों में जलन। ये पर्यावरण अनुकूल होते हैं। ऐसे रंगों का प्रचलन अब बढ़ने लगा है। छुट्टी के बाद बच्चों और शिक्षकों ने खेली होली - बुधवार को स्कूल कालेज में खूब होली खेली गई। स्कूल की छुट्टी होते ही छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाया। इस मामले में शिक्षक भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी होली खेली और एक दूसरे को होली की बधाई दी। राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा,सागर पब्लिक स्कूल हाजीपुर,कमांडो अकादमी कामीपुर, प्राथमिक विद्यालय हेमापुरवा ,शिशोदिया विद्यापीठ झरसवां सहित सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में बुधवार को बोर्ड पेपर छूटने के बाद छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। विद्यालय में छूटी से पूर्व खूब अबीर गुलाल लगाया गया और होली की बधाई दी। वहीं, शिक्षक और कर्मचारी भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी।

# सपा का प्रतिनिधि मंडल ने खिरकिटा पहुंचा, पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया

एजेंसी




गोरखपुर, ।समाजवादी पार्टी का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दलित युवक सत्यम कुमार के घर पहुंचा और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उम्र 23 वर्ष के सत्यम ग्राम खिरकिटा थाना गोला विधानसभा चिल्लूपार जनपद गोरखपुर की निर्मम हत्या दबंगों द्वारा कर दी गई थी । उक्त घटना में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल मृतक के परिजन से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर उक्त घटना की पूरी जानकारी ली । मृतक के परिजन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मिलने की इच्छा व्यक्त की है। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि अति शीघ्र राष्ट्रीय अध्यक्ष से वार्ता कर परिजन से मुलाकात कराई जाएगी और मृतक परिजन को हर संभव मदद दी जाएगी। मौके पर जिला अध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम समाजवादी पार्टी गोरखपुर,अवधेश यादव प्रदेश सचिव,दयाशंकर निषाद प्रदेश सचिव,विजय कुमार यादव पूर्व प्रमुख,धनंजय सिंह सैंथवार प्रदेश कार्यकारी सदस्य, अजय कनौजिया जिला उपाध्यक्ष, शिव कुमार दुबे जिला उपाध्यक्ष, संजय पासवान जिला पंचायत सदस्य,अमरजीत यादव विधानसभा अध्यक्ष चिल्लूपार, राम निरंजन यादव विधानसभा अध्यक्ष बांसगांव,राम प्रसाद शर्मा, जिला कार्यकारी सदस्य, डॉक्टर अच्छेबर रंजन भारती, राजू प्रसाद,सलीम शेख विधानसभा महासचिव चिल्लूपार,श्रीकांत यादव, अखिलेश यादव, मृत्युंजय पांडे ब्लॉक अध्यक्ष बांसगांव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मोदी ने 'ग्लोबल साउथ' के लिए भारत के नये दृष्टिकोण की घोषणा की

**एजेंसी**



पोर्ट लुइस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'ग्लोबल साउथ' के समग्र विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण की घोषणा की।

मोदी ने मॉरीशस की अपनी यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन मीडिया को दिए बयान में कहा, '' 'ग्लोबल साउथ' के लिए हमारा दृष्टिकोण होगा - 'महासागर' - यानी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''हमारा दृष्टिकोण विकास के लिए व्यापार, सतत उन्नति के लिए दक्षता विकास और साझा भविष्य के लिए आपसी सुरक्षा पर केंद्रित है। मोदी ने मॉरीशस को भारत का एक अहम साझेदार बताया। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास- 'सागर' की भारत की परिकल्पना की नींव कैसे 10 साल पहले मॉरीशस में रखी गई थी। भारत एवं मॉरीशस ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को 'विस्तारित रणनीतिक साझीदारी' का दर्जा देने के साथ स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने एवं आर्थिक अपराधियों को पकड़ने सहित आठ क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के करारों पर आज हस्ताक्षर किये और भारत ने उपहार के रूप में मॉरीशस की संसद के नये भवन का निर्माण कराने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच इन समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद आदान-प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी लोकसेवा एवं नवान्वेषण संस्थान, केप मल्हेरो में मॉरीशस क्षेत्रीय स्वास्थ्य केन्द्र तथा 20 अन्य सामुदायिक परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया जिन पर कुल 35.2 करोड़ मौरिशियन रुपए (6.63 करोड़ भारतीय रुपए) की लागत आयी है। इसके अलावा भारत ने मॉरीशस को सैंट ब्रेंडन द्वीप के नौवहन चार्ट को सौंपा जिसे भारतीय नौसेनिक पोत ने हाइड्रोग्राफी सर्वेक्षण के बाद तैयार किया है। भारत और मॉरीशस ने आज जिन आठ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं, उनमें स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर मॉरीशस के केंद्रीय बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच सहमति पत्र, पाइप प्रतिस्थापन कार्यक्रम के तहत केंद्रीय जल प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए मॉरीशस सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच ऋण सुविधा समझौते पर सहमति पत्र, राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भारतीय विदेश सेवा संस्थान और मॉरीशस के विदेश मामलों, क्षेत्रीय एकीकरण और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय के बीच सहमति पत्र, भारतीय नौसेना और मॉरीशस पुलिस बल के बीच व्हाइट शिपिंग सूचना के आदान-प्रदान पर तकनीकी समझौता, मॉरीशस के वित्तीय अपराध आयोग और भारत के प्रवर्तन निदेशालय के बीच समझौता ज्ञापन, मॉरीशस के उद्योग एसएमई और सहकारिता मंत्रालय और भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के बीच सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, मॉरीशस के लोक सेवा और प्रशासनिक सुधार मंत्रालय और भारत के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के राष्ट्रीय सुशासन केंद्र के बीच लोक अधिकारियों के प्रशिक्षण पर समझौता ज्ञापन तथा भारत के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र और मॉरीशस के प्रधान मंत्री कार्यालय के महाद्वीपीय शेल्फ, समुद्री क्षेत्र प्रशासन और अन्वेषण विभाग के बीच समझौता ज्ञापन शामिल हैं। समझौता ज्ञापनों के आदान प्रदान के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में श्री मोदी ने अपने संबोधन में 140 करोड़ भारतीयों की ओर से मॉरीशस के सभी नागरिकों को उनके राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा, ल्लये मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि मुझे दोबारा मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर आने का अवसर मिल रहा है। भारत और मॉरीशस का संबंध केवल हिंद महासागर से ही नहीं, बल्कि हमारी साझी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़ा है।हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति की राह पर एक दूसरे के साथी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा हो या कोविड की विपदा, हमने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है।

# युवाओं में करुणा, संवेदनशीलता, देशप्रेम की भावना होनी चाहिए : मुर्मु

**एजेंसी**

चंडीगढ़। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को पंजाब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि युवाओं में करुणा, संवेदनशीलता और देशप्रेम की भावना होनी चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने आज यहाँ पंजाब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में यह बातें कहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश और देशवासियों के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना सभी युवाओं का कर्तव्य है। सक्षम युवाओं को देश के पिछड़े और वंचित वर्गों के लोगों के लिए अवश्य कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा, अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हुए आपको यह ध्यान रखना है जो विकास की यात्रा में पीछे रह गए हैं उनकी ओर भी हाथ बढ़ाकर उन्हें आगे लाना है। तभी समावेशी और स्थायी विकास संभव होगा। मुझे विश्वास है कि आप देश और समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के नीति-निर्माताओं से विश्वविद्यालय-उद्योग लिंकेज और भविष्य के लिए तैयारी पर अधिक जोर देने का आह्वान किया और कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जिन विषयों में भी पढ़ाई कर रहे हैं उनमें एप्लीकेशन आधारित शिक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ यह नहीं है कि सभी विद्यार्थी उसी विषय से संबंधित नौकरी या उद्यम चुनें, लेकिन यह आवश्यक है कि जो शिक्षा भी वे यहाँ प्राप्त कर रहे हैं, वह उनकी जीवन यात्रा में और उनके संघर्षों में उनका सहयोग करे, उनकी सहायता करे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा और प्रतिस्पर्धा की भावना भी लोगों में बढ़ती रहेगी। इसलिए यह जरूरी है कि हर विद्यार्थी के पास चुनौतियों का सामना करने के लिए सकारात्मक सोच और विकसित कौशल हो। उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकी की जानकारी और उनका सदुपयोग करने की क्षमता को अर्जित और निरंतर विकसित करना भी सफलता के लिए आवश्यक होगा।

# सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता बढ़ाने की जरूरत: वायु सेना प्रमुख

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बदलते भू-रणनीतिक परिदृश्य में उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

वायु सेना ने एक बयान में बुधवार को कहा कि एयर चीफ मार्शल रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन में स्थायी संकाय के साथ 80वें स्टाफ कोर्स में भाग ले रहे भारतीय सशस्त्र बलों के छात्र अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह कोर्स अधिकारियों से बदलाव को अपनाने, उभरते खतरों का गंभीरता से आकलन करने और भविष्य के संघर्षों के लिए अनुकूल रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। संयुक्त कौशल के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए तीनो सेनाओं के बीच एकीकृत प्रशिक्षण और परिचालन तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ने भारतीय वायु सेना की क्षमता विकास पहलों और आधुनिक युद्ध में एकीकृत संचालन के महत्व पर एक रणनीतिक दृष्टिकोण प्रदान किया। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा में वायुसेना कर्मियों की उपलब्धियों, लचीलेपन और अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। अपनी यात्रा के दौरान वायु सेना प्रमुख को प्रशिक्षण गतिविधियों और सशस्त्र बलों के बीच संयुक्त कौशल को बढ़ावा देने पर इसके महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई, जो आधुनिक सैन्य तैयारियों का एक प्रमुख पहलू है। उन्होंने कठोर शैक्षणिक और पेशेवर प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य के सैन्य नेतृत्व को आकार देने में संस्थान की भूमिका की सराहना की। वायु सेना प्रमुख की इस यात्रा ने संयुक्त परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और अंतर-सेवा सहयोग को मजबूत करने के लिए वायुसेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिससे भविष्य की चुनौतियों के लिए एक अच्छी तरह से तैयार नेतृत्व सुनिश्चित हो सके।

# विपक्ष ने मतदाता पहचान पत्र में विसंगति, परिसीमन, एनईपी पर चर्चा की मांग की

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विपक्ष ने बुधवार को राज्यसभा में मतदाता पहचान पत्र में विसंगति, परिसीमन, एनईपी पर चर्चा की मांग की।

सदन की कार्यवाही शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने श्री चंद्रकांत हांडूर ( 13 मार्च), श्री डेरेक ओब्राईन (14 मार्च) श्री एम थंबी दुरै (15 मार्च) को जन्म दिन की शुभाकांमनायें दी। इसके बाद उन्होंने बताया कि नियम 267 के तहत चर्चा के लिए नौ सदस्यों ने नोटिस दिया है। इसमें कांग्रेस के प्रमोदी तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले, डोला सेन और सुष्मिता देब और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने मतदाता पहचान पत्र के दोहराव के मुद्दे पर कार्य स्थगन कर चर्चा कराने की मांग की है। हालांकि सभापति द्वारा दिये गये व्यवस्था के तहत इन नोटिसों को स्वीकार नहीं किया गया है। इस पर श्री तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव कराना ही सिर्फ काफी नहीं है। चुनाव के निष्पक्ष और सही तरीके से होना भी लोकतंत्र की आत्मा है। मतदाता पहचान पत्र के दोहरावे से 48 लाख मतदाता बढ़ाये गये हैं इस पर चुनाव को जबाव देना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्राईन ने कहा कि सभापति ने व्यवस्था दी है लेकिन सदन में परंपरा रही है और इस मुद्दे पर भी चर्चा करायी जानी चाहिए। अगले सप्ताह इस पर चर्चा करायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत भर में कई मतदाताओं को एक ही नंबर वाले मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी किए गये हैं। यह एक गंभीर मामला है। इसके बाद शुरू हुये शून्यकाल में राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा ने इस मुद्दे को उठाते हुये कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है। एक ही नंबर के मतदाता पहचान पत्र कई लोगों के नाम होना बहुत गंभीर बात है। चुनाव कराना ही सिर्नेफ संवैधानिक अधिकार नहीं है बल्कि निष्पक्ष चुनाव भी होना चाहिए। पड़ोसी राज्यों से यह प्रभावित होता है। मतदाता पहचान पत्र का पहला और दूसरा अंक लोकसभा और विधानसभा से जुड़ा होता है लेकिन चुनाव आयोग ने एक ही राज्य में अगल अलग विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में एक ही नंबर वाला मतदाता पहचान पत्र जारी किया है जिससे निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। यह गंभीर संदेश जाना चाहिए कि यह गंभीर घोखाधड़ी कहां से शुरू हुआ है। जब जब यह शंका होती है जो इसका जबाव गोलमोल दिया जाता है लेकिन यह बहुत गंभीर मुद्दा है।

## संविदा कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधायें मिलें: धर्मेन्द्र यादव

नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने बुधवार को लोकसभा में संविदा कर्मियों का मुद्दा उठाते हुये मांग की कि सरकारी कर्मचारियों की तरह इन कर्मचारियों को भी वेतन और अन्य सुविधायें दी जानी चाहिये। श्री यादव ने शून्य काल के दौरान यह मसला उठाते हुये कहा कि संविदा कर्मी, आशा कार्यकर्ता, रोजगार सेवक, शिक्षा मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता–सहायिकायें, अनुदेशक, पंचायत सेवक, रसोइया, ग्रामीण चौकीदार आदि कर्मी बहुत कम मानदेयों पर अपनी सेवायें दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मियों की संख्या बहुत अधिक है।

## नीट यूजी का पेपर लीक नहीं हुआ, अनियमतिता की जांच चल रही है: सरकार

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में दोहराया कि मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की परीक्षा नीट का पेपर लीक नहीं हुआ था और इस परीक्षा में जो अनियमितता तथा गड़बड़ी हुई उसकी केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांज की जा रही है।
शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजुमदार ने सदन को पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी अपने आदेश में कहा है कि इस परीक्षा का पेपर लीक होने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह कहना कि यह पेपर लीक हुआ है यह न्यायालय के आदेश के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में 45 छात्रों को आरोपी पाया गया है और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी है । उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो इस मामले की व्यापक जांच कर रहा है और कुछ मामलों में आरोप पत्र भी दायर किये गये हैं।
श्री मजुमदार ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पवित्रता को बनाये रखने के उपाय सुझाने तथा सलाह देने के लिए एक समिति का गठन किया गया था और भविष्य की परीक्षाओं में इसकी सिफारिशों को लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समिति की कुछ सिफारिशें दीर्घकालिक हैं और कुछ अल्पकालिक तथा उन्हें समयानुसार लागू किया जा रहा है।

## तेल क्षेत्र में घटने की बजाय बढ़ रही है आत्मनिर्भरता : विपक्ष

**नयी दिल्ली।** विपक्ष ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार तेल उत्पादन को प्रोत्साहन नहीं दे रही है और तेल क्षेत्र के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाए गये हैं जिसके कारण देश में तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता कम होने की बजाय लगातार बढ रही रही है। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने बुधवार को लोकसभा में तेल क्षेत्र (विनिमय तथा विकास) संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि तेल का आयात आज बढ़ गया है। सरकार दावा करती है कि वह ऊर्ज़ा क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रही है लेकिन हालात यह है कि तेल का आयात आज 90 प्रतिशत बढ़ गया है और देश की तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही है और यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था हाइड्रो कार्बन आधारित है और इसमें कोयला से ऊर्ज़ा उत्पादन 55 प्रतिशत से अधिक है। सरकार को सभी ऊर्ज़ा स्रोतों में बदलाव कर उन्हें एक कर देना चाहिए और बिखरी ऊर्ज़ा व्यवस्था का एकीकरण तेल क्षेत्र में आयात निर्भरता कम करनी चाहिए।ङ्क उनका कहना था कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में कोई काम ऊर्ज़ा विकास के लिए नहीं हुआ है और इसी का परिणाम है कि देश में तेल क्षेत्र में आयात निर्भरता लगातार घट रही है जबकि इसे बढ़ना चाहिए था। भाजपा के दिलीप सैकिया ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने ऊर्ज़ा क्षेत्र के विकास के लिए जो कदम उठाए हैं वे अभूतपूर्व हैं और उससे देश ऊर्ज़ा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। ऊर्ज़ा क्षेत्र की देश की अर्थव्यवस्था अहम भूमिका है।

# पेज एक का शेष

## पूरी दुनिया...

उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम में हर जाति, पंथ और क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने एक साथ डुबकी लगाई, जो 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को दर्शाता है। योगी ने कहा, ''दुनिया ने इसे आश्चर्य और कौतूहल की नजरों से देखा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में भेदभाव की कोई जगह नहीं है। यह आयोजन इसकी एक झलक थी। उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश के लिए अपनी सकारात्मक छवि को वैश्विक मंच पर पेश करने का अनूठा अवसर बताया। कहा कि 45 दिनों के इस आयोजन में 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया, जिसे योगी ने दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन करार दिया। विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनकी सोच नकारात्मक है, उनसे सकारात्मकता की उम्मीद करना बेकार है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले कुंभ (1954) से लेकर 1974, 1986, 2007 और 2013 तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के शासनकाल में हुई अव्यवस्थाओं का जिक्र किया। 1954 में एक हजार से अधिक मौतें हुईं, 2007 में प्राकृतिक आपदा ने जन-धन की हानि की और 2013 में मॉरिशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संगम की गंदगी देखकर आंसू बहाए थे। योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने कुंभ को अव्यवस्था और गंदगी का अड्डा बना दिया था। आज वही लोग हमारे स्वच्छ महाकुंभ पर सवाल उठा रहे हैं। उनकी नकारात्मकता ने उन्हें जनता की नजरों से गिरा दिया। विपक्ष को हर अच्छे कार्य का विरोध करना अपनी शक्ति समझता है, लेकिन जनता ने महाकुंभ में पहुंच कर उन्हें सबक सिखा दिया। मुख्यमंत्री ने मौनी अमावस्या (28-30 जनवरी) की रात एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसे का जिक्र करते हुए बताया कि 10 करोड़ से अधिक भीड़ के बीच कुछ लोग घायल हुए और कुछ की मौत हो गई। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अखाड़ों और संतों से बातचीत की और अमृत स्नान को दोपहर तक स्थगित कर दिया। योगी ने कहा कि संतों ने व्यापक जनहित में परंपरा को बाधित किए बिना सहयोग दिया। दोपहर 2 बजे के बाद स्नान सुचारू रूप से हुआ। यह सनातन धर्म की श्रद्धा और एकता का प्रतीक है। उन्होंने संतों के सहयोग को अभिनंदन योग्य बताया और कहा कि उनकी जिम्मेदारी आयोजन को सकुशल संपन्न करना था, जिसमें संतों का योगदान अहम रहा। औरंगजेब को आदर्श मानने वालों पर तीखा हमला करते हुए योगी ने कहा कि यह मानसिक विकृति का परिणाम है। उन्होंने शाहजहां की पुस्तक का हवाला देते हुए बताया कि औरंगजेब ने अपने पिता को कैद कर एक बूंद पानी के लिए तरसाया और भाई को मार डाला। योगी ने तंज कसते हुए कहा कि जो औरंगजेब को पसंद करते हैं, वे अपने बच्चों का नाम औरंगजेब रखें और उसके अत्याचार भोगने को तैयार रहें। उन्होंने इस तरह की बात करने वाल भारत के नायकों का अपमान कर रहे हैं। संभल का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि 5000 साल पुराने पुराणों में इसका वर्णन है, जहां श्रीहरि का दसवां अवतार होगा। 1526 में मीर बाकी ने वहां मंदिर तोड़ा, लेकिन अब तक 18 तीर्थों का उत्खनन हो चुका है। उन्होंने कहा कि जो इतिहास छिपाते हैं, उन्हें पुराण पढ़ने चाहिए। कहा कि आस्था को अर्थ से जोड़कर हजारों टैक्सी चालकों, बस चालकों और व्यापारियों को रोजगार मिला। कोविड संकट में जनता के साथ खड़े होने का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि नया भारत आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों में अग्रणी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा आज स्वच्छ है। उन्होंने दिल्ली में यमुना की गंदगी पर तंज कसा और कहा कि दिल्ली की जनता ने इसका जवाब दे दिया है। योगी ने कहा कि जब राजनीति स्वार्थ से प्रेरित होकर कार्य करती है तो वह न स्वयं का कल्याण कर सकती है न लोककल्याण कर सकती है। राजनीति को परमार्थ का कार्य बनाएंगे तो स्वयं का भी कल्याण होगा और लोककल्याण के माध्यम से आगे के जीवन को प्रशस्त कर पाएंगे। भारत का लोकतंत्र बहुत परिकक्व है और भारत के लोकतंत्र का ही परिणाम है भले ही हमने 1952 में इसको संवैधानिक रूप से स्वीकार किया हो लेकिन लोकतंत्र हमारे यहां कूट-कूट कर यहां की रग-रग में भरा पड़ा है। इसीलिए भारत के लोकतंत्र ने भारत की जनता को जनार्दन सब जानती है। विपक्षी जनता के सामने एक्सपोज हो चुके हैं। सब खारिज हो चुके हैं और मैंने दिल्ली में इसी बात को कहा। मैंने कहा प्रयागराज पर मत उंगली उठाओ प्रयागराज तो प्रयागराज है, हमने व्यवस्था की है वहां आने वाली भीड़ इस बात की साक्षी है कि गंगा यमुना और सरस्वती का जो पावन त्रिवेणी का जल है वो तो पवित्र है। हमारे यहां तो मान्यता है कि बहता पानी और रमता जोगी ये कभी अशुद्ध नहीं होता है एक चलायमान है वह अपनी शुद्धि का परिमार्जन अशुद्धि का परिमार्जन भी चलते-चलते कर लेता है लेकिन कम से कम दिल्ली को शुद्ध कर देते मां यमुना यहीं से जा रही है। अगर यहां शुद्ध कर देते तो मथुरा-वृंदावन आगरा के लोगों को शुद्ध जल मिल जाएगा हम तो कर ही रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक छवि की प्रशंसा की। मॉरिशस और भूटान के नेताओं की भागीदारी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के बयान का हवाला देते हुए कहा कि यह सदी भारत की है। उन्होंने कहा कि जो विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करते हैं, उन्हें अपने डीएनए की जांच करानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म सभी पंथों का सम्मान करता है। उन्होंने अपने भगवा वस्त्र पर गर्व जताते हुए कहा कि यह मेरी पहचान है। एक दिन पूरी दुनिया इसे पहनेगी। उन्होंने भारत के लोकतंत्र को परिपक्व बताते हुए कहा कि जनता सब जानती है और सही-गलत का फैसला करती है।

## पहले घूस देकर मिलता...

सरकार गरीबों, किसानों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्पबद्धता के साथ काम कर रही है। प्रदेश में अब तक 22 लाख बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रति बेटी 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जबकि 4 लाख बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराई गई है। अप्रैल से बेटियों की शादी के लिए एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वहीं बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट आने के बाद मेधावी बेटियों को स्कूटी और कामकाजी महिलाओं को अहिल्याबाई होलकर के नाम पर आवासीय सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। वहीं, किसानों के लिए गेहूं की खरीद दर को 150 रुपये बढ़ाकर 2425 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में राशन की दुकानों को अब अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां जरूरत का सामान, बिजली बिल जमा करने की सुविधा और वेयरहाउस की व्यवस्था होगी। दो हजार से अधिक अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण चल रहा है। ग्राम सचिवालयों के जरिए ऑनलाइन आय, जाति, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपील की कि जिन लोगों ने अब तक उज्ज्वला योजना के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वो रजिस्ट्रेशन करा लें। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों और गैस प्रदाता कंपनियों के अधिकारियों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, कैबिनेट मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, इंजीनियर अवनीश, विधायकगण नीरज वोहरा, योगेश शुक्ला, जयदेवी, सुरेन्द्र मैथानी, प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण तथा प्रदेश सरकार के अधिकारीगण एवं खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। इनमें ममता मिश्रा, रम्पाता, रहनुमा बेगम, रूबीना, श्वेता सिंह, रूपा, सोनम शुक्ला, गुड़िया, ममता और शिखा गौतम शामिल रहीं। इस अवसर पर उज्ज्वला योजना और महाकुम्भ से संबंधित एक-एक वीडियो भी प्रदर्शित किया गया।

## बलूच लड़ाकों...

सूत्रों ने कहा बंधकों के होने के कारण, सुरक्षा बल अत्यधिक सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, एक मुक्त कराए गए यात्री ने हाइजैक ट्रेन से सुरक्षित निकाले जाने के लिए सुरअक्षा बलों का आभार व्यक्त किया और सेना और एफसी कर्मियों के सुरक्षा प्रयासों की सराहना की। इस बीच, रेलवे अधिकारियों ने कहा कि क्वेटा से देश के अन्य हिस्सों में चलने वाली बोलन मेल और जाफर एक्सप्रेस को तीन दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बोलन में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले के बाद ट्रेन सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, रेलवे अधिकारियों ने कहा कि क्वेटा से चमन जाने वाली यात्री ट्रेन अभी तक नहीं चली है। इससे पहले, रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि जाफर एक्सप्रेस से 57 यात्रियों को बुधवार सुबह क्वेटा पहुंचाया गया, जबकि 23 अन्य यात्री मच्छ में ही हैं। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बलों के अभियान के बाद आतंकवादी छोटे-छोटे समूहों में बंट गए। उन्होंने बताया कि 17 घायल यात्रियों को तत्काल उपचार के लिए निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया गया। सूत्रों ने आगे खुलासा किया कि हमलावर अंतरराष्ट्रीय हैंडलरों, जिसमें अफगानिस्तान में एक मास्टरमाइंड शामिल है, के साथ संवाद करने के लिए उपग्रह फोन का उपयोग कर रहे हैं और महिलाओं और बच्चों को मानव ढाल के रूप में उपयोग कर रहे हैं, जिससे अभियान में अत्यधिक सावधानी बरती जा रही है। हमलावरों ने ट्रेन में घुसने से पहले रेलवे ट्रैक पर बमबारी की और लोकोमोटिव पर गोलियां चलाईं, जिससे चालक घायल हो गया। सुरंग से ठीक पहले रुकी ट्रेन को अफगानिस्तान-ईरान सीमा के पास एक दूरस्थ, पहाड़ी क्षेत्र में हाइजैक किया गया।

## यात्रियों ने सुनाई ...

बताया कि नौ डिब्बों में लगभग 500 यात्रियों को लेकर जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी तभी सशस्त्र हमलावरों ने मंगलवार की दोपहर को बोलान क्षेत्र में पीरू कुनरी और गुदलार के पहाड़ी इलाकों के पास एक सुरंग में उसे रोक लिया। 'बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी' (बीएलए) ने बाद में इस हमले की जिम्मेदारी ली। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि हमलावरों ने उनसे कहा था कि वे बलूच, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को छोड़ रहे हैं लेकिन सरकारी अधिकारियों ने दावा किया कि उनमें से 100 से अधिक लोगों को उन्होंने बचाया है। 'बीबीसी उर्दू' की एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेन के डिब्बा संख्या तीन में सवार मुश्ताक ने कहा, ''हमले की शुरुआत में एक 'बड़ा विस्फोट' हुआ। उसने कहा, ''इसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई जो एक घंटे तक जारी रही। यह ऐसा मंजर था जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। इसी ट्रेन के डिब्बा संख्या सात में सवार इशाक नूर नाम का यात्री अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ क्वेटा से रावलपिंडी जा रहा था। इशाक नूर ने कहा, ''विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रेन की खिड़कियां एवं दरवाजे हिल गए और मेरे पास बैठा मेरा एक बच्चा नीचे गिर गया। उन्होंने कहा, ''गोलीबारी करीब 50 मिनट तक चली होगी३ इस दौरान हम सांस तक नहीं ले पा रहे थे, हमें नहीं पता था कि क्या होगा। मुश्ताक ने कहा कि गोलीबारी धीरे-धीरे बंद हो गई और हथियारबंद लोग ट्रेन के डिब्बों में घुस आए। उन्होंने कहा, ''उन्होंने कुछ लोगों के पहचान पत्र देखने शुरू कर दिए और उनमें से कुछ को अलग कर दिया। तीन आतंकवादी हमारे डिब्बे के दरवाजों पर पहरा दे रहे थे। उन्होंने लोगों से कहा कि वे आम नागरिकों, महिलाओं, बूढ़े और बलूच लोगों से कुछ नहीं कहेंगे। मुश्ताक ने कहा कि हमलावर आपस में बलूची भाषा में बात कर रहे थे और उनका नेता उनसे बार-बार कह रहा था कि वे सुरक्षाकर्मियों पर खास नजर रखें और वे हाथ से निकलने न पाएं। इशाक ने कहा, ''मुझे लगता है कि उन्होंने हमारे डिब्बे से कम से कम 11 यात्रियों को नीचे उतारा और कहा कि वे सुरक्षाकर्मी हैं। इस दौरान एक व्यक्ति ने विरोध करने की कोशिश की जिसके बाद उसे प्रताड़ित किया गया और फिर गोलियों की आवाज आई। इसके बाद डिब्बे में मौजूद सभी लोगों ने उनके निर्देशों का पालन किया। उन्होंने कहा, ''वे मुझे जाने नहीं दे रहे थे लेकिन जब मैंने उन्हें बताया कि मैं तुर्बत (बलूचिस्तान) का निवासी हूं और मेरे साथ बच्चे एवं महिलाएं हैं तो उन्होंने मुझे भी जाने दिया। एक अन्य यात्री मोहम्मद अशरफ ने कहा कि आतंकवादियों ने बुजुर्गों, नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को जाने दिया। उन्होंने कहा, ''यात्री बहुत डरे हुए थे, यह कयामत के दिन जैसा खौफनाक मंजर था। अशरफ ने कहा, ''मेरे अनुमान के अनुसार, वे (चरमपंथी) अपने साथ करीब 250 लोगों को ले गए थे और हमलावरों की संख्या करीब 1,100 थी।''

## हरियाणा में...

के मार्ग में ग्रामीण आँचल के साथ साथ शहरों की एक बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नए चुने हुए नेतृत्व में शहरों की सरकारे जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य और जन सेवा को और अधिक गति प्रदान करेंगी।

उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए निकाय चुनावों के लिए प्रदेश की जनता, राज्य चुनाव आयोग और चुनाव की प्रक्रिया से जुड़े तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों का भी धन्यवाद व्यक्त किया।

## संभल की जामा...

एफआईआर दर्ज की गई है। भवन का मूल स्वरूप बरकरार रखते हुए सफ़ेदी की जायेगी। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी व जहीर असगर ने कहा कि भवन एएसआई से संरक्षित है। वही सफ़ेदी करायेगी। किंतु याची की बाहर से सफ़ेदी की मांग का जवाब नहीं दिया। इस पर एएसआई अधिवक्ता ने समय मांगा। विपक्षी अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने पक्ष रखा। कहा सफ़ेदी से भवन का मूल स्वरूप बदल जायेगा।

# मुख्यमंत्री ने ई-कोष वेबसाइट का किया लोकार्पण होली मिलन समारोह में दी शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नगर निगम में वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई ई-कोष वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित होली मिलन समारोह में उन्होंने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए सभी को निरंतर प्रयास करने होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम द्वारा भवन कर का भुगतान के लिए ऑनलाइन सुविधा देने के साथ ही वित्तीय प्रकरणों में पारदर्शिता बनाये रखने के उद्देश्य से ई-कोष वेबसाइट तैयार की गयी है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर निगम देहरादून को देश में 68 वां और उत्तराखण्ड के सभी नगर निगमों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष देहरादून की स्वच्छता रैंकिंग में और अधिक सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि केदारपुरम में 3.5 हेक्टेयर भूमि पर 5 करोड़ की लागत से योगा पार्क बनाया जा रहा है और यमुना कालोनी में 1.3 करोड़ रुपए की लागत से एक नए पार्क का निर्माण किया जा रहा है। विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं उच्च कोटि की कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था बनाए जाने के लिए 2 स्थानों पर मैकेनाइज्ड ट्रांसफ़र स्टेशन स्थापित करने और वार्डों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 पर्यावरण मित्रों को प्रत्येक माह स्वच्छता सेनानी सम्मान योजना के अन्तर्गत दस हजार रूपये प्रति माह का सम्मान भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार देहरादून के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। देहरादून नगर निगम उच्च कोटि की जन सुविधाएं विकसित करने के साथ ही शहर में स्वच्छता को और भी अधिक बेहतर बनाने का प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर मेयर सौरभ थपलियाल ने होली मिलन कार्यक्रम में सीएम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीएम के मार्गदर्शन में राज्य ऊंचाईयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सहस्त्रधारा स्थित पूर्व ट्रेंचिंग ग्राउंड के लीगेसी वेस्ट को 2025 तक समाप्त कर दिया जाएगा। इसके बाद इस स्थल को आम जन के लिए सुरक्षित व्यापक हाट बाजार में तब्दील किए जाने की योजना है।

# सांस्कृतिक नगरी पौड़ी के रामलीला मैदान में होली की धूम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में होल्यारों की टीमों व स्थानीय लोगों ने पारंपरिक तरीके से होली मनाई। रामलीला मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में सतपुली के साथ ही अन्य क्षेत्रों से आए होल्यारों की टीमों ने होली के गीत गाकर पारंपरिक तरीके से होली मनाई। लोगों ने एक दूसरे पर जमकर रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। समारोह में स्थानीय लोगों ने भी पारंपरिक गीत गाकर होली का त्यौहार मनाया। समारोह में लोकगायक पदमेंद्र नेगी, मनोज रावत अंजुल आदि ने होली के गीत गाकर समा बांध दिया। इस मौके पर नगरपालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केशर सिंह नेगी, व्यापार सभा अध्यक्ष विनय शर्मा आदि ने कहा कि इस तरह के आयोजन से अपनी संस्कृति के संरक्षण में मदद मिलती है। उन्होंने होल्यारों की टीमों की जमकर तारीफ करते हुए ऐसे आयोजनों पर जोर दिया। इससे पूर्व होल्यारों की टीमों ने शहर का भ्रमण कर रंग जमाया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रशासक दीपक कुकशाल, सभासद संगीता रावत, प्रदीप असवाल, युद्धवीर सिंह रावत, दिनेश नेगी, व्यापार सभा कोषाध्यक्ष दिलबर भंडारी आदि शामिल रहे।

# नीतीश और राबड़ी में जमकर तकरार, राजद ने किया सदन से वाकआउट



**■ राबड़ी ने कहा–महिलाओं को अपमानित करना मुख्यमंत्री की आदत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के नौवें दिन आज विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच तकरार देखने को मिला। मुख्यमंत्री के बयान से नाराज होकर राबड़ी देवी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तमाम विधान परिषद सदस्य बाहर निकल आए और पोर्टिको के गेट पर धरने पर बैठ गए। मौके पर राबड़ी देवी ने कहा कि महिलाओं को अपमानित करना मुख्यमंत्री की आदत हो गई है। राबड़ी ने सीएम पर कई गंभीर आरोप लगाए ।

राबड़ी देवी ने कहा कि नीतीश कुमार महिलाओं को कुछ से कुछ बोलते रहते हैं। बार-बार महिलाओं को बेइज्जत करते हैं। वह कहते हैं कि 2005 से पहले महिलाएं कपड़े नहीं पहनती थीं। हम पूछना चाहते हैं कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार से कि क्या पहले की महिलाएं बिना कपड़ों के ही रहती थीं? राबड़ी ने कहा कि नीतीश कुमार ने मुझे सदन में दूसरी बार बेइज्जत किया है। हम लोगों के लिए सभी जाति-धर्म की महिलाएं एक समान हैं। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बार-बार महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी भी दूसरी बार सदन में बेइज्जती की है। इसलिए हम लोगों ने तय किया है कि आज सदन के अंदर नहीं जाएंगे। राजद नेता राबड़ी ने कहा कि ललन सिंह, संजय झा, विजय चौधरी और अशोक चौधरी जैसे लोग मुख्यमंत्री का कान फूंकते रहते हैं। नीतीश कुमार असल में भाजपा की गोद में जाकर बैठ गए हैं। इससे पहले आज विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लालू-राबड़ी के शासनकाल का जिक्र करते हुए बोल रहे थे, तभी राजद ने कुछ बातों को लेकर विरोध किया। जिस पर सीएम ने महिलाओं के लिए हमने सबसे ज्यादा काम किया है। ये लोग क्या बोलेंगे, इन लोगों ने (राजद) बिहार के लिए कुछ नहीं किया। पटना में भी कहीं जाने का रास्ता नहीं था, सब हमने बनवाया। इस पर राजद के सदस्यों ने सदन वॉक आउट कर दिया। जब राबड़ी देवी की अगुलाई में वे लोग बाहर निकल रहे थे, तब सीएम ने कहा, 'अब तो भाग गया ना। जब हम बोलते हैं तो भाग गया।

# उत्तराखंड में प्रगति के नए द्वार खोल रही है सौर ऊर्ज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गुप्तकाशी। सौर ऊर्ज़ा योजनाओं के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से ऊर्ज़ा विभाग एवं उरेडा ने विकास भवन सभागार में सौर ऊर्ज़ा कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सौर ऊर्ज़ा के उपयोग को बढ़ावा देना, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्ज़ा अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक भरत चौधरी ने सरकार की योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत भरत भूषण, शुभम रौथाण, गार्गी रावत, सहित अन्य लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लाभार्थियों को 51,000 की आर्थिक सहायता राशि के चेक भी प्रदान किए गए। जिले की दर्शनी देवी द्वारा लगाए गये 200 किलोवाट सौर सयंत्र से हुई आय का 1 लाख 60 का चैक भी प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिससे आम जनता को सस्ती और स्थायी ऊर्ज़ा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा की सौर ऊर्ज़ा से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी और अन्य लाभों का अधिक से अधिक लोगों को फायदा उठाना चाहिए, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में उरेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी राहुल पंत ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सौर ऊर्ज़ा योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सौर ऊर्ज़ा विशेषज्ञ पंकज करगेती ने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को सौर ऊर्ज़ा की उपयोगिता, इसके पर्यावरणीय और आर्थिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्ज़ा न केवल सस्ती और पर्यावरण अनुकूल है, बल्कि यह ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता की ओर भी एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम अपर सचिव ऊर्ज़ा एवं निदेशक उरेडा रंजना राजगुरु के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी अनिता पंवार, ईओ नगर पालिका रुद्रप्रयाग सुनील राणा, डीपीआरओ प्रेम सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## रायपुर में जन सेवा केंद्र में लूट, तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर 3.5 लाख की लूट की

देहरादून। देहरादून के रायपुर क्षेत्र स्थित एक जन सेवा केंद्र में लूट की घटना सामने आई है। स्कूटी पर सवार तीन बदमाशों ने जन सेवा केंद्र में तंमचे के बल पर करीब साढ़े तीन लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना मंगलवार की शाम वाणी विहार स्थित जन सेवा केंद्र में हुई, जब तीन बदमाश स्कूटी पर सवार होकर आए और तमंचा दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। जन सेवा केंद्र के कर्मचारी अरुण पाल से बदमाशों ने न केवल पैसे बल्कि एक मोबाइल फोन भी छीन लिया। इस दौरान बदमाशों ने अरुण पाल के साथ मारपीट भी की।अरुण पाल के भाई मंजीत पाल ने बताया कि बदमाशों ने करीब साढ़े तीन लाख रुपये और एक मोबाइल फोन लूट लिया। बदमाशों का पीछा करते हुए अरुण ने उनकी स्कूटी को रोकने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने स्कूटी को टक्कर मारी।

# जिले के सभी पंचायतों में खराब चापाकलों की होगी मरम्मति

**■ पेयजल संकट से निपटने को लेकर डीएम ने चलंत मरम्मति दल को किया रवाना**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। जिले के ग्रामीण इलाकों मे गर्मी के कारण पेयजल संकट से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका के सौजन्य से गठित चलंत मरम्मत दल को जिलाधिकारी सौरव जोरवाल ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। चलंत मरम्मति दल जिले की सभी पंचायतों में जाकर खराब चापाकलों की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चत करेगी। इसकी जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि फिलहाल गर्मी की आहट देख जिले में चलंत मरम्मति दल गठन किया गया है।जो प्रखंडो के जिन पंचायतों के गांवों में चापाकल खराब होंगे, उन चापाकलों की मरम्मति करेगा, साथ ही अगर अन्य चापाकलों के खराब होने की सूचना प्राप्त होती है,तो वहां भी पहुंच कर खराब चापाकलों को ठीक करेगा, चलंत मरम्मति दल में एक मिस्त्री सहित दो सहायकों को रखा गया है।

## बिहार के भोजपुर में एक ही परिवार के 5 लोगों ने खाया जहर, 3 की मौत 2 की हालत गंभीर

टना। बिहार में भोजपुर जिले के बिहिया थाना के बेलवानीय गांव में बीती रात एक ही परिवार के 5 लोगों के कीटनाशक खाने से तीन लोगों की मौत हो गई, दो की हालत गंभीर है। बिहिया थाने के सब इंस्पेक्टर भगत यादव ने बताया कि बेलवानीया गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों ने कीटनाशक दवा खा ली जिससे तीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह में गए हुए थे तभी इन सभी ने जहर खाया। घटना के बाद घर के बाकी के सदस्य जब शादी समारोह से घर पहुंचे तो दरवाजा खुलवाने लगे लेकिन दरवाजा नहीं खुला।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेन्द्र दुबे
संयोजक
विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश



# चलती बस में हथियार के बल पर पश्चिम बंगाल के व्यापारी से हुए लूट मामले में दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। अररिया नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुसियारगांव के समीप बस में सवार पश्चिम बंगाल के व्यवसायी समरुल शेख से बाइक सवार दो बदमाशों के द्वारा 28 फरवरी को ढाई लाख रुपये के हुए लूटकांड मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है।मामले में पुलिस ने घटना में शामिल दो बदमाशों को दो देशी कट्टा,दो कारतूस,घटना में प्रयुक्त दोनों बाइक,लूट के रकम में से 28 सौ रुपये बरामद किया है।बुधवार को एसपी अंजनी कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि 28 फरवरी की शाम पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला के नौदा के रहने वाले व्यापारी समेरुल शेख पिता कियामत शेख से ढाई लाख रुपये की लूट हुई थी।रानीगंज से पैसों की वसूली कर बस से जा रहे थे। दो बाइक से पीछा कर अज्ञात बदमाशों ने कुसियारगांव के समीप बस में सवार होकर व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम दिया था। लूट को लेकर अररिया थाना में मामला दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि कांड में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं लूटे गए रुपये की बरामदगी के लिए एसडीपीओ रामपुकार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी की टीम ने नगर परिषद के द्वारा लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज के साथ तकनीकी अनुसंधान के आधार पर इस घटना में शामिल 35 वर्षीय मो. शमशुल पिता मो. जलील और 25 वर्षीय मो. हसाम पिता- मो. मामूल को गिरफ्तार किया।दोनों सुपौल के जदिया थाना क्षेत्र के फुलकाहा का रहने वाला है।गिरफ्तार बदमाशों के पास से दो देसी कट्टा,दो कारतूस के साथ घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और लूट की रकम में से-26 सौ रुपया बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। घटना में शामिल अन्य बदमाशों की शिनाख्त की बात करते हुए एसपी ने गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने की बात कही।

## उभरती सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले वायु सेना की क्षमता बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भू-रणनीतिक परिदृश्य में उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता वृद्धि की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए तीनों सेनाओं के बीच एकीकृत प्रशिक्षण और परिचालन तालमेल को आवश्यकता बताया। उन्होंने सुरक्षा खतरों के लिए तेजी से क्षमता वृद्धि, संयुक्त कौशल और अनुकूल रणनीतियों पर जोर दिया। एयर चीफ मार्शल बुधवार को रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी), वेलिंगटन में स्थायी संकाय के साथ 80वें स्टाफ कोर्स में भाग लेने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के छात्र अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दो दिवसीय डीएसएससी के दौरे के आखिरी दिन अपने संबोधन में कोर्स अधिकारियों से बदलाव को अपनाने, उभरते खतरों का गंभीरता से आकलन करने और भविष्य के संघर्षों के लिए अनुकूल रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। उनकी इस यात्रा ने एकीकृत संचालन और भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व के लिए भारतीय वायु सेना की प्रतिबद्धता को पुष्ट किया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने संयुक्त कौशल के महत्व पर जोर देते हुए भारतीय वायु सेना की चल रही क्षमता विकास पहलों और आधुनिक युद्ध में एकीकृत संचालन के महत्व को रणनीतिक परिप्रेक्ष्य में बताया। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा में भारतीय वायु सेना कर्मियों की उपलब्धियों, लचीलेपन और अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063